| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Nai duniya | Indore | 1.08.2023 | 03 | कर्ज से होगी मेट्रो रेल की राह आसान, न्यू डेवलपमें बैंक से मिले 1600 करोड रुपए | Neutral |




# कर्ज से होगी मेट्रो रेल की राह आसान, न्यू डेवलपमेंट बैंक से मिले 1600 करोड़ रुपये

सत्य प्रकाश सिंह ● इंदौर

- अभी तक केंद्र व राज्य सरकार द्वारा दिए गए अंशदान से हो रहा निर्माण
- एशियन डेवलपमेंट बैंक से भी ऋण लेने की भी तैयारी

इंदौर मेट्रो रेलवे को न्यू डेवलपमेंट बैंक से 1600 करोड़ रुपये ऋण मिल गया है। अब इस राशि से मेट्रो के निर्माण की राह आसान होगी। इंदौर में मेट्रो के एलिवेटेड हिस्से में न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) से ऋण लेने की प्रक्रिया लंबे समय से चल रही थी। 10 जुलाई को एनडीबी के प्रतिनिधियों ने ऋण स्वीकृति संबंधित दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। एनडीबी से ऋण के रूप में 1600 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें से इंदौर मेट्रो के लिए जैसे जैसे जरूरत होगी, उपयोग किया जा सकेगा। इससे इंदौर मेट्रो के लिए कोच खरीदी की प्रक्रिया व एलिवेटेड हिस्से में निर्माण कार्य की राह आसान होगी।

इंदौर में मेट्रो रेल परियोजना के काम के लिए 3200 करोड़ रुपये की दरकार है। इसमें से एनडीबी द्वारा 1600 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत हो जाने के बाद अब मेट्रो के भूमिगत भाग में एशियन डेवलपमेंट बैंक से 1600 करोड़ रुपये का ऋण मिलने का भी इंतजार किया जा रहा है। अभी तक इंदौर में मेट्रो निर्माण के लिए अभी तक केंद्र व राज्य सरकार द्वारा 20-20 प्रतिशत राशि इक्विटी के रूप में मिली है। अभी इसी से निर्माण कार्य हो रहा है।



न्यू डेवलपमेंट बैंक द्वारा मिली 1600 करोड़ रुपये की राशि में से करीब 350 करोड़ रुपये मेट्रो के ओवरहेड वाले हिस्से के निर्माण पर खर्च होंगे। इन दिनों विजयनगर चौराहे पर मेट्रो का निर्माण कार्य तेज गति से जारी है। ● नईदुनिया

## 1600 करोड़ रुपये का ऋण मिलना शेष

### जनवरी तक मिलेगी राशि

इंदौर मेट्रो के लिए न्यू डेवलपमेंट बैंक से 1600 करोड़ रुपये की राशि ऋण के रूप में मिलने के बाद अब भूमिगत भाग के निर्माण के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) से 1600 करोड़ रुपये का ऋण मिलना शेष है। पिछले दिनों एडीबी के अधिकारियों ने इंदौर में मेट्रो के भूमिगत भाग का सर्वे किया था। इस मार्ग पर अलाइनमेंट व अन्य कार्य होना शेष है। संभावना है कि जनवरी 2024 तक एशियन डेवलपमेंट बैंक के साथ ऋण स्वीकृति के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर हो सकेंगे।

## 75 कोचों की खरीदी पर खर्च होंगे 700 करोड़

इंदौर मेट्रो को न्यू डेवलपमेंट बैंक से ऋण के रूप में स्वीकृत हुए 1600 करोड़ रुपये में से 550 करोड़ रुपये पावर सप्लाई, सिग्नलिंग, रास स्टेशन के निर्माण पर खर्च होंगे। वहीं ऋण की राशि में से 700 करोड़ रुपये से इंदौर में मेट्रो के लिए 75 कोच खरीदे जाएंगे। उल्लेखनीय है कि इंदौर में 25 सेट ट्रेनों का संचालन होगा। एक सेट में तीन कोच होंगे। ऋण राशि में से 350 करोड़ रुपये मेट्रो के एलिवेटेड हिस्से के निर्माण व अन्य कार्यों पर खर्च होंगे। इंदौर में सितंबर में होने वाले ट्रायल रन के लिए 3 कोच जल्द ही इंदौर पहुंचेंगे। ऐसे में इन तीन कोचों के लिए इंदौर मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि. कंपनी एनडीबी से मिले ऋण की राशि में से 27 करोड़ रुपये खर्च करेगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02 | पीपल्स समाचार | भोपाल/इंदौर | 03.08.2023 | 1 | अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली से लैस होगी मेट्रो, संदिगध के कैमरा के संपर्क मे आते ही शुरू होगा अलार्म बजना | Neutral |

पीपुल्स समाचार

इंदौर सिटी




- मेट्रो के हर कोच और स्टेशन के साथ अन्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इनमें कैप्चर होने वाले वीडियो से संदिग्ध व्यक्ति का चेहरा मिलान कर वीडियो एनालिटिक्स सिस्टम के जरिए उसकी पहचान की जाएगी।
- भोपाल और इंदौर में 14 हजार करोड़ रुपए की लागत वाली परियोजना का ट्रायल प्रॉयोरिटी बेस पर करने की तैयारी है।

# अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली से लैस होगी मेट्रो, संदिग्ध के कैमरे के संपर्क में आते ही शुरू होगा अलार्म बजना

## सीएम के इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का काम भोपाल, इंदौर में तेजी से जारी, सितंबर में ट्रायल रन

पीपुल्स ब्यूरो • भोपाल
मो.नं. 9644644460




प्रदेश में मेट्रो ट्रेन की सुविधा बहुत जल्द शुरू होने जा रही है। यह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। संभावना है कि भोपाल और इंदौर में अगले माह सितंबर में मेट्रो का ट्रायल रन शुरू होगा। मेट्रो को अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली से लैस किया जाएगा। जैसे ही कोई अपराधी कैमरे की नजर में आएगा, वैसे ही अलार्म बजना शुरू हो जाएगा। इस पूरे सिस्टम को मेट्रो के सेंट्रल सर्वर से जोड़ा जाएगा। मेट्रो में अनअटेंडेड ऑब्जेक्ट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम, डिरेलमेंट डिटेक्शन सिस्टम रहेगा। ट्रेन के संचालन के लिए इनबिल्ट साइबर सिक्योरिटी सिस्टम का भी इस्तेमाल होगा। मेट्रो के हर कोच और स्टेशन के साथ अन्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इनमें कैप्चर वीडियो से संदिग्ध व्यक्ति का चेहरा मिलान कर वीडियो एनालिटिक्स सिस्टम के जरिए उसकी पहचान की जाएगी।

**एलिवेटेड पुल के डिजाइन का कार्य अंतिम चरण में :** भोपाल में 6.225 किमी एलिवेटेड पुल (वायडक्ट) के डिजाइन तथा निर्माण का काम लगभग 93 प्रतिशत पूरा हो चुका है। वहीं, इंदौर में एलिवेटेड पुल की डिजाइन तथा निर्माण की लंबाई 17.2 किलोमीटर है। पहले चरण में भोपाल में करीब 30.95 किमी (ऑरेंज लाइन तथा ब्लू लाइन) और इंदौर में लगभग 31.5 किमी (यलो लाइन) पर निर्माण कार्य तेजी से जारी है। 14 हजार करोड़ की लागत वाली इस परियोजना का ट्रायल प्रॉयोरिटी बेस पर किया जाएगा।

### उपलब्धियां ये भी

**भोपाल में बनेंगे 8 स्टेशन :** भोपाल में एम्स से सुभाष नगर अंडरब्रिज तक 8 स्टेशन- एम्स, अलकापुरी, डीआरएम ऑफिस, रानी कमलापति स्टेशन, एमपी नगर, बोर्ड ऑफिस, केंद्रीय विद्यालय और सुभाष नगर में बन रहे हैं। स्टेशन 100 मीटर लंबा और 14 मीटर चौड़ा होगा। यात्रियों को इंटरनेट सहित अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। सुभाष नगर अंडरब्रिज के पास स्टड फॉर्म की 26.41 हेक्टेयर जमीन पर डिपो बनाया जा रहा है।

**इंदौर मेट्रो ट्रेन प्रॉयोरिटी कॉरिडोर :** इंदौर मेट्रो ट्रेन प्रॉयोरिटी कॉरिडोर में गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर-3 तक का काम तेजी से जारी है। गांधी नगर में लगभग 30 हेक्टेयर में रिंग लाइन के तहत मेट्रो का संचालन होगा। प्रॉयोरिटी कॉरिडोर के तहत भोपाल में 5.0 किमी एवं इंदौर में गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर 03 तक लगभग 6.3 किमी पर ट्रायल रन के मद्देनजर निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।

**भोपाल में 1,921 मीट्रिक टन पटरी की सप्लाई :** भोपाल में 1,921 और इंदौर में 2,700 मीट्रिक टन पटरी की सप्लाई हो चुकी है। वायडक्ट में बलास्टलेस ट्रैक/पटरी बिछाने का कार्य भोपाल में लगभग 3.5 किमी और इंदौर में 45 किमी पूरा हो चुका है। अब तक भोपाल डिपो टेस्ट ट्रैक में लगभग 148 मीटर तथा इंदौर डिपो टेस्ट ट्रैक में लगभग 1.5 किमी पटरी बिछाई जा चुकी है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 03 | राज एक्सप्रेस | भोपाल/इंदौर | 03.08.2023 | 4 | मेट्रो की तर्ज पर होंगे विकास कार्य: शर्मा | Neutral |

[redacted]



भूमि-पूजन सीएम की घोषणा पर अमल, फंदा में खुलेगा सरकारी कॉलेज

# मेट्रो की तर्ज पर होंगे विकास कार्यः शर्मा

संत हिरदाराम नगर (आरएनएन)। इसे चुनाव की निकटता कहा जाए या मुख्यमंत्री के तीखे तेवर लेकिन सीएम की घोषणाओं पर अमल होने लगा है। यहां उन्होंने 20 फरवरी को संत हिरदाराम नगर के दशहरा मैदान पर हेमू कालानी की प्रतिमा का अनावरण करते हुए फाटक रोड पर रेलवे ओवर ब्रिज की आधार शिला रखी और इसका 50 फीसदी काम पूरा भी हो गया है, वहीं सरकारी कालेज की हुई घोषणा पर भी अमल हो गया है। रामेश्वर शर्मा ने मंगलवार को हुजूर के फंदा में शासकीय कॉलेज का शुभारंभ किया।

## वर्षों से की जा रही थी मांग

दरअसल फंदा में कॉलेज न होने के कारण युवाओं विशेषकर लड़कियों को स्कूल पढ़ाई खत्म होने के बाद अन्य क्षेत्रों में केवल पढ़ाई के लिए मशक्कत करनी पड़ती थी, जिसके चलते क्षेत्रवासियों की वर्षों से मांग थी कि फंदा में स्थानीय स्तर पर शासकीय महाविद्यालय का निर्माण हो। फंदा वासियों की जरूरत को देखते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने संत नगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से कॉलेज खोले जाने का आग्रह किया था, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने उसी मंच से कॉलेज खोले जाने की घोषणा की थी।



मुख्यमंत्री की घोषणा पर तत्काल कार्य प्रारंभ कर कॉलेज की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी, जिसके अनुरूप इस सत्र में ही विधायक रामेश्वर शर्मा ने कॉलेज का शुभारंभ किया है।

### आज मेरा संकल्प हो गया पूरा

फंदा में कॉलेज शुभारंभ अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से हुजूर में मेट्रो सिटी की तर्ज पर विकास किया जा रहा है। विकास के साथ हमारे युवाओं की उन्नति का मार्ग भी प्रशस्त हो इसके लिए मैं सदैव प्रयासरत रहता हूं। फंदा क्षेत्र में अनेकों विकास कार्य किए गए, लेकिन इस क्षेत्र में कॉलेज खुलवाने की मेरी हार्दिक इच्छा थी, आज कॉलेज का शुभारंभ कर मेरा वह संकल्प पूरा हो गया है। इस कॉलेज से पढ़कर जब क्षेत्र के युवा प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करेंगे तब मेरे हुजूर का स्वाभिमान बढ़ेगा। युवाओं की उन्नति मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश शर्मा, जनपद अध्यक्ष प्रमोद राजपूत, मंडल अध्यक्ष सचिन मेवाड़ा, सरपंच [illegible] चौकसे, दिनेश पटेल, बालकृष्ण शर्मा, भगवत परिहार, मधु महाजन, दिनेश खंडेलवाल, प्रेम सिंह किलोडिया, नरेंद्र प्रसाद वर्मा, अनूप मेवाड़ा, ओम प्रकाश चौहान सहित अन्य उपस्थित थे।

[redacted]

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04 | FREE PRESS | INDORE | 03.08.2023 | 2 | Ultra-modern telecom tech to give safe & secure riding experience to Metro users | Neutral |


# INDORE CITY

Pg-02

www.freepressjournal.in INDORE | THURSDAY | AUGUST 3, 2023


## Ultra-modern telecom tech to give safe & secure riding experience to Metro users


ARSH RAFIK VISAAL
city.indore@fpj.co.in


The Indore Metro will have telecom system which will be a combination of various major telecom sub-systems.

"To ensure the safe, secure, reliable and comfortable transportation of a large number of passengers, the Metro Rail service incorporates state-of-the-art telecom technology. This technology guarantees smooth, secure and comfortable journey for commuters," said officials.

It will include CCTV system, time distribution system, passenger information display system, public address system, telephone system, Emergency Help Point System, voice recording system, access control and intrusion detection system, video transmission system and tetra radio communication system.

**CCTV System**

CCTV system is used for video surveillance for Stations, Operation Control Centers (OCC), Depot and Backup Control Center (BCC) to ensure proper security at Metro Rail premises. CCTV system will be end to end IP based and can be monitored from station level as well as from central level (OCC & BCC).

**Time Distribution System (TDS)**

TDS system is used to display the time over slave clocks installed at stations, OCC, BCC and depot getting the time signal from the master clock located at OCC & BCC.

**Passenger Information Display System (PIDS)**

The PIDS is used to display the time of day and other appropriate pre- determined, fixed, pre-formatted messages and free-entry text messages regarding normal train operation, safety, train delays and emergencies, etc.

**Public Address System (PAS)**

PAS and PIDS are integrated system controlled and monitored from common HMI/ workstation. The PAS is used to broadcast the voice messages to passengers & staffs on all stations and to staff in the depot, OCC and BCC.

**Telephone System**

Telephone system is used for internal communication between staff within OCC, BCC, Depot and Stations.

**Emergency Help Point System (EHPS)**

Emergency Help Point System is IP based solution for passengers and staff to seek assistance during abnormal conditions at elevated, underground station and tunnel sections.

**Voice Recording System (VRS)**

VRS is IP based recording system used to record specific conversations from Telephony, EHPS, PAS and TETRA Radio system.

**Access Control and Intrusion Detection System (ACIDS)**

ACIDS shall be used for secured access to all identified important rooms and detect intrusion in the Metro Premises. This will be interfaced with CCTV for automatic pop-up of camera view at CCTV HMI in case of access breach or intrusion.

**Video Transmission System (VTS)**

VTS is used to provide wireless and seamless video transmission network with connectivity between on-board train cameras and VTS workstations.

**Tetra Radio Communication System**

The Tetra/Radio system is used for track side and on-board wireless communication between driver and other Indore staff.

MPMETRO

METRO NEWS

04th AUGUST,2023


| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 05 | पत्रिका | इंदौर | 04.08.2023 | 3 | कान्ह नदी के नीचे से होकर गुजरेगी हमारी मेट्रो ट्रेन | Neutral |

पत्रिका

व सृष्टु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 15 | अंक 306 | पृष्ठ 16+4=20 | मूल्य 5.00 | इंदौर, शुक्रवार, 04 अगस्त, 2023 | द्वितीय श्रावण कृष्ण पक्ष तृतीया, संवत् 2080

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

पत्रिका



फाइल फोटो



कान्ह किनारे मिट्टी का परीक्षण करती हुई टीम।

**वर्क इन प्रोग्रेस :** 150 फीट नीचे होगा अंडरग्राउंड ट्रैक, जयपुर की कंपनी ने शुरू की मिट्टी की जांच, निगम मुख्यालय पर रहेगा मेट्रो का स्टेशन

# कान्ह नदी के नीचे से होकर गुजरेगी हमारी मेट्रो ट्रेन

मेट्रो ट्रेन इस तरह निगम मुख्यालय के सामने से अंडर ग्राउंड ट्रैक में से होते हुए कान्ह नदी के नीचे से जाएगी।

इंदौर @ पत्रिका. मेट्रो के लिए ट्रैक बिछाने का काम तेजी से चलने के साथ तीसरे चरण का काम भी शुरू हो गया है। अंडरग्राउंड ट्रैक के लिए जयपुर की कंपनी ने मिट्टी की जांच शुरू कर दी है। नगर निगम से कान्ह नदी के नीचे से मेट्रो ट्रेन राजवाड़ा होते हुए छोटा गणपति, मल्हारगंज जाएगी। करीब डेढ़ सौ फीट नीचे से ट्रैक गुजरेगा। इसी आधार पर कार्य किया जा रहा है।

एमजी रोड पर शॉपिंग मॉल के पास से ट्रैक को अंडरग्राउंड किया जाएगा। 1500 करोड़ से ज्यादा में ये ट्रैक बनाया जाएगा। इसके लिए टेंडर दस्तावेज बनाए जा रहे हैं। पिछले दिनों एडीबी की टीम दौरा कर चुकी है। मेट्रो ने ट्रैक के लिए मिट्टी परीक्षण का जिम्मा जयपुर की रिसर्च कंपनी को सौंप दिया है।



## चार जगह परीक्षण शुरू

टीम ने निगम मुख्यालय के सामने मुख्य सड़क, कान्ह किनारे से लेकर राम बाग की ओर चार जगह मिट्टी परीक्षण शुरू किया है। निगम मुख्यालय पर मेट्रो स्टेशन रहेगा। इसके बाद कान्ह नदी के नीचे से ट्रैक आगे बढ़कर राम बाग होते हुए छोटा गणपति, मल्हारगंज जाएगा। छोटा गणपति, मल्हारगंज में स्टेशन बनेगा। इसके बाद अगला स्टेशन बड़ा गणपति, रामचंद्र नगर चौराहा, कलानी नगर व एयरपोर्ट पर होगा।

Date: 04/08/2023, Edition: Indore City, Page: 3

Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 06 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 04.08.2023 | J4 | मेट्रो के अन्डरग्राउन्ड ट्रैक के लिए मिट्टी परीक्षण शुरू हुआ | Neutral |

दैनिक भास्कर
इंदौर 04-08-2023
Pg-J4

# मेट्रो के अंडरग्राउंड ट्रैक के लिए मिट्टी परीक्षण शुरू हुआ

## नगर निगम के सामने जियो टेक्नीकल सर्वे होगा

भास्कर संवाददाता | इंदौर

सितंबर में सुपर कॉरिडोर पर मेट्रो ट्रेन के ट्रायल रन से पहले मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने रिंग रूट को पूरा करने की तैयारी भी शुरू कर दी है। एमजी रोड पर रीगल के पास से एयरपोर्ट तक अंडरग्राउंड ट्रैक का काम भी जल्द शुरू होने के संकेत मिलने लगे हैं। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने अंडरग्राउंड ट्रैक के लिए जियो टेक्निकल सर्वे व मिट्टी परीक्षण का काम शुरू कर दिया है। इसके लिए नगर निगम कार्यालय के अंदर और गेट के बाहर इसे शुरू किया है।

कॉरपोरेशन जीएम के अनुसार ट्रैक का अलाइनमेंट तय कर लिया है। मेट्रो हाई कोर्ट के ठीक पहले एमजी रोड से अंडरग्राउंड होगी। यहां से रेलवे स्टेशन, नगर निगम होते हुए बड़ा गणपति होकर एयरपोर्ट रोड के नीचे से अंडरग्राउंड रहते हुए एयरपोर्ट के सामने एलिवेटेड ट्रैक पर आएगी। जमीन से करीब 70 फीट नीचे ट्रैक का निर्माण होगा। इसके लिए जियो टेक्निकल सर्वे हो रहा है।



**8** किमी का होगा लगभग अंडरग्राउंड ट्रैक हाई कोर्ट से एयरपोर्ट तक

**7** स्टेशन आएंगे इस रूट पर

### यह होता है जियो टेक्निकल सर्वे

यह देखा जाता है कि जमीन के नीचे का स्ट्रक्चर कैसा है? मिट्टी कितनी नीचे तक है, पत्थर की परत है या मुरमनुमा जमीन है। इसकी रिपोर्ट के आधार पर इसकी कास्टिंग होकर टेंडर तैयार होगा।

MPMETRO

METRO NEWS

05th AUGUST,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 07 | पत्रिका | भोपाल/मध्य प्रदेश | 05.08.2023 | 4 | इंदौर मे कान्ह नदी के नीचे से होकर गुजरेगी हमारी मेट्रो ट्रेन | Neutral |

पत्रिका





**वर्क इन प्रोग्रेस**: 150 फीट नीचे अंडरग्राउंड ट्रैक, जयपुर की कंपनी ने शुरू की मिट्टी की जांच

# इंदौर में कान्ह नदी के नीचे से गुजरेगी मेट्रो

मेट्रो ट्रेन इस तरह निगम मुख्यालय के सामने से अंडर ग्राउंड ट्रैक से होकर कान्ह नदी के नीचे से जाएगी।

**इंदौर @ पत्रिका.** मेट्रो के लिए ट्रैक बिछाने का काम तेजी से चल रहा है। तीसरे चरण का काम भी शुरू हो गया है। अंडरग्राउंड ट्रैक के लिए जयपुर की कंपनी ने मिट्टी की जांच शुरू कर दी है। नगर निगम से कान्ह नदी के नीचे से मेट्रो ट्रेन रामबाग होते हुए छोटा गणपति, मल्हारगंज जाएगी। करीब 150 फीट नीचे से ट्रैक गुजरेगा। इसी आधार पर सर्वे किया जा रहा है। एमजी रोड पर शॉपिंग मॉल के पास से ट्रैक को अंडरग्राउंड किया जाएगा। 1500 करोड़ से ज्यादा में ये ट्रैक बनाया जाएगा। इसके लिए टेंडर दस्तावेज बनाए जा रहे हैं। पिछले दिनों एडीबी की टीम दौरा कर चुकी है। मेट्रो ने ट्रैक के लिए मिट्टी परीक्षण का जिम्मा जयपुर की

**4 जगह परीक्षण शुरू**

**टीम** ने निगम मुख्यालय के सामने मुख्य सड़क, कान्ह किनारे से लेकर रामबाग की ओर चार जगह मिट्टी परीक्षण शुरू किया है। निगम मुख्यालय पर मेट्रो स्टेशन रहेगा। इसके बाद कान्ह नदी के नीचे से ट्रैक आगे बढ़कर रामबाग होकर छोटा गणपति, मल्हारगंज जाएगा। छोटा गणपति, मल्हारगंज, गणपति, रामचंद्र नगर चौराहा, कालानी नगर, एयरपोर्ट स्टेशन होगा।

Date: 05/08/2023, Edition: Bhopal, Page: 10
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 08 | प्रदेश टुडे | इंदौर | 05.08.2023 | 8 | कान्ह नदी के नीचे से गुजरेगी मेट्रो ट्रेन | Neutral |





# कान्ह नदी के नीचे से गुजरेगी मेट्रो ट्रेन

इंदौर। मेट्रो की पटरी बिछाने का काम तेजी से चलने के साथ तीसरे चरण का काम भी शुरू हो गया है। अंडरग्राउंड ट्रैक के लिए मिट्टी की जांच जयपुर की कंपनी ने शुरू कर दी है। नगर निगम से कान्ह नदी के नीचे से मेट्रो ट्रेन राम बाग होते हुए छोटा गणपति, मल्हारगंज जाएगी। करीब डेढ़ सौ फीट नीचे से ट्रैक गुजरेगा। इसी आधार पर सर्वे किया जा रहा है। तीसरे चरण में एमजी रोड पर शॉपिंग मॉल के पास से ट्रैक को अंडरग्राउंड किया जाएगा। करीब 1500 करोड़ से ज्यादा में अंडरग्राउंड ट्रैक बनाया जाएगा। इसके लिए टेंडर दस्तावेज बनाए जा रहे हैं। पिछले दिनों एडीबी की टीम यहां का दौरा कर चुकी है। मेट्रो ने अंडरग्राउंड ट्रैक के लिए मिट्टी परीक्षण का जिम्मा जयपुर की रिसर्च कंपनी को सौंप दिया है। कंपनी की टीम ने नगर निगम मुख्यालय के सामने मुख्य सड़क, कान्ह नदी किनारे से लेकर राम बाग की ओर चार जगह मिट्टी का परीक्षण शुरू किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि निगम मुख्यालय पर मेट्रो का स्टेशन रहेगा। इसके बाद कान्ह नदी के नीचे से ट्रैक आगे बढ़कर राम बाग होते हुए छोटा गणपति, मल्हारगंज जाएगा। मिट्टी की जांच जयपुर की लैब में होगी। छोटा गणपति, मल्हारगंज में स्टेशन बनेगा। इसके बाद अगला स्टेशन बड़ा गणपति, रामचंद्र नगर चौराहा, कालानी नगर व एयरपोर्ट पर होगा। एमजी रोड से ट्रैक को थोड़ा टर्न लेकर अंडरग्राउंड आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि राजबाड़ा व उसके आसपास के इलाके प्रभावित न हों। उधर, मेट्रो के दूसरे चरण यानी रोबोट चौराहे से पलासिया तक के टेंडर की अंतिम तारीख निकल गई है, जल्द ही ठेका देकर काम शुरू करने की तैयारी है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 09 | पत्रिका | इंदौर | 06 .08.2023 | 06 | राजधानी के मेट्रो के लिए बिछी पटरी | Neutral |



## राजधानी की मेट्रो के लिए बिछी पटरी



**भोपाल @ पत्रिका.** रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 की तरफ मेट्रो रेलवे स्टेशन और पीडब्ल्यूडी का ब्रिज तैयार हो गया है। मेट्रो स्टेशन का शेड बनना अभी बाकी है, लेकिन पटरी बिछाने का काम शुरू हो गया है।

**ट्रायल की उल्टी गिनती शुरू**

रानी कमलापति से सुभाष ब्रिज तक मेट्रो का काम पूरा करने की तैयारी है। ट्रायल की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। बताते हैं, चुनाव से पहले पीडब्ल्यूडी का ब्रिज जनता के लिए खोला जा सकता है।

MPMETRO

METRO NEWS

07th AUGUST,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | पत्रिका | इंदौर | 07.08.2023 | 3 | अभी ट्राली से ट्रायल, 5 सितंबर को ट्रैक पर कोच दौड़ते देख सकें | Neutral |



INDOREPRIME

# इंदौर प्राइम

फोटो- रवींद्र मौर्य

#MetroTrain: सवा चार किमी हिस्से में बिछी पटरी, इलेक्ट्रिफिकेशन की तीसरी पटरी भी साथ, स्टेशन भी बनने की ओर

# अभी ट्रॉली से ट्रायल, 5 सितंबर को ट्रैक पर कोच दौड़ते देख सकेंगे आप

patrika.com

इंदौर. आपको जल्द ही मेट्रो ट्रेन के कोच पटरी पर दौड़ते नजर आएंगे। मेट्रो ट्रेन की पटरी डालने का काम तेजी से चल रहा है। गांधी नगर हिस्से में पटरी डालने का काम लगभग पूरा हो गया है। ट्रैक पर सवा 4 किमी पटरी बिछाई जा चुकी है। इसके साथ ही इलेक्ट्रिफिकेशन की तीसरी पटरी भी बिछ गई है। अभी इंजीनियर्स की टीम ट्रॉली के जरिए ट्रायल कर रही है। इसी माह मेट्रो कोच आ जाएगा। 5 सितंबर को मेट्रो कोच के साथ ट्रायल की तैयारी है। ट्रैक के साथ 4 स्टेशन का काम चल रहा है। एक स्टेशन का मूल स्वरूप भी दिखने लगा है।

## पटरी बिछाने का काम तेज

## ट्रैक के साथ ही इलेक्ट्रिफिकेशन पटरी भी

## एक हिस्से में तेजी, दूसरे में काम बहुत कम

इस तरह होगा स्टेशन

## दूसरे फ्लोर पर प्लेटफॉर्म, लिफ्ट व एस्केलेटर

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | Free Press | Indore | 07.08.2023 | 02 | Getting Ready For The Metro Trial Run | Neutral |

INDORE CITY

www.freepressjournal.in INDORE | MONDAY | AUGUST 7, 2023



# GETTING READY FOR THE METRO TRIAL RUN



While the engines of Indore Metro are still awaited, construction agencies are burning the midnight oil to ready the tracks for the trial run which is scheduled this September. Chief Minister Shivraj Singh Chauhan had announced that Indore will see Metro moving on the tracks ahead of Assembly election. In a poll bound Madhya Pradesh, the government is trying to start Metro in Indore and Bhopal. PHOTO BY ANAND SHIVRE

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | नई दुनिया | इंदौर | 08.08.2023 | 02 | मेट्रो स्टेशन के सुपर स्ट्रक्चर का काम शुरू | Neutral |



## एक नजर में

### मेट्रो स्टेशन के सुपर स्ट्रक्चर का काम शुरू

**इंदौर।** सितंबर तक मेट्रो का ट्रायल रन गांधीनगर डिपो से सुपर कारिडोर तक 5.9 किलोमीटर हिस्से पर किया जाना है। इस हिस्से में मेट्रो के तीन स्टेशनों के सुपर स्ट्रक्चर इरक्शन का काम शुरू हो गया है। मेट्रो के आधारभूत स्ट्रक्चर के बाद स्टेशन की छत प्री फेब्रिकेटेड मटेरियल से तैयार होना है। **-नप्र**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | प्रजातन्त्र | इंदौर | 08.08.2023 | 02 | ट्रैक पर मेट्रो: 5 से 15 सितंबर के बीच ट्रायल की तैयारी | Neutral |

प्रजातंत्र मंगलवार, 08 अगस्त 2023

## ट्रैक पर मेट्रो : 5 से 15 सितंबर के बीच ट्रायल की तैयारी

# 25 के बाद आएंगे कोच

शैलेंद्र वर्मा, इंदौर

एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने 5.9 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर ट्रायल की तैयारी में तेजी दिखाना शुरू कर दिया है। मेट्रो का एलिवेटेड और ग्राउंड ट्रैक तैयार हो चुका है, पटरिया बिछाने का काम अंतिम दौर में है। मप्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के एमडी मनीष सिंह के अधिकारियों को साफ निर्देश हैं कि वह 31 अगस्त से पहले ट्रायल की सभी तैयारियां पूरी कर लें। अभी वही काम प्राथमिकता से किए जाएंगे, जिनकी जरूरत ट्रायल के दौरान रहेगी जैसे सिविल, इलेक्ट्रिक, सिग्नल, पावर सप्लाई, कंट्रोलिंग सिस्टम आदि। अहम डेवलपमेंट यह है कि इस माह के अंत में मेट्रो ट्रेन का पहला रैक इंदौर पहुंच जाएगा। ट्रायल से पहले बचे हुए काम पूरा करने के लिए एमडी सिंह द्वारा कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए थे। जिसके बाद ठेकेदार कंपनी रेल विकास निगम लिमिटेड ने 6 किमी के रूट पर कर्मचारियों की संख्या 2000 से बढ़ाकर 2400 कर दी है। यह कर्मचारी 24 घंटे लगातार काम कर रहे हैं।

मेट्रो रेल इंदौर के सिविल डीएम अजय कुमार ने बताया कि अभी ट्रायल के लिए बचे हुए सभी जरूरी काम पर फोकस है। प्रायोरिटी कॉरिडोर के काम अंतिम चरण में आ चुके हैं। इस कॉरिडोर पर स्टेशन भी तैयार किए जा चुके हैं। प्लेटफार्म का काम अंतिम चरण में है। प्लेटफार्म और मेट्रो ट्रेन के कोच बराबर रहें, इसका ध्यान रखा जा रहा है। अराइवल- डिपार्चर के दौरान डोर ओपन और क्लोज लिए महत्वपूर्ण होता है। सभी ऐसे स्ट्रक्चर जिनकी जरूरत ट्रायल के दौरान है उनको 31 अगस्त तक बना लिया जाएगा। ट्रायल के लिए सिग्नल नेटवर्क, ट्रेन स्पीड, प्लेटफार्म पर रुकने की स्पीड सहित अन्य काम पूरे किए जाएंगे। ट्रायल रन की शुरुआत 5 से 15 सितंबर के बीच हो सकती है।



### ट्रायल के बाद सीएमआरएस परीक्षण

मेट्रो ट्रेन का यह ट्रायल आगामी 2 से 3 माह तक चलेगा। इस ट्रेन को अलग-अलग मापदंड पर परखा जाएगा। जीएम कुमार ने बताया कि ट्रायल के दौरान स्ट्रेचर पर क्या असर हो रहा है इसको भी मॉनिटर किया जाएगा। तीन माह बाद सीएमआरएस परीक्षण होगा। इस समय ट्रेन संचालन के साथ ही सभी यात्री सुविधाएं भी उपलब्ध होना अनिवार्य है। इंदौर में सीएमआरएस परीक्षण नवंबर या दिसंबर माह में किया जा सकता है। इस परीक्षण के बाद मेट्रो के संचालन की अनुमति मिल सकेगी।

### इंदौर पहुंचने पर ही दिखेगी झलक

मेट्रो ट्रेन के कोच बड़ौदा के पास सांवली में बनाए जा रहे हैं। इंदौर में ये कोच 25 से 31 अगस्त के बीच पहुंचेंगे। तीन अलग-अलग हिस्सों में पूरी तरह से कवर्ड होंगे। मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन के अनुसार इनकी पहली झलक इंदौर आने के बाद ही मिलेगी। कोच निर्माण करने वाली कंपनी एल्सटॉम की पालिसी अनुसार कोच निर्माण का कोई भी फोटो वीडियो शेयर नहीं होगा। कोच को इंदौर लाकर जोड़ा जाएगा और एसेसरीज असेंबल की जाएगी।

> 31 अगस्त तक इंदौर में मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर ट्रायल की तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। 25 से 31 अगस्त के बीच ट्रायल के लिए मेट्रो कोच इंदौर पहुंच जाएंगे। मेट्रो रेल कारपोरेशन की ओर से कोच बनाने वाली कंपनी को इसी महीने में ट्रेन की डिलीवरी करने के लिए निर्देश दिए हैं। मेट्रो ट्रायल के लिए लगभग सब तय है, सितंबर में ट्रायल हो जाएगा।
>
> **मनीष सिंह,** एमडी
> मप्र मेट्रो रेल कारपोरेशन

MPMETRO

METRO NEWS

09th AUGUST,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 09.08.2023 | 5 | मेट्रो का सुपर प्रायोरिटी कारिडोर: सिविल वर्क पूरा, सितंबर मे ट्रायल, नियमित सवारी के लिए अगले साल तक होगा इंतज़ार | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 09-08-2023 Pg-05


डिज़ाइन व ड्राइंग तैयार, लेकिन मेट्रो के स्टेशनों को पूरी तरह तैयार होने में अभी वक्त लगेगा, एंट्री व एग्जिट का काम चल रहा

# मेट्रो का सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर : सिविल वर्क पूरा, सितंबर में ट्रायल, नियमित सवारी के लिए अगले साल तक करना होगा इंतजार

भास्कर संवाददाता | इंदौर

मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन 17.5 किमी के एलिवेटेड कॉरिडोर पर काम कर रहा है। इसमें से 5.9 किमी के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर सिविल वर्क पूरा हो चुका है। यह वही हिस्सा है, जहां सितंबर तक सरकार मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन करना चाहती है। 1200 से अधिक पियर्स पर खड़े एलिवेटेड कॉरिडोर का सिविल वर्क पूरा हो चुका है। हालांकि छिटपुट कई काम बचे हैं। चूंकि अभी कमर्शियल उपयोग नहीं होगा, सिर्फ ट्रायल होगा, इसलिए साज-सज्जा पर भी उतना ध्यान नहीं दिया जा रहा। स्टेशनों की डिजाइन व ड्राइंग तैयार है, लेकिन मेट्रो के स्टेशनों को पूरी तरह तैयार होने में अभी वक्त लगेगा।

सरकार ने सितंबर 2023 डेडलाइन तय की है। इसीलिए छुट्टी के दिन भी काम किया जा रहा है। श्रमिकों की संख्या बढ़ा दी गई है। हालांकि गांधी नगर से लेकर 5.9 किमी यानी टीसीएस चौराहे तक ट्रायल होगा।



अंडरग्राउंड स्टेशन का डिजाइन ऐसा होगा।

आमजन के लिए कमर्शियल उपयोग के लिए इसे अभी शुरू नहीं किया जा रहा है। यानी मेट्रो में नियमित सफर करने के लिए लोगों को अगले साल तक इंतजार करना होगा। मेट्रो स्टेशन पर पीईबी स्ट्रक्चर को बनाने में अधिक समय लगना तय है। स्टेशन, क्रॉस रनर, इलेक्ट्रिसिटी, फ्लोरिंग, सीढ़ियां और लिफ्ट सहित कई काम बचे हैं।



सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर

## 10% पटरी बिछना बाकी

- 5.9 किमी में से 90 प्रतिशत पटरियां बिछाई जा चुकी हैं। 5 स्टेशनों का काम चल रहा है।
- क्रॉस ओवर बनना है। यह काम अब शुरू होगा। क्रॉस ओवर में ट्रेन एक पटरी से दूसरी पटरी पर जाती है।
- वाया डक्ट का काम हो गया है। स्टेशन पर फ्लोरिंग का काम होना बाकी है।
- स्टेशनों की सीढ़ियां और लिफ्ट का काम शेष है।
- स्टेशन पर एंट्री व एग्जिट का काम चल रहा है।
- पीईबी स्ट्रक्चर का काम भी दो दिन में शुरू होगा। यह नीले रंग का स्ट्रक्चर है, जो स्टेशन के ऊपर छत की तरह होता है। इसी में सबसे ज्यादा समय लगेगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | दबंग दुनिया | इंदौर | 09.08.2023 | 02 | ट्रायल रन के लिए बिछ गई पटरियाँ की संख्या भी बढ़ाई | Neutral |



साढ़े 5 किलोमीटर का प्रायोरिटी कॉरिडोर पर काम अंतिम चरण में

# ट्रायल रन के लिए बिछ गई पटरियां, कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ाई

इंदौर » दबंग रिपोर्टर



विधानसभा चुनाव से पहले मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन लिया जाना है, जिसकी जोर-शोर से तैयारी चल रही है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह लगातार चल रहे कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इंदौर में साढ़े 5 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर सिविल वर्क लगभग पूरा हो गया है और पटरियों को बिछाने का काम तेज गति से चल रहा है। सिग्नलिंग सहित अन्य सुविधाएं भी जुटाई जा रही हैं, ताकि सितम्बर में तय समय पर ट्रायल रन लिया जा सके। यहां तक कि कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ा दी गई है।

वडोदरा में मेट्रो ट्रेन के कोच तैयार हो रहे हैं और ट्रायल रन के लिए संभवतः अगस्त अंत या सितम्बर के पहले हफ्ते में तीन कोच की एक ट्रेन इंदौर पहुंच जाएगी। मेट्रो स्टेशन की भी ड्राइंग-डिजाइन तय की जा चुकी है, वहीं 75 एकड़ पर सुपर कॉरिडोर पर जो डिपो बन रहा है, उसमें प्रशासनिक भवन सहित अन्य कार्य भी पूरे हो गए और डिपो के अंदर भी ट्रायल रन के चलते पटरियां बिछाने का काम पूरा हो गया है। कॉरिडोर पर भी लगभग 3 किलोमीटर के हिस्से में पटरियां बिछ चुकी हैं। दूसरी तरफ मेट्रो ट्रेन में एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण का ठेका दिलीप बिल्डकॉन के अलावा रेल विकास निगम ने लिया हुआ है। गांधी नगर से लेकर सुपर कॉरिडोर, एमआर-10 होते हुए विजय नगर चौराहा, रेडिसन से रोबोट चौराहा के बीच काम चल रहा है, वहीं गांधी नगर सहित अन्य स्टेशन जो प्रायोरिटी कॉरिडोर में आ रहे हैं, उनके निर्माण को भी तेज गति से अंतिम रूप दिया जा रहा है। दोनों ठेकेदार फर्मों से साइट पर काम कर रहे कर्मचारियों-मजदूरों की संख्या में बढ़ोतरी भी करवाई गई है। अब दो की बजाय ढाई हजार से अधिक मजदूर 24 घंटे अलग-अलग शिफ्टों में काम कर रहे हैं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 09.08.2023 | 05 | कृष्णापुरा छत्री के पास बनेगा मेट्रो का अन्डरग्राउन्ड स्टेशन | Neutral |


पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

इंदौर सिटी Page: 5 August 09, 2023


## 15 दिन चलेगा मिट्टी परीक्षण, फाइनल रिपोर्ट नगरीय प्रशासन विभाग को भेजी जाएगी, अगले माह लेंगे निर्णय

# कृष्णापुरा छत्री के पास बनेगा मेट्रो का अंडरग्राउंड स्टेशन


पीपुल्स संवाददाता • इंदौर

मो.नं. 9926064287




फाइल फोटो

स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड के बहुप्रतीक्षित मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के प्रथम चरण का काम कई स्थानों पर तेज गति से चल रहा है। सुपर कॉरिडोर पर जल्द ही ट्रायल रन भी शुरू किया जाएगा। दूसरे चरण का काम रीगल तिराहा से बड़ा गणपति तक होगा। रीगल तिराहा के आगे कृष्णपुरा छत्री के समीप अंडर ग्राउंड स्टेशन बनाया जाएगा। स्टेशन के लिए प्रोजेक्ट के अधिकारी मिट्टी परीक्षण करेंगे। परीक्षण 15 दिन चलेगा। इसके बाद स्टेशन निर्माण को लेकर फाइनल रिपोर्ट नगरीय प्रशासन विभाग को भेजी जाएगी।

मेट्रो ट्रेन कार्पोरेशन के इंजीनियर अनिल जोशी ने बताया कि सितंबर के प्रथम सप्ताह में सुपर कॉरिडोर स्थित मुख्य स्टेशन पर ट्रेन के तीन कोच पहुंच जाएंगे। यह कोच बिहार के सांवली में तैयार किए जा रहे हैं। कोच 32-32 सीटर वाले होंगे। कोच आने के बाद सुपर कॉरिडोर से टिगरिया बादशाह तक करीब पांच किलोमीटर में ट्रायल रन किया जाएगा। ट्रायल रन की डेडलाइन करीब आने से सारी तैयारियों का खाका रक्षाबंधन के बाद तय होगा, ताकि कोई विसंगति नहीं रहे। इंजीनियर के मुताबिक, विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले सितंबर के दूसरे पखवाड़े में ट्रायल रन का उदघाटन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से कराया जाएगा। बता दें, प्रथम चरण का काम खजराना तक चलेगा। इस रूट पर 5 से अधिक स्टेशन होंगे। सुपर कॉरिडोर से खजराना तक 60 फीसदी काम लगभग पूरा हो गया है। कुछ स्थानों पर स्पॉन के साथ सेगमेंट का काम जल्द प्रारंभ किया जाएगा।

### व्यापारियों को नहीं होगा नुकसान

दूसरे चरण का काम अंडरग्राउंड किया जाएगा। इस दौरान व्यापारियों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं हो, इस पर मेट्रो ट्रेन के अधिकारी, नगरीय प्रशासन विभाग, जनप्रतिनिधि और व्यापारी संगठनों की बीच होगी। इसमें यथोचित हल निकाला जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | अग्निबाण | इंदौर | 08.08.2023 | 07 | ट्रायल रन के लिए बिछ गई पटरियाँ कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ाई | Neutral |

अग्निबाण Page No. 7 Aug 08, 2023 Indore

## इंदौर-भोपाल में सितम्बर माह में होना है ट्रायल रन, इस माह के अंत तक कोच पहुंचने की भी संभावना, साढ़े 5 किलोमीटर का प्रायोरिटी कॉरिडोर पर काम अंतिम चरण में

# ट्रायल रन के लिए बिछ गईं पटरियां कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ाई

इंदौर।

**विधानसबा चुनाव से पहले इंदौर-भोपाल में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन लिया जाना है, जिसकी जोर-शोर से तैयारी चल रही है। मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह लगातार चल रहे कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इंदौर में साढ़े 5 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर सिविल वर्क लगभग पूरा हो गया है और पटरियों को बिछाने का काम तेज गति से चल रहा है। सिग्नलिंग सहित अन्य सुविधाएं भी जुटाई जा रही हैं, ताकि सितम्बर में तय समय पर ट्रायल रन लिया जा सके। यहां तक कि कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ा दी गई है।**



वडोदरा में मेट्रो ट्रेन के कोच तैयार हो रहे हैं और ट्रायल रन के लिए संभवत: अगस्त अंत या सितम्बर के पहले हफ्ते में तीन कोच की एक ट्रेन इंदौर पहुंच जाएगी। मेट्रो स्टेशन की भी ड्राइंग-डिजाइन तय की जा चुकी है, वहीं 75 एकड़ पर सुपर कॉरिडोर पर जो डिपो बन रहा है, उसमें प्रशासनिक भवन सहित अन्य कार्य भी पूरे हो गए और डिपो के अंदर भी ट्रायल रन के चलते पटरियां बिछाने का काम पूरा हो गया है और कॉरिडोर पर भी लगभग 3 किलोमीटर के हिस्से में पटरियां बिछ चुकी हैं। दूसरी तरफ मेट्रो ट्रेन में एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण का ठेका दिलीप बिल्डकॉन के अलावा रेल विकास निगम ने लिया हुआ है। अभी गांधी नगर से लेकर सुपर कॉरिडोर, एमआर-10 होते हुए विजय नगर चौराहा, रेडिसन से रोबोट चौराहा के बीच काम चल रहा है, वहीं गांधी नगर सहित अन्य स्टेशन जो प्रायोरिटी कॉरिडोर में आ रहे हैं, उनके निर्माण को भी तेज गति से अंतिम रूप दिया जा रहा है। दोनों ठेकेदार फर्मों से साइड पर काम कर रहे कर्मचारियों-मजदूरों की संख्या में बढ़ोतरी भी करवाई गई है। अब दो की बजाय ढाई हजार से अधिक मजदूर 24 घंटे अलग-अलग शिफ्टों में काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि तय समय में ट्रायल रन एमडी मनीष सिंह द्वारा करवा लिया जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | पत्रिका | इंदौर | 09.08.2023 | 02 | ऐसा दिखेगा अपना मेट्रो स्टेशन, लिफ्ट-एस्केलेटर के साथ दिव्यांग रैम्प की भी सुविधा | Neutral |

पत्रिका

इंदौर प्राइम INDOREPRIME

पढ़ें ज्यादा खबरें, देखें फोटो/वीडियो #Readers Connect Indore News facebook.com/groups/indorepatrika

पत्रिका, इंदौर, बुधवार, 09 अगस्त 2023 | 02

क्यूआर कोड मोबाइल से करें स्कैन

इंदौर की खबरें patrika.com/indore-news/ पर भी पढ़ें

#IndoreMetro: जनवरी-फरवरी तक तैयार हो जाएंगे स्टेशन, पटरी बिछाने का काम अंतिम दौर में, अब सारा जोर ट्रायल पर

# ऐसा दिखेगा अपना मेट्रो स्टेशन, लिफ्ट-एस्केलेटर के साथ दिव्यांग रैंप की भी सुविधा

पत्रिका रीडर्स फेस्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. मेट्रो रूट पर 5 किलोमीटर की कोच चलाकर ट्रायल होना है। टीम ने लक्ष्य के आधार पर काम में तेजी जारी रखी है। स्टेशन का काम भी शुरू हो गया है। स्टेशन को आकर्षक बनाया जाएगा, उसमें यात्रियों की सुविधा के लिए सीढ़ी के साथ ही लिफ्ट, एस्केलेटर और दिव्यांगों के लिए रैंप रहेगा।

मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने मंगलवार को पूरे ट्रैक का निरीक्षण करने के बाद समीक्षा बैठक की। अफसरों का दावा है कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए तेजी से काम चल रहा है। उम्मीद है कि 25 अगस्त तक इंदौर में मेट्रो ट्रेन का कोच आ जाएगा और 5 किलोमीटर के इसी ट्रैक पर चलाकर ट्रायल किया जाएगा। एमडी और अन्य अफसर लगातार कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। एक दो दिन में दौरा भी किया जाएगा। अफसरों के मुताबिक, ट्रैक में पटरी बिछाने का काम लगभग पूरा हो गया है। ट्रैक पर 90 प्रतिशत हिस्से में पटरी बिछाई जा चुकी है। शेष काम भी इस महीने पूरा हो जाएगा। ट्रैक पर 5.9 किलोमीटर हिस्से में पटरी बिछाई जानी है।



## दूसरी मंजिल पर होगा प्लेटफॉर्म

अधिकारियों को स्टेशन की डिजाइन मिल गई है, जिसके आधार पर काम चल रहा है। पहली मंजिल पर यात्रियों के लिए सुविधा की सारी व्यवस्थाओं के साथ ही टिकट खिड़की भी होगी। दूसरी मंजिल पर प्लेटफॉर्म होगा। पटरी व प्लेटफॉर्म के बीच दुगना सुरक्षा व्यवस्था रहेगी, जो मेट्रो के पटरी पर आकर खड़े होने के बाद ही यात्रियों को प्रवेश करने की अनुमति देगी। जनवरी-फरवरी माह तक सुपर कॉरिडोर इलाके के स्टेशन पूरा करने का लक्ष्य लेकर फ्लोरिंग का काम तेज गति से किया जा रहा है। इसके बाद छत को सुरक्षित कर अन्य सुविधाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा। मेट्रो कॉरपोरेशन का प्रयास है कि निर्धारित डेडलाइन तक कार्य को लक्ष्य के अनुसार पूर्ण कर लिया जाए।



क्यूआर कोड स्कैन कर वीडियो देखें...

Date: 09/08/2023, Edition: Indore City, Page: 6
Source : https://epaper.patrika.com/

MPMETRO

METRO NEWS

10th AUGUST,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | नई दुनिया | इंदौर | 10.08.2023 | 02 | दस दिन मे नजर आएगा स्टेशन का भव्य स्वरूप | Neutral |





# दस दिन में नजर आएगा स्टेशन का भव्य स्वरूप



सितंबर तक मेट्रो का ट्रायल रन गांधीनगर डिपो से सुपर कारिडोर तक 5.9 किलोमीटर हिस्से पर किया जाना है। इस हिस्से में मेट्रो के तीन स्टेशन होंगे। इनके सुपर स्ट्रक्चर का काम शुरू हो गया है। मेट्रो स्टेशन का आधारभूत ढांचा तैयार हो गया है। अब स्टेशन की छत प्री-फैब्रिकेटेड मटेरियल से तैयार की जा रही है। ऐसे में निर्माण एजेंसी ने इसे तैयार करने का काम शुरू कर दिया और दस दिन मे स्टेशन का भव्य स्वरूप भी नजर आने लगेगा। ● राजू पवार

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 10.08.2023 | 08 | सार्वजनिक सूचना | Neutral |

**MADHYA PRADESH METRO RAIL CORPORATION LIMITED**

**INDORE METRO RAIL PROJECT**

MPMETRO

2nd Floor, Smart City Development Corporation Office Building, Kalibadi Road BHEL Sector-A, Berkheda, Bhopal- 462022, CIN: U75100MP2015SGC034434

Tel. 0755-2475605, E-mail : metrorail@mpurban.gov.in, Website: www.mpmetrorail.com

## सार्वजनिक सूचना

मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट और नीचे उल्लिखित खंड के पूर्ण खंड पर स्थित परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि 33000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज एसी पॉवर केबल और 750 वोल्ट, डीसी तीसरे रेल ट्रैक्शन को नीचे उल्लिखित ट्रैक्शन और पावर सप्लाई सिस्टम पर अनुभाग के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद सक्रिय माना जाना चाहिए और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उक्त विद्युत आपूर्ति क्षेत्र के करीब नहीं आएगा या काम नहीं करेगा।

| अनुभाग | लाइन | ऊर्जीकरण होने की तिथि |
|---|---|---|
| 1. डिपो रैंप क्षेत्र सहित गाँधी नगर स्टेशन से एस सी-03 स्टेशन के बीच 33 केवी केबल (चेनेज सीएच: 14+560.000 से सीएच: 19+815.587)<br>2. गाँधी नगर स्टेशन और एस सी-03 स्टेशन के बीच में 750 वोल्ट डीसी थर्ड रेल सिस्टम (चेनेज सीएच: 14+560.000 से सीएच: 19+815.587)<br>3. मोनो पोल पी 115 पर बिजली आपूर्ति व्यवस्था सहित एस सी-03 स्टेशन पर 33 केवी ए एस एस<br>4. एस सी-04 स्टेशन पर 33 केवी ए एस एस और टी एस एस<br>5. एस सी-05 स्टेशन पर 33 केवी ए एस एस<br>6. एस सी-06 स्टेशन पर 33 केवी ए एस एस और टी एस एस<br>7. गाँधी नगर स्टेशन पर 33 केवी ए एस एस<br>8. गाँधी नगर डिपो में ए एस एस-1, ए एस एस-2, टी एस एस और ए एस एस<br>9. गाँधी नगर डिपो के अंदर संबंधित 750 वोल्ट डीसी केबल सहित 750 वोल्ट डीसी थर्ड रेल सिस्टम | पीला (अप एवं डाउन) | 14.08.2023 |

म.प्र. माध्यम/111315/2023

**मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | नई दुनिया | इंदौर | 10.08.2023 | 9 | सार्वजनिक सूचना | Neutral |



## MADHYA PRADESH METRO RAIL CORPORATION LIMITED

INDORE METRO RAIL PROJECT

MPMETRO 2nd Floor, Smart City Development Corporation Office Building, Kalibadi Road BHEL Sector-A, Berkheda, Bhopal- 462022, CIN: U75100MP2015SGC034434
Tel. 0755-2475605, E-mail : metrorail@mpurban.gov.in, Website: www.mpmetrorail.com

### सार्वजनिक सूचना

मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट और नीचे उल्लिखित खंड के पूर्ण खंड पर स्थित परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि 33000 वोल्ट, 50 हर्ट्स एसी पॉवर केबल और 750 वोल्ट, डीसी तीसरे रेल ट्रैक्शन को नीचे उल्लिखित ट्रैक्शन और पावर सप्लाई सिस्टम पर अनुभाग के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद सक्रिय माना जाना चाहिए और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उक्त विद्युत आपूर्ति क्षेत्र के करीब नहीं आएगा या काम नहीं करेगा।

| अनुभाग | लाइन | उर्जाकरण होने की तिथि |
|---|---|---|
| 1. डिपो रैंप क्षेत्र सहित गांधी नगर स्टेशन से एस सी-03 स्टेशन के बीच 33 केवी केबल (चेनेज सीएच: 14+560.000 से सीएच: 19+815.587)<br>2. गांधी नगर स्टेशन और एस सी-03 स्टेशन के बीच में 750 वोल्ट डीसी थर्ड रेल सिस्टम (चेनेज सीएच: 14+560.000 से सीएच: 19+815.587)<br>3. मोनो पोल पी 115 पर बिजली आपूर्ति व्यवस्था सहित एस सी-03 स्टेशन पर 33 केवी ए एस एस<br>4. एस सी-04 स्टेशन पर 33 केवी ए एस एस और टी एस एस<br>5. एस सी-05 स्टेशन पर 33 केवी ए एस एस<br>6. एस सी-06 स्टेशन पर 33 केवी ए एस एस और टी एस एस<br>7. गांधी नगर स्टेशन पर 33 केवी ए एस एस<br>8. गांधी नगर डिपो में ए एस एस-1, ए एस एस-2, टी एस एस और ए एम एस<br>9. गांधी नगर डिपो के अंदर संबंधित 750 वोल्ट डीसी केबल सहित 750 वोल्ट डीसी थर्ड रेल सिस्टम | पीला (अप एवं डाउन) | 14.08.2023 |

म.प्र. माध्यम/111315/2023 **मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | Times of India | Indore | 10.08.2023 | 09 | Public Notification | Neutral |

## MADHYA PRADESH METRO RAIL CORPORATION LIMITED

**INDORE METRO RAIL PROJECT**

2nd Floor, Smart City Development Corporation Office Building, Kalibadi Road BHEL Sector-A, Berkheda, Bhopal- 462022, CIN : U75100MP2015SGC034434
Tel. 0755-2475605, E-mail : metrorail@mpurban.gov.in, Website: www.mpmetrorail.com

### PUBLIC NOTIFICATION

Notice is hereby given to all users of Indore Metro Project of **Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Ltd.** and premises situated on the completed section of the under- noted section of the Indore Metro Railway that the 33000 Volt, 50Hz AC Power cables and the 750 Volt, DC third Rail traction will be energized on or after the date specified against the section. On and from the said date Traction & Power supply system mentioned below should be treated as live at all times and no un-authorized person shall approach or work in the proximity of the said Power Supply area.

| Section | Line | Date of Energization |
|---|---|---|
| a) 33kV cable between section Gandhi Nagar Station to SC-03 Station (chainage CH 14+560.000 to CH 19+815.587) including depot Ramp area.<br>b) 750V DC Third Rail System including associated 750V DC cables from Gandhi Nagar Station to SC-03 station (chainage CH 14+560.000 to CH 19+815.587)<br>c) 33kV ASS at SC-03 Station including power supply arrangement at Monopole P115.<br>d) 33kV ASS & TSS at SC-04 Station<br>e) 33kV ASS at SC-05 Station<br>f) 33kV ASS & TSS at SC-06 Station<br>g) 33kV ASS at Gandhi Nagar Station<br>h) ASS-1, ASS-2, TSS & AMS in Gandhi Nagar Depot<br>i) 750V DC Third Rail System including associated 750V DC cables inside Gandhi Nagar Depot. | Yellow (UP & DOWN) | 14.08.2023 |

M.P. Madhyam/111315/2023 (MADHYA PRADESH METRO RAIL CORPORATION LIMITED)

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | Free Press | Indore | 10.08.2023 | 09 | Public Notification | Neutral |



**Abusive texts sent to TV news editor**

**NOIDA:** The Noida Police on Wednesday booked a Delhi-based man for allegedly sending abusive texts to the editor-in-chief of a television news channel, one of these messages also contained derogatory words against Prime Minister Narendra Modi, officials said.

## MADHYA PRADESH METRO RAIL CORPORATION LIMITED

### INDORE METRO RAIL PROJECT


MPMETRO 2nd Floor, Smart City Development Corporation Office Building, Kalibadi Road BHEL Sector-A, Berkheda, Bhopal- 462022, CIN : U75100MP2015SGC034434

Tel. 0755-2475605, E-mail : metrorail@mpurban.gov.in, Website: www.mpmetrorail.com


### PUBLIC NOTIFICATION

Notice is hereby given to all users of Indore Metro Project of **Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Ltd.** and premises situated on the completed section of the under- noted section of the Indore Metro Railway that the 33000 Volt, 50Hz AC Power cables and the 750 Volt, DC third Rail traction will be energized on or after the date specified against the section. On and from the said date Traction & Power supply system mentioned below should be treated as live at all times and no un-authorized person shall approach or work in the proximity of the said Power Supply area.

| Section | Line | Date of Energization |
|---|---|---|
| a) 33kV cable between section Gandhi Nagar Station to SC-03 Station (chainage CH 14+560.000 to CH 19+815.587) including depot Ramp area.<br>b) 750V DC Third Rail System including associated 750V DC cables from Gandhi Nagar Station to SC-03 station (chainage CH 14+560.000 to CH 19+815.587).<br>c) 33kV ASS at SC-03 Station including power supply arrangement at Monopole P115.<br>d) 33kV ASS & TSS at SC-04 Station.<br>e) 33kV ASS at SC-05 Station.<br>f) 33kV ASS & TSS at SC-06 Station.<br>g) 33kV ASS at Gandhi Nagar Station.<br>h) ASS-1, ASS-2, TSS & AMS in Gandhi Nagar Depot.<br>i) 750V DC Third Rail System including associated 750V DC cables inside Gandhi Nagar Depot. | Yellow (UP & DOWN) | 14.08.2023 |

M.P. Madhyam/111315/2023 **(MADHYA PRADESH METRO RAIL CORPORATION LIMITED)**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | Free Press | Indore | 12.08.2023 | 05 | Indore Metro power line from Gandhi Nagar to SC6 to go live next week | Neutral |


INDORE CITY

INDORE | SATURDAY | AUGUST 12, 2023 www.freepressjournal.in

Pg-05


# Indore Metro power line from Gandhi Nagar to SC6 to go live next week

***Indore:*** Citizens will be able to witness the Indore Metro moving on the tracks within three weeks, as per the claims of Indore Metro. In keeping with this on Friday, Metro officials released an official notification for energising of the Metro power line (making Metro power lines functioning) from August 14 cautioning unauthorised people not to venture near the power supply cables.

According to the notice 33,000 Volt, 50Hz AC Power cables and the 750 Volt, DC third Rail traction will be energised on or after August 14 on the completed section from Gandhi Nagar to Super Corridor 6.

The notice says, 'on and from the said date Traction & Power supply system should be treated as live at all times and no un-authorised person shall approach or work in the proximity of the said Power Supply area.'

| S.No. | Source | Edition | Date | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|
| 25 | Hindustan Times | All India | 12.08.2023 | Advertisement for Recruitment | Neutral |



MPMETRO

# MADHYA PRADESH METRO RAIL CORPORATION LIMITED

**(A Joint Venture of Govt. of India and Govt. of Madhya Pradesh)**
**2nd Floor, Smart City Development Corporation Office Building**
**Kalibadi Road, BHEL, Sector-A, Barkheda, Bhopal-462022**

## ADVERTISEMENT FOR RECRUITMENT

Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL), a joint venture of Government of India and Government of Madhya Pradesh is implementing Bhopal Metro Rail Project & Indore Metro Rail Project in the State of Madhya Pradesh.

To meet with the immediate requirement, MPMRCL invites application for the various posts of

**GM/AGM (CIVIL/PROJECT)**

The posts/appointments will be on Contract/Deputation basis on standard terms & conditions of the organization.

This Advertisement is only indicative. The detailed vacancy notifications and particulars regarding eligibility criterion, qualification, experience, age limit, mode of selection etc. are available, in the Career sections of MPMRCL website **www.mpmetrorail.com.** Please refer Advt. No. 1986/HRD/ MPMRCL-037/2023, dated 11.08.2023 for more details.

Last date for submission of offline applications for the notifications is **26.08.2023.**

M.P. Madhyam/111366/2023 **MANAGING DIRECTOR**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | प्रजातन्त्र | इंदौर | 13.08.2023 | 01 | Sunday स्टोरी: इंदौर ने कायम की तेजी की मिसाल | Neutral |


# प्रजातंत्र

शनिवार, 12 अगस्त 2023


SUNDAY स्टोरी इंदौर ने कायम की तेजी की मिसाल

## देश की निर्माणाधीन मेट्रो में सबसे तेज गति से बना है इंदौर का 5.9 किलोमीटर का ट्रैक, डेढ़ साल पहले जिस स्थान पर मेट्रो के लिए पाइलिंग हुई थी अब वहीं होगा ट्रायल

# कंस्ट्रक्शन @ मेट्रो स्पीड



शैलेन्द्र वर्मा | इंदौर

इंदौर मेट्रो ट्रेन के 5.9 किलोमीटर के ट्रैक पर ट्रायल की तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच गई हैं। ट्रेन के कोच इंदौर पहुंचने के बाद 5 से 15 सितंबर के बीच इस हिस्से में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन शुरू हो जाएगा। मेट्रो के इस ट्रैक का निर्माण 1 साल 7 माह में पूरा हुआ, जो देशभर के अलग-अलग शहरों में चल रहे मेट्रो के निर्माण में सबसे तेज गति से होने वाला कंस्ट्रक्शन है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर के निर्माण की आधार शिला दिसम्बर 2021 में रखी थी, जिसके बाद रेल विकास निगम लिमिटेड ने जनवरी 2022 में इसका निर्माण शुरू कर किया। अब अगस्त 2023 में यह ट्रैक टेस्टिंग के लिए लगभग तैयार हो चुका है। वर्तमान में देश के 16 शहरों में मेट्रो ट्रेन दौड़ रही हैं, वहीं 25 से अधिक शहरों में मेट्रो का निर्माण जारी है।

### दिसंबर 2022 मेट्रो का टर्निंग पाइंट

मध्यप्रदेश की प्रगति का प्रतीक मानी जा रही इंदौर मेट्रो का पहला चरण कोरोना काल और तकनीकी कारणों से कछुआ चाल से चल रहा था, जिसको नवंबर 2021 के बाद गति मिली। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सुपर कॉरिडोर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर सितम्बर 2023 में ट्रायल रन के लिए लक्ष्य निर्धारित किया। इस दौरान नवंबर 2022 में इंदौर कलेक्टर मनीष सिंह को मेट्रो रेल एमडी की जिम्मेदारी मिली। फिर इंदौर मेट्रो के ट्रैक पर लगातार हो रहे निर्माण की मॉनिटरिंग की गई और अब लगभग 6 किलोमीटर का हिस्सा ट्रायल के लिए तैयार है।

### अप एंड डाउन 8 किलोमीटर पटरियां डाली

मेट्रो रेल कारपोरेशन का लक्ष्य फरवरी 2024 तक पहले चरण में शहरवासियों के लिए मेट्रो शुरू करना है। सभी स्टेशन पर प्लेटफॉर्म बनाने का काम पूरा हो चुका है। 6 किलोमीटर के लिए अप और डाउन के लिए पटरियां कुल 12 किलोमीटर तक बिछाना हैं।अब तक 8 किलोमीटर पटरियां डाली जा चुकी हैं। सिग्नल और पावर सप्लाई का काम भी जारी है।

### प्रायोरिटी कॉरिडोर के बाद लगातार चलेगा ट्रायल

इंदौर मेट्रो सिविल निर्माण के जनरल मैनेजर अजय कुमार ने बताया कि इंदौर सितंबर माह में प्रायोरिटी कॉरिडोर पर एक बार ट्रायल रन का दौर शुरू होगा तो यह थमेगा नहीं। 5.9 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर अगले माह शुरू होने वाला ट्रायल 2 से 3 माह तक चलेगा। इसके बाद दिसंबर में सीएमआरएस निरीक्षण के बाद ये 6 किलोमीटर का ट्रैक आम नागरिकों के लिए शुरू कर दिया जाएगा। उम्मीद है कि दिसंबर 2023 तक प्रायोरिटी कॉरिडोर पर ट्रायल होने के बाद बचा हुआ 12.3 किलोमीटर का हिस्सा भी तेजी से पूरा होने लगेगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 17.08.2023 | 07 | मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन मे 72 पद, आवेदन 31 तक करे | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 17-08-2023

Pg-07

# मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन में 72 पद, आवेदन 31 तक करें

इंदौर| मप्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन में 72 पदों पर वैकेंसी निकाली है। 10वीं पास से लेकर ग्रेजुएशन कर चुके उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट mpmetrorail.com पर 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

चयन रिटन टेस्ट आधार पर होगा। सिलेक्ट होने पर उन्हें हर महीने एक लाख रुपए तक सैलरी दी जाएगी। इनमें सुपरवाइजर (ऑपरेशन) के 26, सुपरवाइजर के 9, मैंटेनर के 12, सुपरवाइजर (ट्रैक्शन) के 8, मैंटेनर (ट्रैक्शन) के 9, सुपरवाइजर (ट्रैक) के 2, स्टोर के 2, सहायक मानव संसाधन के 2 पद हैं। उम्मीदवारों को योग्यता के अनुसार शार्टलिस्ट कर रिटन टेस्ट के लिए बुलाया जाएगा। रिटन टेस्ट में जनरल नॉलेज, मेथमैटिक्स, जनरल इंग्लिश और संबंधित ट्रेड विषयों से सवाल पूछे जाएंगे। मेरिट के आधार पर उम्मीदवारों को पोस्टिंग दी जाएगी।

MPMETRO

METRO NEWS

19th AUGUST,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 19.08.2023 | 01 | 6 किमी ट्रैक तैयार-गांधीनगर तक दौड़ेगी मेट्रो | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 19-08-2023 Pg-01

6 किमी ट्रैक तैयार • गांधी नगर से इन्फोसिस तक दौड़ेगी मेट्रो

# 2 सितंबर तक वडोदरा से आएंगे मेट्रो के तीन कोच, 15 तक ट्रायल रन का दावा

## मई-2024 तक आम लोग कर सकेंगे सवारी

भास्कर संवाददाता | इंदौर

मेट्रो के ट्रायल रन के लिए गुजरात के वडोदरा से तीन डिब्बे इंदौर आएंगे। 21 अगस्त को दो और 22 अगस्त को तीसरा कोच सेमली से निकलेगा। ये तीनों कोच 2 सितंबर तक इंदौर आ जाएंगे। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन का दावा है कि 15 सितंबर तक इंदौर में तीन डिब्बों की मेट्रो ट्रेन का 6 किमी ट्रैक पर ट्रायल रन हो जाएगा।

कॉरपोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने शुक्रवार को कहा कि 10 सितंबर तक टेस्टिंग और अन्य तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी। ट्रायल रन में मेट्रो 5 स्टेशन से चलेगी। शुरुआत गांधीनगर से होगी और इन्फोसिस चौराहे पर खत्म होगी। आम आदमी के लिए मेट्रो की सवारी (कमर्शियल रन) इंदौर और भोपाल में मई 2024 से शुरू होगा। इंदौर में पहले चरण में गांधीनगर से रेडिसन चौराहे तक 17 किमी में मेट्रो दौड़ने लगेगी। मेट्रो स्टेशन में सिविल वर्क के साथ अब फर्निशिंग और एस्केलेटर भी लगने लगे हैं। एक सप्ताह में बिजली का काम भी शुरू हो जाएगा। 2 स्टेशन का काम 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है।



मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने किया स्टेशन का दौरा।

### भास्कर Explainer ट्रायल में स्पीड 5-10 किमी ही रहेगी

**ट्रायल में कहां तक चलेगी मेट्रो?**
• गांधीनगर पर सबसे बड़ा स्टेशन बन रहा है। यह 35 मीटर चौड़ा और 140 मीटर लंबा है। डिपो से ट्रेन यहां पहुंचेगी, फिर 4 स्टेशन क्रॉस कर इन्फोसिस के सामने रुकेगी। डिपो से इन्फोसिस तक ट्रैक की लंबाई 6 किमी है।

**मेट्रो ट्रेन की स्पीड क्या होगी?**
• ट्रायल में 5 से 10 किमी प्रतिघंटा की स्पीड रहेगी। सेफ्टी ऑडिट के बाद 80 से 90 पर चलेगी।

**मेट्रो पहले कहां चलेगी?**
• इंदौर में काम तेजी से हो रहा है, इसलिए पहले यहां ट्रायल रन होगा।

**कितने यात्री बैठ सकेंगे?**
• तीन कोच की क्षमता वाली मेट्रो में 250 यात्री बैठ सकेंगे।

**ट्रायल के बाद इतनी देरी क्यों?**
• ट्रायल रन सीमित एरिया में हो रहा है। आगे के स्टेशन और ट्रैक का सिविल वर्क जारी है। ट्रायल रन से पता चलेगा कि इस स्तर तक की सभी आवश्यकताएं और चरण पूरे हो चुके हैं। इसके बाद थर्ड पार्टी ऑडिट होगा। दो महीने सेफ्टी चेक में भी लगेंगे।

**रोबोट चौराहा से पलासिया के टेंडर कब तक होंगे?**
• टेंडर की स्क्रूटनी चल रही है। पूरी प्रोसेस में एक माह लगेगा।

**मध्यक्षेत्र में अब तक क्या हुआ?**
• यहां अंडरग्राउंड काम होना है। हाईकोर्ट से सहमति आ गई है। कमेटी ने एग्रीमेंट के निर्देश दिए हैं। एडीबी का अप्रूवल मिलते ही टेंडर जारी होंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | नई दुनिया | इंदौर | 19.08.2023 | 02 | सितंबर की शुरुआत मे पहुंचें ट्रायल रन | Neutral |



# सितंबर की शुरुआत में पहुंचेंगे कोच, 15 को ट्रायल रन

**विकास की रफ्तार** ● मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी ने गांधीनगर डिपो और ट्रायल रन वाले हिस्से का किया निरीक्षण

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। इंदौर में मेट्रो ट्रायल रन के लिए उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। अब 28 दिन शेष हैं। गांधीनगर डिपो से सुपर कारिडोर तक 5.9 किलोमीटर के हिस्से में ट्रायल रन के पूर्व की तैयारी पूर्णता की ओर है। अगस्त अंत तक अधोसंरचना संबंधित कार्य पूर्ण किए जाएंगे। वडोदरा के सावली से मेट्रो को दो कोच 21 अगस्त को और एक कोच 22 अगस्त को सड़क मार्ग से ट्राले में इंदौर के लिए रवाना होंगे और 10 दिन में पहुंचेंगे। 1 या 2 सितंबर को उनको इंदौर में मेट्रो डिपो परिसर में लोडिंग की जाएगी। चार-पांच दिन तक ट्रायल होगा। इस तरह 10 सितंबर तक इंदौर में ट्रायल रन की तैयारी पूरी हो जाएगी। 15 सितंबर के आसपास इंदौर में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में ट्रायल रन किया जाएगा।

इंदौर मेट्रो के ट्रायल रन की तैयारी के निरीक्षण के लिए मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने शुक्रवार को गांधीनगर मेट्रो डिपो व ट्रायल रन वाले हिस्से का निरीक्षण किया। वे मेट्रो के निर्माण कार्य की मौजूदा गति से संतुष्ट दिखे। उन्होंने कहा कि जनवरी से अभी तक मेट्रो के इंजीनियरों, सलाहकार व एजेंसी ने रात दिन तेज गति से काम किया है।

**भोपाल से पहले इंदौर में चलेगी मेट्रो, अगले साल अप्रैल में जनता कर सकेगी सफर** ○ एमडी मनीष सिंह ने बताया कि भोपाल के मुकाबले इंदौर में पहले मेट्रो ट्रेन का संचालन शुरू होगा। गांधीनगर से रेडिसन चौराहे तक 17 किलोमीटर के हिस्से में मेट्रो का व्यावसायिक संचालन अप्रैल 2024 तक शुरू होगा। उस समय ही जनता मेट्रो ट्रेन में सफर कर पाएगी। इंदौर मेट्रो के निर्माण में आइआइटी मद्रास, राइट्स व भारत सरकार अन्य एजेंसियों का मार्गदर्शन लिया जा रहा है। इंदौर में मेट्रो के ट्रायल रन होने का मतलब यह होगा कि मेट्रो रेल चलाने के सारे सिस्टम स्थापित हो चुके हैं। इंदौर में मेट्रो का ट्रायल रन होने के बाद कमिश्नर आफ मेट्रो सेफ्टी रेल का दौरा होगा। वे मेट्रो के सुरक्षा मापदंडों की बारीकी से जांच करेंगे। इसके बाद ही व्यावसायिक संचालन के लिए अनुमति मिलेगी। इसके बाद ही आम आदमी को इसमें सफर कर पाएगा।

**15 दिन में भूमिगत हिस्से के लिए जारी होगा टेंडर** ○ मेट्रो के अगले चरण में रीगल तिराहे से गांधीनगर के बीच शहर के मध्य क्षेत्र में 9 किलोमीटर हिस्से में भूमिगत संचालन होना है। एमडी मनीष सिंह ने बताया कि मेट्रो के भूमिगत वाले हिस्से के लिए उच्च न्यायालय में प्रतिनिधियों के साथ चर्चा हुई थी। न्यायालय की समिति की सहमति मिल चुकी है और अनुबंध करने के निर्देश दिए गए हैं। एमजी रोड के समानांतर भूमिगत रेल का हिस्सा होने से जमीन की ऊपरी सतह पर किसी तरह के निर्माण नहीं तोड़ने होंगे। इससे आमजन को असुविधा नहीं होगी। मेट्रो का अलाइनमेंट पूरे एमजी रोड के समानांतर है। ऐसे में कई जगह शासकीय जमीन आसानी से मिल रही है, जहां रोड के ऊपरी हिस्से को काटकर स्टेशन तैयार किया जाएगा। इस हिस्से के निर्माण के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक से वित्तीय मदद मिलना है। उनकी टीम निरीक्षण कर चुकी है। हमने उन्हें दस्तावेज भी दे दिए हैं। बैंक से स्वीकृति मिलते ही 15 दिन में टेंडर जारी कर देंगे। मेट्रो के रीवाइज हिस्से में पलासिया के बीच ओवरहेड हिस्से में निर्माण के लिए टेंडर आ चुके हैं और छंटनी चल रही है। एक महीने में दरें तय होने के साथ ही निर्माण एजेंसी तय हो जाएगी।



मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने गांधीनगर डिपो व सुपर कारिडोर पर मेट्रो की तैयारी का निरीक्षण किया। ● सौजन्य मेट्रो टेक

**ट्रायल रन के लिए पहले ये काम होंगे पूरे**

- टेस्टिंग ट्रैक होगा तैयार।
- निरीक्षण यार्ड में अगले सात-आठ दिन में पीडीसी शेड लग जाएगा।
- स्टेबलिंग यार्ड में भी अगले 15 दिन में शेड लग जाएगा।
- आठ लेन के स्टेबलिंग यार्ड में से एक लेन ट्रैक ट्रायल रन के लिए होगा तैयार।
- डिपो, रैम्प, स्टेशन के ऊपर के शेड का फिनिशिंग कार्य अगले 10 दिन में पूरा होगा।
- कंट्रोल रूम भी अगले 10 दिन में तैयार होगा।

**'माक ट्रायल आफ ट्रेलर' का सफल परीक्षण**

अलस्टम कंपनी द्वारा सावली में तैयार किए जा रहे मेट्रो कोच के एक डिब्बे की चौड़ाई 2.9 मीटर व लंबाई 22 मीटर है। 19 अगस्त को मेट्रो के निदेशक (सिस्टम) शोभित टंडन वडोदरा के सावली में प्रोटेस रिव्यू कर कोच को 22 अगस्त को इंदौर के लिए रवाना करेंगे। इंदौर स्थित मेट्रो के डिपो में 4 पाइंट जैक मशीन कोच को अनलोडिंग दे पर अनलोड करेगी। सावली से इंदौर तक जिस सड़क मार्ग से मेट्रो के कोच के ट्राले आएंगे, उसके पूर्व 16 अगस्त की रात को 60 टन वजनी ट्रेलर को ट्राले पर रखकर सावली से इंदौर तक सड़क मार्ग से लाया गया और उसे डिपो में भी ले जाया गया। इस तरह माक ट्रायल आफ ट्रेलर कार मूवमेंट का भी सफल परीक्षण शहर में किया जा चुका है। इसमें रोड की चौड़ाई, कोच का भार, मार्ग के मोड़ व घुमाव की जांच की जा चुकी है ताकि कोच को सड़क मार्ग से इंदौर लाने में कोई परेशानी नहीं हो।

**मेट्रो ट्रायल रन की इस तरह तैयारी**

| | |
|---|---|
| 21 अगस्त | वडोदरा से दो कोच इंदौर रवाना होंगे। |
| 22 अगस्त | एक कोच और रवाना होगा। |
| 1 सितंबर | कोच इंदौर में मेट्रो डिपो तक पहुंचेंगे। |
| 10 सितंबर | ट्रायल रन की तैयारी होगी पूर्ण |
| 15 सितंबर | ट्रायल रन संभावित |



**140 मीटर लंबा होगा गांधीनगर का मेट्रो स्टेशन**


इंदौर व भोपाल मेट्रो में बनाए जाने वाले स्टेशन में इंदौर में गांधीनगर डिपो पर बनने वाला मेट्रो स्टेशन सबसे बड़ा होगा। इसकी चौड़ाई 30-40 मीटर और लंबाई 140 मीटर होगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | पत्रिका | इंदौर | 19.08.2023 | 02 | #MetroTrain: मेट्रो कार्पोरेशन के एमडी ने किया दौरा, स्टेशन का काम भी 60 प्रतिशत हुआ, मुख्यमंत्री की मौजूदगी मे अगले महीने होगा ट्रायल रन | Neutral |

पत्रिका



शहर मौसम



तापमान
27.2° अधिकतम | 22.0° न्यूनतम
ह्यूमिडिटी 80% (अधिकतम)
हवा की गति 27 किमी/घंटा

फोरकास्ट
बूंदाबांदी होने के आसार।
(एयरपोर्ट मौसम केंद्र के मुताबिक)

पॉल्यूशन स्तर (AQI)
110, 119

केवल पत्रिका में
रीडर्स कनेक्ट

#MetroTrain: मेट्रो कॉर्पोरेशन के एमडी ने किया दौरा, स्टेशन का काम भी 60 प्रतिशत हुआ, मुख्यमंत्री की मौजूदगी में अगले महीने होगा ट्रायल रन

# पटरी का काम पूरा, 21 को वडोदरा से इंदौर रवाना होंगे दो कोच

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. मेट्रो रूट के पहले चरण में करीब 6 किलोमीटर हिस्से में पटरी बिछाने का काम पूरा हो गया है। 3 मुख्य स्टेशन का काम भी करीब 60 प्रतिशत हो चुका है। 21 अगस्त को वडोदरा की कंपनी से 2 कोच इंदौर के लिए रवाना हो जाएंगे।

शुक्रवार को भोपाल से आए मेट्रो कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने मेट्रो ट्रैक का दौरा किया। गांधी नगर डिपो में बन रहे स्टेशन का भी जायजा लिया। अफसरों से कहा कि 24 घंटे काम हो ताकि सितंबर में ट्रायल का लक्ष्य हासिल किया जाए। सिंह के मुताबिक, करीब छह किमी के हिस्से में पटरी बिछाई जा चुकी है। पटरी के साथ तीसरे रेल ट्रैक का काम भी चल रहा है। इस ट्रैक की बिजली से मेट्रो का संचालन होता है।



## भोपाल से पहले इंदौर में ट्रायल

एमडी सिंह के मुताबिक, भोपाल के मुकाबले इंदौर में काम की गति तेज है। यहां भोपाल से पहले ट्रायल होगा। 24 घंटे करीब 2 हजार कर्मचारी काम कर रहे हैं। ट्रायल 6 किमी के हिस्से में होगा। इसके बाद कमिश्नर ऑफ सेफ्टी की टीम जांच करेगी।

## कोच का इंतजाम

- 21 अगस्त को 2 और 22 अगस्त को एक कोच वडोदरा से इंदौर के लिए रवाना होगा।
- इंदौर में करीब 10 दिन में यानी 1 या 2 अगस्त को कोच डिपो में लाए जाएंगे।
- डिपो से मेट्रो की बोगियां पटरियों तक ले जाने में एक हफ्ता लगेगा।
- 10 सितंबर तक ट्रायल रन तैयारी हो जाएगी।
- ट्रायल रन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की उपस्थिति में 15 सितंबर को हो सकता है। तैयारी इसी हिसाब से चल रही है। अफसरों को भी इसके निर्देश दे दिए हैं।
- ट्रैक पर मेट्रो की स्पीड 80 से 90 किलोमीटर प्रतिघंटा रहेगी।
- अप्रैल 2024 तक गांधी नगर से रेडिसन चौराहे तक के रूट का काम पूरा होने की उम्मीद है। इस हिस्से में मई 2024 को कमर्शियल रन शुरू हो सकता है।
- अंडर ग्राउंड ट्रैक के लोन के लिए एशियन विकास बैंक को दस्तावेज भेज दिए हैं। मंजूरी मिलते ही टेंडर जारी होंगे।
- कोच के एक डिब्बे की चौड़ाई 2.9 मीटर एवं लंबाई 22 मीटर होगी।
- आधुनिक तकनीक की मशीन 4 पहिए जैक के जरिए कोच को अनलोड किया जाएगा। इसकी मॉक ट्रायल हो चुकी है। ट्रैक की चौड़ाई, ट्रेन का भार आदि की जांच सफलतापूर्वक की जा चुकी है।

Date: 19/08/2023, Edition: Indore City, Page: 2
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | राज एक्सप्रेस | इंदौर | 19.08.2023 | 03 | मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार सितंबर मे होगा मेट्रो का ट्रायल रन | Neutral |



## प्रबंध संचालक ने इंदौर में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की

# मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार सितंबर में होगा मेट्रो का ट्रायल रन

इंदौर ■ राज न्यूज नेटवर्क

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मेट्रो रेल परियोजना सितंबर में जमीन पर उतरेगी। इंदौर में मेट्रो का ट्रायल रन 10 सितंबर बाद किया जाएगा। इसके पहले 21 अगस्त को सूरत के सावली प्लांट से कोच इंदौर के लिए रवाना होंगे। यह 10 दिनों में सड़क मार्ग से इंदौर पहुंचेंगे। इनके सेफ्टी ट्रायल के बाद ही मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की घोषणा के अनुसार औपचारिक ट्रायल रन किया जाएगा। मई 2024 के बाद आम लोग भी मेट्रो में सफर कर सकेंगे। यह बात मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने इंदौर में कही। उन्होंने गांधी नगर डिपो, लोडिंग- अनलोडिंग ये और मेट्रो स्टेशन के निरीक्षण के बाद अधिकारियों को ट्रायल रन के लिए, माह के अंत तक सभी तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए।

## ट्रायल के साथ पूरे ट्रेक की तैयारी



श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर दिन- रात कार्य कर तय तैयारी पूरी करें। उन्होंने कहा कि मेट्रो ट्रेन का आगमन के लिए संचालन शुरू करने से पहले मेट्रो सेफ्टी कमिश्नर की टीम विजिट करेगी। उनकी रिपोर्ट के बाद ही कमिर्शियल उपयोग की अनुमति मिलेगी। उन्होंने कहा कि उद्घाटन के पूर्व टेस्ट ट्रेक और वायाडक्ट पर ट्रेन का ट्रायल रन किया जाएगा, साथ ही स्टेशन पर लगे एस्केलेटर, लिफ्ट इत्यादि का भी ट्रायल करके जांच की जाएगी। एमडी श्री सिंह ने बताया कि ट्रायल रन के लिए जरूरी काम पूरे किए जा चुके हैं। एल्सटॉम कंपनी द्वारा सावली, वडोदरा में तीन कोच की मेट्रो ट्रेन तैयार की जा रही है, जिसके एक डिब्बे की 2.9 मीटर चौड़ाई और 22 मीटर लंबाई होगी। 21 अगस्त को 2 और 22 अगस्त को 1 कोच इंदौर के लिए रवाना होगा। 10 दिन बाद 1 सितंबर को इंदौर में कोच अनलोड कर सकेंगे। इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं। साथ ही मॉक ट्रायल और ट्रेलर मूवमेंट का भी सफल परीक्षण किया जा चुका है। मेट्रो के निदेशक सिस्टम शोभित टंडन वडोदरा जा कर प्रोसेस रिव्यू कर तैयार कोच को इंदौर के लिए रवाना करवाएंगे।

## अंडरग्राउंड के लिए टेंडर जल्द

श्री सिंह ने कहा कि जमाली से तेजी से काम किया जा रहा है। मेट्रो प्लेटफार्म पर भी फिनिशिंग का काम जारी है। उन्होंने बताया कि शहर के मध्य क्षेत्र में मेट्रो के लिए अंडरग्राउंड ट्रेक के लिए सहमति बनी है। इसके लिए उच्च न्यायालय की जमीन के लिए भी सहमति मिल गई है। एमजी रोड के समांतर अंडरग्राउंड लाइन होगी। इस ट्रेक पर अनेक स्थान पर सरकारी जमीन मिलने से निर्माण लागत कम होगी। रीगल चौराहे से पलासिया तक के लिए टेंडर जारी हो चुका है। इसके स्क्रूटनिंग का काम जारी है। कमर्शियल ऑपरेशन मई 2024 में किया जा सकेगा। निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट निदेशक अजय शर्मा, निदेशक सिस्टम शोभित टंडन, निदेशक सिविल अजय कुमार, महाप्रबंधक ट्रैक अजय गुप्ता, महाप्रबंधक ईएम एनडी वाधवानी, कॉर्पोरेशन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, जनरल कंसल्टेंट के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**6 किमी पटरी का काम पूरा**- श्री सिंह द्वारा गांधी नगर मेट्रो डिपो में सभी संबंधित विभागों के साथ निरीक्षण कर कार्य समय पर सुरक्षा के साथ पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। अधिकारियों ने अवगत करवाया कि प्रॉयोरिटी के तहत 3 किमी में से 2 किमी पटरी का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं वायाडक्ट पर भी 12 किमी में से लगभग 6 किमी पटरी बिछाई जा चुकी है। बाकी कार्य इसी माह के अंत तक पूर्ण कर लिए जाएंगे।

**समय सीमा में काम पूरे करने के निर्देश**- एमडी ने यार्ड टेस्ट ट्रेक, सब-स्टेशन इत्यादि का विस्तार से निरीक्षण किया और प्रगति पर संतुष्टि जाहिर की। उन्होंने मेट्रो स्टेशन का भी निरीक्षण किया। जिसमें सभी जरूरी कार्य समय पर पूर्ण करने के लिए सिविल और सिस्टम कान्ट्रेक्टर को निर्देश दिए कि साफ- सफाई और हाउसकीपिंग के कार्यों के साथ साज सज्जा के कार्य भी पूरे करें।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 32 | Free Press | Indore | 19.08.2023 | 03 | Trailer Tested on Metro Track; Trail Run in September | Neutral |

INDORE CITY

www.freepressjournal.in INDORE | SATURDAY | AUGUST 19, 2023

# TRAILER TESTED ON METRO TRACK; TRIAL RUN IN SEPT

OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in



The trial run of Indore Metro will be held in September, said Metro MD Manish Singh, who was in the city on Friday for the testing of the trailer on the Metro track. He also reviewed the ongoing construction work.

MD Manish Singh and other higher officials of the Metro sat on the trailer and it moved around 200 metres on the Super Priority Corridor to test the width of the track, weight of the train, bends / turns of the track and other things have been successfully checked.

The testing is mandatory before the Metro cars put on the track. Singh said that all the Metro work is going on as per schedule.

At Indore Metro Depot, all preparations are complete for unloading the Metro cars at the unloading-bay with the help of '4-Point Jack'. A three-coach Metro train is being prepared by the Alstom company at Savli, Vadodara, with one coach having a width of 2.9 meters and a length of 22 metres. It will leave Vadodara on August 22 and reach Indore within 10 days. Shobhit Tandon, director (Systems) will go to Savli on Saturday to review the progress and get the train sent to Indore.

All the infrastructure related works for the trial run will be completed by the end of this month and other remaining works will be completed within the time limit after the trial run so that the operation of the Metro train can be started soon for the general public, said officials.

Singh inspected Gandhi Nagar Metro Depot with all concerned departments and directed that the work be completed on time. He said, if need be extra workforce be deployed.

The MD Singh also inspected the line and yard, test track, sub-stations connecting the Metro depot and viaduct and other things in detail and expressed satisfaction over the progress.

He instructed the contractor that the work of cleaning and housekeeping should be done simultaneously, after that the work of beautification should be completed.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | दैनिक जागरण | इंदौर | 19.08.2023 | 02 | 22 अगस्त को वडोदरा से इंदौर के लिए निकलेगी मेट्रो | Neutral |



# 22 अगस्त को बड़ोदरा से इंदौर के लिए निकलेगी मेट्रो



## भोपाल के मेट्रो कोच भी जल्द हो सकते हैं डिस्पैच

शहर संवाददाता, भोपाल। इंदौर और भोपाल में सितंबर में होने वाले मेट्रो के संचालन के लिए अंतिम चरण के कार्य चल रहे हैं। वड़ोदरा के सावली में आलस्टोम कंपनी द्वारा इंदौर में चलने वाली मेट्रो का निर्माण किया जा रहा है। इस ट्रेन को 22 अगस्त को वड़ोदरा से इंदौर के लिए रवाना किया जाएगा। माना जा रहा है कि 10 दिन के भीतर यह ट्रेन इंदौर पहुंच जाएगी। सूत्रों के अनुसार मेट्रो के इंदौर पहुंचने के आठ दिन बाद भोपाल में भी मेट्रो पहुंच सकती है और इसके लिए मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जल्दी ही शहर में मेट्रो के पहुंचने की अंतिम तिथि की भी घोषणा की जा सकती है। इंदौर मेट्रो के संचालन के लिए एमपी मेट्रो रेल के निदेशक (सिस्टम) शोभित टंडन आज सावली, वड़ोदरा पहुंचेंगे। वे यहां पर प्रोग्रेस रिव्यू कर ट्रेन को इंदौर के लिए रवाना करवाएंगे। उन्होंने बताया कि इंदौर डिपो में 4-पाइंट जेक से ट्रेन को अनलोडिंग बे पर अनलोड किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## तीन डिब्बों की होगी ट्रेन

भोपाल और इंदौर में तीन कोच की मेट्रो चलाई जाती है, जिसमें एक कोच में 50 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी और 250 लोग खड़े होकर सफर कर सकेंगे। हर कोच की लंबाई 22 मीटर और चौड़ाई 2.9 मीटर होगी। तीन कोच के इंदौर पहुंचने के बाद ट्रायल की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके लिए मॉक ट्रायल ऑफ ट्रेलर और मूवमेंट का भी सफल परीक्षण इंदौर में किया जा चुका है, जिसमें सड़क की चौड़ाई, ट्रेन का भार, सड़क के मोड़ घुमाव की जांच की जा चुकी है।

## उद्घाटन से पहले होगा सेफ्टी ट्रायल

कोच के इंदौर पहुंचने के बाद सबसे पहले मेट्रो का ट्रायल रन किया जाएगा, जिसमें सुरक्षा व संरक्षा का परीक्षण व स्टेशन पर लगे एस्केलेटर और लिफ्ट का भी ट्रायल कर जांच की जाएगी। सभी सुरक्षा जांच के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मेट्रो का उद्घाटन कर सकते हैं।

> सितंबर की शुरुआत में ही पहले मेट्रो कोच इंदौर पहुंच सकते हैं। वहां सुरक्षा व संरक्षा की परख के बाद तीन माह तक इसका कड़ा ट्रायल किया जाएगा।
>
> **- मनीष सिंह, एमडी,**
> एमपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 34 | नवभारत | इंदौर | 19.08.2023 | 12 | सितंबर मे होगा मेट्रो का ट्रायल रन | Neutral |





# सितंबर में होगा मेट्रो का ट्रायल रन

**प्रबंध संचालक ने की निर्माण कार्यो की समीक्षा, श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य करने के निर्देश**

इंदौर. सितंबर माह में होने वाले मेट्रो ट्रायल रन के मद्देनजर मेट्रो कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक मनीष सिंह शुक्रवार को इंदौर मेट्रो प्रायरटी का निरीक्षण करने पहुंचे. उन्होंने पिछले सप्ताह ही भोपाल प्रायरटी का निरीक्षण किया था. इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर दिन-रात कार्य कर तय समय में पूर्ण कर लिए जाएं.

एमडी सबसे पहले गांधी नगर डिपो पहुँचे और यहाँ बन रहे स्टेशन और डिपो का भ्रमण करने के उपरांत संबंधित अधिकारियों से कार्य प्रगति की जानकारी ली. श्री सिंह ने मेट्रो के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समूचा कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ दिन रात चलाया जाए, ताकि सितम्बर के माह में ट्रायल रन किया जा सके. निरीक्षण के उपरांत श्री सिंह ने बताया कि मेट्रो के छेड़ किलोमीटर ट्रायल रन के लिए लगातार काम चल रहा है. कार्य तय समय पर पूरा करने की कोशिश है. शीघ्र बड़ोदरा से कोच इंदौर पहुंच जाएंगे. मनीष सिंह ने बताया कि इंदौर- भोपाल मेट्रो का सितंबर में ट्रायल रन करवाने तैयारी है. इस माह यानि अगस्त अंत तक ट्रायल रन के लिए अधोसंरचना संबंधी सभी कार्य पूर्ण होंगे. अन्य बचे हुए कार्य ट्रायल रन उपरांत समय सीमा में किए जाएंगे पूर्ण ताकि मेट्रो ट्रेन का आमजन के लिए संचालन जल्द ही शुरू किया जा सके. प्रबंधक संचालक के निरीक्षण कार्यक्रम में अजय शर्मा, निदेशक प्रोजेक्ट, शोभित टंडन निदेशक सिस्टम, अजय कुमार महाप्रबंधक सिविल, अजय गुप्ता, महाप्रबंधक (ट्रैक), एन.डी. शब्बाबार, महाप्रबंधक (ई.एम.), कॉर्पोरेशन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, जनरल कंसल्टेंट केन्द्रीय अधिकारी मौजूद रहे. प्रबंध निदेशक ने अधिकारियों को निर्माण कार्य को द्रुतगति में लाने के लिए हरसंभव प्रयास करने के निर्देश दिए.

**6 किलोमीटर में बिछी पटरियां**

श्री सिंह ने बताया कि करीब छह किलोमीटर के हिस्से में पटरी बिछाने का काम पूरा हो गया है. स्टेशन के जिन तीन स्टेशनों से होकर मेट्रो को गुजरना है, उसका अभी तक फीसदी काम पूरा हो गया है. मेट्रो की बोगियां पटरियों तक ले जाने में एक हफ्ता लगेगा. श्री सिंह ने निर्देश दिये 24 घंटे शिफ्ट चला कर काम पूरा करवाएं. भोपाल के पहले इंदौर का ट्रायल रन होना है। करीब 2000 कर्मचारियों को अभी तीन शिफ्ट में काम करवाया जा रहा है। शुरू में इंदौर में लाइट मेट्रो चलाई जाएगी. श्री सिंह ने बताया कि ट्रायल रन के लिये कोच शीघ्र इंदौर पहुंचेंगे. ट्रायल रन गांधी नगर से लेकर रेडिसन तक होगा. निरीक्षण के बाद श्री सिंह ने कहा कि ट्रायल रन के लिये जो कार्य है वह ठीक ढंग से चल रहे है. उन्होंने कहा कि ट्रायल रन के लिये एक ही स्टेशन की आवश्यकता है. प्लेटफार्म का काम भी चल रहा है.

**समय सीमा अपरिवर्तनीय**

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कहा कि ट्रायल रन के लिए सभी महत्वपूर्ण कार्य समय पर पूर्ण कर लिए जाएंगे. साथ ही अवगत करवाया कि डिपो में प्रॉयोरिटी के तहत 3 किमी में से 2 किमी पटरी का कार्य पूर्ण किया जा चुका है. वायाडक्ट पर भी 12 किमी में से लगभग 6 किमी पटरी बिछाई जा चुकी है बाकी शेष को कार्य इसी माह के अंत तक पूर्ण कर लिए जाएंगे. प्रबंध संचालक ने आज एक बार फिर सभी को स्पष्ट रूप से अवगत करवाया कि इसी वर्ष सितंबर में होने वाले ट्रायल रन की समयसीमा अपरिवर्तनीय है, इससे पहले आवश्यक सभी कार्य पूर्ण हो जाने चाहिए।

**22 अगस्त को वड़ोदरा से रवाना होंगे कोच**

एल्सटॉम कंपनी द्वारा सावली, वडोदरा में तीन कोच की मेट्रो ट्रेन तैयार की जा रही है, जिसके एक डिब्बे की 2.9 मीटर चौड़ाई और 22 मीटर लंबाई होगी. इसी माह 22 तारीख को वडोदरा से रवाना होगी. 10 दिन के भीतर इंदौर पहुँच जाएगी. साथ ही सिस्टम निदेशक शोभित टंडन शनिवार को सावली, वडोदरा जाएंगे और प्रोजेक्ट रिव्यू कर ट्रेन को इंदौर के लिए रवाना करवाएंगे. इंदौर डेपो में 4-पॉइंट जेक जो कि आधुनिक तकनीक की मशीन है उससे ट्रेन को अनलोडिंग-बे पर अनलोड किया जाएगा. इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई है. साथ ही मॉक ट्रायल ऑफ ट्रेलर फॉर मूवमेंट का भी सफल परीक्षण शहर में किया जा चुका है, जिसमें रोड की चौड़ाई, ट्रेन का भार, रोड के मोड़/ घुमाव इत्यादि की जांच सफलतापूर्वक की जा चुकी है.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 35 | नवभारत | इंदौर | 19.08.2023 | 08 | एमपी ट्रांसको ने भोपाल मेट्रो किया ऊरजीकृत | Neutral |



# एमपी ट्रांसको ने भोपाल मेट्रो किया ऊर्जीकृत

**जबलपुर, 18 अगस्त. एम.पी. ट्रांसको ने एक और नवाचार करते हुये प्रदेश की पहली 132 के.व्ही. अंडर ग्राउंड लाइन का निर्माण कर इसे ऊर्जीकृत करने में सफलता हासिल की है.**

- प्रदेश की पहली 132 के.वी. अति उच्चदाब अंडर ग्राउंड लाइन
- भोपाल मेट्रो के 132 केव्ही आरएसएस सबस्टेशन सुभाष नगर तक सप्लाई उपलब्ध

म.प्र. के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि भोपाल मेट्रो को विद्युत प्रदाय के लिये एम.पी. ट्रांसको के भोपाल स्काडा सेंटर से ह्यूमन मशीन



इंटरफेस तकनीक का उपयोग करते हुये प्रदेश की इस पहली 132 के.व्ही. अंडर ग्राउंड लाइन को रिमोट से ऊर्जीकृत किया गया. इस लाइन पर अब भोपाल मेट्रो के 132 के.व्ही. आर.एस.एस. सबस्टेशन सुभाष नगर तक एम.पी. ट्रांसको की सप्लाई उपलब्ध हो गई है.

## लगभग 2.1 किमी डबल सर्किट लाइन का

मध्यप्रदेश में पहली बार 132 के.वी. वोल्टेज लेवल पर भूमिगत केबल अंडर ग्राउंड लाइन को स्थापित कर ऊर्जीकृत किये जाने के इस महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को हासिल करने पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने एम.पी. ट्रांसको के कार्मिकों को बधाई दी है. राजेश कुमार शांडिल्य ने बताया कि भोपाल मेट्रो के 132 के.वी. आर.एस.एस. सबस्टेशन सुभाष नगर को विद्युत प्रदाय हेतु एम.पी. ट्रांसको के 132 के.वी. सबस्टेशन चांदन (भोपाल) से लगभग 2.1 कि.मी. डबल सर्किट लाइन का निर्माण किया गया है. प्रदेश में पहली बार विद्युत पारेषण के लिये इस तकनीक का उपयोग किया गया है.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 36 | नई दुनिया | सम्पूर्ण मध्य प्रदेश | 19.08.2023 | 08 | इंतज़ार हुआ पूरा: भोपाल-इंदौर मे एक साथ मेट्रो का ट्रायल रन होगा शुरू | Advertorial |





# इंतजार हुआ पूरा : भोपाल-इंदौर में एक साथ मेट्रो का ट्रायल रन होगा शुरू

**मेट्रो ट्रेन की सौगात** मध्यप्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट मेट्रो का निर्माण कार्य अंतिम चरण में, सितंबर में पटरियों पर चलती दिखेगी मेट्रो

मध्यप्रदेश के इंदौर-भोपाल शहर के नागरिकों के लिए मेट्रो ट्रेन का इंतजार बस खत्म होने ही वाला है। दोनों शहरों में मेट्रो ट्रेनों के ट्रायल रन की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। सितंबर में मेट्रो ट्रेनों का ट्रायल रन शुरू हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश के भोपाल और इन्दौर को दी गई मेट्रो ट्रेन की सौगात के बाद से लगातार दोनों ही शहरों में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में निर्माण कार्य तेजी से चल कर अब पूर्णता की ओर है। लगभग 14 हजार करोड़ की लागत से तैयार हो रही भोपाल-इंदौर रेल परियोजना का मेट्रो ट्रेक, स्टेशन का कार्य अंतिम चरण में हैं। दोनों ही शहरों के लोग काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं।

## गुजरात में तैयार हो रहे कोच

## अत्याधुनिक सुरक्षा से लैस होंगी मेट्रो

## मेट्रो की बोगी का मुख्यमंत्री करेंगे अनावरण

## मध्यप्रदेश की बिजली से दौड़ रही हैं दिल्ली की मेट्रो ट्रेन

## पटरियों पर करंट से मेट्रो ट्रेन दौड़ेगी

## शुरुआत में ड्राइवर चलाएंगे फिर मेट्रो चलेगी ऑटोमेटिक

## भोपाल में तीन स्टेशन पूर्णता की ओर

## इंदौर में बन रहे 30 मेट्रो स्टेशन

## यह हैं भोपाल-इंदौर में चलने वाली मेट्रो ट्रेन के खास सिस्टम

## मेट्रो के शुभारंभ से पहले आएगी डमी ट्रेन

## डेढ़ साल तक तेज रफ्तार से चला काम, अब दूर नहीं मेट्रो की सवारी

## लेक सिटी भोपाल में वर्ल्ड क्लास सफर को लेकर लोग उत्साहित

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 37 | प्रजातन्त्र | इंदौर | 19.08.2023 | 02 | अगले साल अप्रैल से मेट्रो पर सवार होगा शहर, तैयारियाँ जोरों पर | Advertorial |

प्रजातंत्र इंदौर, शनिवार 19 अगस्त 2023



15 दिनों में अंडर ग्राउंड मेट्रो के टेंडर होंगे जारी

# अगले साल अप्रैल से मेट्रो पर सवार होगा शहर, तैयारियां जोरों पर

शैलेंद्र वर्मा | इंदौर

इंदौर में मेट्रो निर्माण की तेज गति अब थमने वाली नहीं है। आने वाले समय में शहर के लोग मेट्रो का सफर करने के साथ ही अंडरग्राउंड मेट्रो निर्माण का कार्य भी होते देखेंगे। शुक्रवार को इंदौर आए मेट्रो रेल कारपोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने बताया कि 17.5 किलोमीटर का सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर इंदौर के लोग अप्रैल 2024 में मेट्रो का सफर कर सकेंगे, जिसके लिए प्लानिंग की जा चुकी है। साथ ही साथ इंदौर में मेट्रो निर्माण के लिए सभी टेंडर जारी किए जा चुके हैं। अगले 15 दिनों में लगभग 9 किलोमीटर अंडरग्राउंड मेट्रो ट्रैक निर्माण के लिए भी टेंडर जारी कर दिए जाएंगे।

## हाई कोर्ट कमेटी से जल्द होगा अनुबंध

एमडी सिंह ने बताया कि अंडरग्राउंड मेट्रो निर्माण के लिए हाईकोर्ट के पास बगीचे की जमीन लेने के लिए उच्चतम न्यायालय कमेटी के समक्ष मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा आवेदन किया गया था। इस पर कमेटी द्वारा बैठक कर सहमति दी जा चुकी है। जल्द ही अनुबंध भी कर लिया जाएगा। अंडरग्राउंड मेट्रो निर्माण के लिए जहां स्टेशन बनाए जाएंगे, वहां ऊपरी हिस्से की जमीन पर ओपन कट (जमीन के ऊपरी हिस्से से खुदाई) लगाए जाएंगे। स्टेशन निर्माण के बाद इन्हें बंद कर दिया जाएगा और उसे स्थान की जमीन का उपयोग पहले जैसे ही किया जाने लगेगा। शहर के मध्य क्षेत्र में इस तरह अंडरग्राउंड मेट्रो ट्रैक और स्टेशन निर्माण के लिए सरकारी जमीन उपलब्ध है। इसीलिए निजी जमीन का अधिग्रहण बहुत ही कम किया जाएगा। एमजी रोड पर हाईकोर्ट वाले हिस्से से एयरपोर्ट तक अधिकांश स्थानों पर जमीन उपलब्ध है।



## रोबोट चौराहे से पलासिया ट्रैक के लिए जल्द एजेंसी

एमडी सिंह ने कहा कि रोबोट चौराहे से पलासिया तक एलिवेटेड मेट्रो ट्रैक निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। अगले एक माह में निर्माण एजेंसी तय कर दी जाएगी। इसके साथ ही अंडरग्राउंड मेट्रो निर्माण के लिए टेंडर डॉक्यूमेंट तैयार किया जा चुका है। इस ट्रैक पर फंडिंग करने वाली एजेंसी एशियन डेवलपमेंट बैंक की टीम भी दौरा कर चुकी है। उनकी ओर से अनुमति मिलते ही 15 दिनों के अंदर अंडर ग्राउंड मेट्रो निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिए जाएंगे।

## 6 किलोमीटर के बाद 17 किलोमीटर

एमडी सिंह ने बताया कि 6 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर 2 माह तक ट्रायल रन किया जाएगा। इसके बाद मेट्रो रेल सेफ्टी कमिश्नर द्वारा मेट्रो संचालन की व्यवस्थाओं का बारीकी से दो निरीक्षण किया जाएगा। इस समय स्टेशन सहित सभी सुविधाओं को पूरा करना मेट्रो रेल कारपोरेशन के लिए अनिवार्य होगा। इसके बाद मेट्रो रेल संचालन की अनुमति मिलेगी। योजना के अनुसार अप्रैल 2024 से पहले 17 किलो मीटर गांधीनगर से रोबोट चौराहे तक ट्रायल रन पूरा कर लिया जाएगा ताकि इस रोड पर आम जनता के लिए कमर्शियल रन शुरू किया जा सकेगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 38 | प्रजातन्त्र | इंदौर | 19.08.2023 | 03 | भोपाल से पहले इंदौर मे दौड़ेगई मेट्रो | Advertorial |

**प्रजातंत्र** इंदौर, शनिवार 19 अगस्त 2023

## उद्घाटन के वक्त 50 टन फूलों से सजेगा मेट्रो डिपो

### 15 सितंबर को मुख्यमंत्री कर सकते हैं ट्रायल रन की शुरुआत

### 21 अगस्त को गुजरात से रवाना हो जाएंगे दो कोच

# भोपाल से पहले इंदौर में दौड़ेगी मेट्रो

प्रजातंत्र संवाददाता | इंदौर

मध्य प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी और ड्रीम प्रोजेक्ट 'मेट्रो' पर इंदौर और भोपाल दोनों शहरों में तेजी से काम किया जा रहा है। लगभग तय हो गया है कि भोपाल से पहले इंदौर में मेट्रो पटरियों पर दौड़ती दिखाई देगी। 15 सितंबर 2023 को मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इंदौर में मेट्रो ट्रायल रन का शुभारंभ कर सकते हैं। इसकी अंतिम तैयारियों का निरीक्षण करने मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह शुक्रवार को इंदौर पहुंचे। गांधीनगर स्थित मेट्रो रेल डिपो का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने प्रदेश के सबसे बड़े मेट्रो स्टेशन गांधीनगर और टीसीएस चौराहे पर मेट्रो स्टेशन के निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट का प्रायोरिटी कॉरिडोर देश का सबसे तेज गति से बनने वाला ट्रैक है। इसके निर्माण के लिए दिसंबर 2022 यहां का ट्रैफिक डायवर्ट किया गया था और अगस्त 2023 में यहां ट्रायल रन की तैयारी की जा रही है।

मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी ने निर्माण कार्य की गति से संतुष्ट होने की बात कही है। उन्होंने कहा कि 10 सितंबर तक ट्रायल रन के लिए आवश्यक निर्माण और तकनीकी कार्यों को पूरा कर लिया जाएगा। उसके बाद हम किसी भी तारीख को ट्रायल रन के लिए तैयार रहेंगे। 21 अगस्त को बड़ौदा के सांवली से ट्रायल रन के लिए मेट्रो के 2 कोच रवाना होंगे और 1 कोच 22 अगस्त को रवाना होगा। इंदौर पहुंचने में इन्हें लगभग 10 दिन का समय लगेगा। इंदौर में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ट्रायल रन शुरू कर सकते हैं। 15 सितंबर को इसका कार्यक्रम बनाया जा रहा है। सीएम का समय मिलने के बाद तारीख पर अंतिम निर्णय होगा। एमडी ने बताया कि जनवरी 2023 से मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर 24 घंटे काम किया जा रहा है जिसके चलते लगभग 6 किलोमीटर का ट्रैक ट्रायल रन करने के लिए तैयार हो चुका है। यह देश में अब तक निर्माणाधीन मेट्रो में सबसे तेज गति से बनने वाला ट्रैक है।

### मेट्रो का काम पटरी पर...



मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ ट्रैक का दौरा किया।

### बाजी मार गया इंदौर

भोपाल की अपेक्षा इंदौर में मेट्रो रेल निर्माण का कार्य शुरुआती दौर में धीमा रहा लेकिन पिछले 2 सालों में इसमें तेजी आई। इंदौर में ट्रायल रन की तारीख लगभग तय हो गई है। वहीं भोपाल में ट्रायल कब होगा इसके लिए कोई तारीख निश्चित नहीं है। एमडी मनीष सिंह ने कहा कि इंदौर में काम तेज गति से हुआ है इसीलिए ट्रायल रन के लिए इंदौर को प्राथमिकता दी जा रही है। यहां निश्चित समय से भी पहले काम हुआ है जो एक मिसाल है।

### ट्रायल के जरूरी काम पहले करें

एमडी सिंह ने बताया कि ट्रायल रन के लिए सभी काम पूरे किए जाएं यह आवश्यक नहीं है, जब आम नागरिकों के लिए कमर्शियल रन शुरू होगा तब मेट्रो स्टेशन ट्रैक सहित सभी सुविधाएं एवं निर्माण कार्य पूरे किए जाना आवश्यक है। लेकिन अभी ट्रायल रन की शुरुआत होगी। जिसमें मेट्रो संचालन की व्यवस्था को बारीकी से परखा जाएगा तथा जहां खामियां मिलेगी उन्हें दूर भी किया जाएगा। उदाहरण के तौर पर स्टेबलिंग यार्ड में 8 ट्रैक बनाए जाना है लेकिन ट्रायल रन के लिए हमें केवल एक ट्रैक की आवश्यकता है। इसके अलावा बहुत से ऐसे काम है जिसकी आवश्यकता अभी हमें नहीं है। ट्रायल रन के लिए हमें डिपो, रैम्प, ट्रैक, प्लेटफार्म की आवश्यकता है। वर्तमान में प्लेटफार्म फिनिशिंग का काम चल रहा है जो 10 दिनों में पूरा हो जाएगा।

### डिपो की कंट्रोल यूनिट इमारत में होगा आयोजन

ट्रायल रन की तैयारियां आरंभ हो चुकी है। उद्घाटन कार्यक्रम डिपो में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पूरे मेट्रो डिपो को सजाने की तैयारी की जा रही है। मुख्य रूप से मेट्रो डिपो की कंट्रोल यूनिट वाली इमारत में आयोजन होगा। जिसको 50 टन फूलों से सजाया जाएगा।

SNo. 39

**Digital/Electronic Platforms**

**Indore Talk**

https://www.instagram.com/p/CwFilzvBXJS/?igshid=YTUzYTFiZDMwYg==

**Mediavala.in**

https://mediawala.in/indore-metro-inspection-of-the-work-of/

**News24 MPCG**

https://twitter.com/News24_MPCG/status/1692487243322290190?t=4Uiz_ff5mrMeuLwY9Mvv0w&s=08

**Amar Ujala**

https://www.amarujala.com/madhya-pradesh/indore/indore-metro-train-coaches-ready-in-baroda-first-batch-will-arrive-by-august-27-2023-08-18

**TV MP News**

https://www.facebook.com/tvmpnews/videos/6141476532622889/?extid=CL-UNK-UNK-UNK-AN_GK0T-GK1C&mibextid=Gbt8ca

**The Sootr**

https://www.youtube.com/watch?v=JnNYxwLxU7c

https://thesootr.com/state/metros-trial-run-is-possible-anytime-after-september-15-in-indore/45233

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 40 | प्रदेश टूडै | इंदौर | 21.08.2023 | 12 | ट्रायल के लिए ट्रैक का काम पूरा, 21 को वडोदरा से इंदौर रवाना होंगे दो कोच | Neutral |

# सिटी



## ट्रायल के लिए ट्रैक का काम पूरा, 21 को वडोदरा से इंदौर रवाना होंगे दो कोच

इंदौर। मेट्रो रूट के पहले चरण में करीब 6 किलोमीटर हिस्से में पटरी बिछाने का काम पूरा हो गया है। 3 मुख्य स्टेशन का काम भी करीब 60 प्रतिशत हो चुका है। 21 अगस्त



को वडोदरा की कंपनी से 2 कोच इंदौर के लिए रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में 15 सितंबर को ट्रायल रन करने की पूरी तैयारी है। भोपाल से आए मेट्रो कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने मेट्रो ट्रैक का दौरा किया। गांधी नगर डिपो की तैयारियों को लेकर निर्देश दिए। गांधी नगर डिपो में बन रहे स्टेशन का भी जायजा लिया। अफसरों से कहा कि 24 घंटे काम हो ताकि सितंबर में ट्रायल का लक्ष्य हासिल किया जाए। सिंह के मुताबिक, करीब छह किमी के हिस्से में पटरी बिछाई जा चुकी है। जिन तीन स्टेशनों से मेट्रो को गुजरना है, उसका 60 फीसदी काम हो गया है। पटरी के साथ तीसरे रेल ट्रैक का काम भी चल रहा है। इस ट्रैक की बिजली से ही मेट्रो का संचालन होता है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 41 | अग्निबाण | इंदौर | 21.08.2023 | 2 | दौड़ेगई मेट्रो.. इसी सप्ताह पैन्थर लाइन से बिजली कनेक्शन की तैयारी | Neutral |

अग्निबाण Page No. 2 Aug 21, 2023 INDORE

# दौड़ेगी मेट्रो... इसी सप्ताह पैंथर लाइन से बिजली कनेक्शन की तैयारी

**इंदौर। इंदौर शहर में मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है। पश्चिम क्षेत्र में बने डिपो के समीप टेस्टिंग रन की व्यवस्था अंतिम चरणों में है। बिजली कंपनी ने भी कनेक्शन की पूरी तैयारी कर ली है। सम्भवत: बिजली कंपनी 33 केवी बड़ी लाइन से 1 सप्ताह में कनेक्शन दे देगी।**

मेट्रो के भारी इंजन को खींचने के लिए बिजली की उच्च गुणवत्ता क्षमता की आवश्यकता रहेगी। तकरीबन 25 हजार वाट का बिजली कनेक्शन कंपनी द्वारा देने की पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। फिलहाल मेट्रो में टेस्टिंग की प्रक्रिया चल रही है। जैसे ही कंपनी के द्वारा इस प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा तो सुपर कॉरिडोर स्थित टीसीएस के सामने 33 किलोवाट की पैंथर लाइन से मेट्रो के बिजली कनेक्शन को जोड़ दिया जाएगा। इसके बाद यहां से मेट्रो कंपनी बिजली लाइन को अपने हिसाब से संचालित करेगी। यानी मेट्रो के जुड़ने के लिए बिजली की पैंथर लाइन से कनेक्शन दिया जा रहा है। जैसे-जैसे मेट्रो का विस्तार होगा, उसके अनुसार अलग-अलग बिजली के कनेक्शन दिए जाने की योजना कंपनी में बनाई है। फिलहाल सुपर कॉरिडोर पर टीसीएस के सामने मेट्रो स्टेशन पर यह कनेक्शन दिया जा रहा है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 42 | प्रदेश टुडे | इंदौर | 22.08.2023 | 2 | मध्य प्रदेश मे दौड़ेगई मेट्रो भोपाल ओर इंदौर मे सितंबर से ट्रायल रन | Advertorial |



# मध्यप्रदेश में दौड़ेगी मेट्रो

# भोपाल और इंदौर में सितंबर से ट्रायल रन

## शहरी विकास में नंबर-1 मध्यप्रदेश

*मप्र के दो बड़े शहर भोपाल और इंदौर अब मेट्रो शहर कहलाएंगे। राजधानी भोपाल सहित इंदौर में मेट्रो का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। गुजरात में इसकी बोगियां बन रही हैं। मप्र के दोनों शहरों में पटरिया बिछाने और स्टेशन का काम तेजी से जारी है। यहां मेट्रो ट्रायल रन सितंबर में किया जाएगा।*



**मप्र की शिवराज सरकार का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'मेट्रो इन मध्यप्रदेश'** जल्द ही अपने अंतिम स्वरूप में नजर आने वाला है। मध्यप्रदेश के इंदौर और भोपाल जल्द उन शहरों में शुमार हो जाएंगे जहां मेट्रो ट्रेन जैसी अत्याधुनिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवाएं उपलब्ध है। इसी साल सितंबर महीने में दोनों शहरों में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन शुरू कर दिया जाएगा। मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन (एमपीएमआरसी) ने दोनों शहरों में ट्रायल का टारगेट तय कर दिया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जल्द ही ट्रायल रन के लिए मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं। भोपाल और इंदौर दोनों ही शहरों में मेट्रो के एलीवेटेड रूट पर पटरियां बिछाने का काम तेजी से जारी है। स्टेशनों के मुख्य स्ट्रक्चर लगभग तैयार है। भोपाल स्थित 6.225 किमी एलिवेटेड पुल (वायाडक्ट) के डिजाइन तथा निर्माण का लगभग 93% सिविल कार्य पूरा किया जा चुका है। इंदौर स्थित एलिवेटेड पुल (वायाडक्ट) के डिजाइन तथा निर्माण जिसकी लम्बाई 17.2 किमी है, के 6.3 किमी के प्रायोरिटी कॉरिडोर का अब तक लगभग 73% सिविल कार्य पूर्ण हो चुका है। पहले चरण के तहत भोपाल में लगभग 30.95 किमी (ऑरेंज लाइन तथा ब्लू लाइन) एवं इंदौर में लगभग 31.5 किमी (यलो लाइन) पर निर्माण कार्य तेजी से जारी है। रुपए 14000 करोड़ की लागत वाली परियोजना का ट्रायल प्रायोरिटी बेस पर किया जाएगा।

## हाईटेक मेट्रो में सुरक्षित और आरामदायक सफर



मध्यप्रदेश की मेट्रो कई आधुनिक सुरक्षा प्रणालियों से लैस होने वाली है, जिसमें [illegible] सिस्टम और [illegible] सिस्टम के जरिए यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। ट्रेन के संचालन के लिए [illegible] सिस्टम का भी इस्तेमाल किया जाएगा। सभी सुरक्षा प्रणालियों के कारण जहां ट्रेन में सफर आरामदायक होगा वहीं यात्रियों को पूरी सुरक्षा भी मिलेगी। मेट्रो के हर कोच और स्टेशन के साथ अन्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इनमें कैप्चर होने वाले वीडियो से संदिग्ध व्यक्ति का चेहरा मिलान कर वीडियो एनालिटिक्स सिस्टम के जरिए उसकी पहचान की जाएगी। इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम की मदद लेकर डाटा तैयार किया जाएगा, जिसमें अपराधियों और गुमशुदा व्यक्तियों के फोटो अपलोड किए जाएंगे। अपराधी जैसे ही कैमरे के संपर्क में आएगा, अलार्म बजना शुरू हो जाएगा। इस सिस्टम को मेट्रो के कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। लंबे समय तक वीडियो फुटेज संरक्षित रखे जा सकेंगे। इस सिस्टम के तहत चश्मा पहने हुए व्यक्ति की पहचान करना भी आसान होगा।

## भोपाल में 27 और इंदौर के लिए 25 मेट्रो ट्रेन तैयार

गुजरात के सावली में एल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड भोपाल के लिए 81 और इंदौर के लिए 75 कोचेस बना रही है। एक ट्रेन में तीन कोचों के हिसाब से भोपाल के लिए 27 और इंदौर के लिए 25 मेट्रो ट्रेन तैयार हो रही हैं। शिवराज सरकार द्वारा एल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड को कुल 156 कोच के साथ सिग्नलिंग, ट्रेन कंट्रोल और टेलीकम्युनिकेशन सिस्टम के निर्माण के साथ कमीशनिंग और मेंटेनेंस का वर्क ऑर्डर दिया गया है। इस बात को पूरी तरह से सुनिश्चित कर लिया गया है कि मेट्रो ट्रेन क्वालिटी के लिहाज से उच्च कोटि की हो। सभी मेट्रो के हर कोच को सर्वसुविधायुक्त तरीके से डिजाइन किया गया है। भोपाल में अभी प्रायोरिटी रूट सुभाष नगर से एम्स तक है। फिलहाल ट्रायल रन के लिए सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक का ट्रैक तैयार हो रहा है। कमर्शियल रन के लिए एम्स तक का काम वर्ष 2024 तक पूरा हो जाएगा। यानी अगले वर्ष से यात्री मेट्रो में सफर कर सकेंगे। यही स्थिति इंदौर की भी है। शुरुआत में मेट्रो ट्रेन ड्राइवर चलाएंगे। दो-तीन साल बाद ट्रेन बिना ड्राइवर के ऑटोमेटिक चलाने की कोशिश है।

## भोपाल-इंदौर में मेट्रो के कई स्टेशनों के स्ट्रक्चर पूर्णता की ओर...



मेट्रो के संचालन के लिए राजधानी भोपाल में एम्स से सुभाष नगर अंडरब्रिज तक आठ स्टेशन बनने हैं। ये स्टेशन एम्स, अलकापुरी, DRM ऑफिस, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, एमपी नगर, बोर्ड ऑफिस, केंद्रीय विद्यालय और सुभाष नगर में बन रहे हैं। सभी स्टेशनों का सिविल काम जमीन से ऊपर दिख रहा है। स्टेशन 100 मीटर लंबे और कम से कम 14 मीटर चौड़े होंगे। इन स्टेशन पर यात्रियों के लिए इंटरनेट सहित अन्य सुविधाएं देने की तैयारी शिवराज सरकार द्वारा की गई है।

भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट का तीसरा बड़ा काम डिपो का है, जो सुभाषनगर अंडरब्रिज के पास स्टड फॉर्म की 26.41 हेक्टेयर (65.26 एकड़) जमीन पर बनाया जा रहा है। इंदौर मेट्रो ट्रेन प्रायोरिटी कॉरिडोर में गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर 3 तक का काम तेजी से चल रहा है। गांधी नगर, सुपर कॉरिडोर 6, 5, 4, 3 स्टेशन का काम तेजी से जारी है। गांधी नगर में लगभग 30 हेक्टेयर इंदौर में रिंग लाइन के तहत मेट्रो संचालन होगा। प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत भोपाल में 5.0 किलोमीटर एवं इंदौर में गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर -03 तक लगभग 6.3 किलोमीटर पर ट्रायल रन के मद्देनजर निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण की ओर तेजी से पहुंच रहा है। भोपाल में 1921 मीट्रिक टन पटरी एवं इंदौर में 2700 मीट्रिक टन पटरी की सप्लाइ हो चुकी है। वायाडक्ट में बलास्टलेस ट्रेक / पटरी बिछाने का कार्य भोपाल में लगभग 3.5 किलोमीटर और इंदौर में लगभग 4.5 किलोमीटर पूरा कर लिया गया है। अब तक भोपाल डिपो टेस्ट ट्रेक में लगभग 148 मीटर तथा इंदौर डिपो टेस्ट ट्रेक में लगभग 1.5 किमी पटरी बिछाई जा चुकी है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 43 | नई दुनिया | इंदौर | 23.08.2023 | 02 | 15 मीटर ऊंचाई पर आकार लेने लगा मेट्रो स्टेशन का भव्य स्वरूप | Neutral |



# 15 मीटर ऊंचाई पर आकार लेने लगा मेट्रो स्टेशन का भव्य स्वरूप

उदय प्रताप सिंह • इंदौर

जमीन से 15 मीटर ऊंचाई पर मेट्रो स्टेशन का प्लेटफार्म भव्य आकार लेने लगा है। सबसे पहले सुपर कारिडोर पर मेट्रो स्टेशन नंबर एससी-3 आकार लेगा। रात-दिन तीन शिफ्ट में करीब 250 मजदूर मेट्रो स्टेशन को आकार देने में जुटे हैं। 25 दिन बाद शहरवासी सुपर कारिडोर क्षेत्र में मेट्रो के वायडक्ट पर ट्रायल रन के दौरान इस स्टेशन के साथ अन्य चार स्टेशनों पर मेट्रो को द्रुत गति से दौड़ते हुए देख पाएंगे। यह संभावना जताई जा रही कि 15 सितंबर को ट्रायल रन के दौरान इसी प्लेटफार्म से मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर गांधीनगर स्टेशन की ओर रवाना किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम इसी प्लेटफार्म पर होगा। इसको इसी सबसे पहले तैयार किया जा रहा है। ट्रायल रन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आने की भी संभावना है। गांधीनगर डिपो से सुपर कारिडोर के 5.9 किमी लिस हिस्से पर ट्रायल रन होना है, वहां तेज गति से काम चल रहा है।

ट्रायल रन

5 मेट्रो स्टेशन

5.9 किमी

प्लेटफार्म के साथ लिफ्ट, एस्केलेटर तैयार करने में जुटी टीम

**सबसे पहले तैयार होगा सुपर कारिडोर नंबर 3 स्टेशन**

**दिव्यांगों को भी होगी आसानी**

मेट्रो के प्लेटफार्म को इस तरह तैयार किया जा रहा है कि दृष्टिहीन और दिव्यांगों को भी सफर करने में आसानी हो। इस वजह से कान्कोर लेवल के साथ प्लेटफार्म पर टैक्टाइल के फ्लोर के साथ विशेष टाइल्स लगाई जा रही हैं।



नईदुनिया सबसे पहले

मेट्रो स्टेशन सुपर कारिडोर नंबर 3

मेट्रो का यह स्टेशन सबसे पहले तैयार होकर भव्य आकार लेने लगा है। इस पर लोहे के 40 कालम लगाए जा चुके हैं। इसपर शेड लगेगा और ट्रायल रन वाले दिन मेट्रो बिछी पटरियों पर से गुजरेगी मेट्रो। सुपर कारिडोर से गुजरने वाले इस स्टेशन के रूप में मेट्रो के बड़े आकार और शहर के तेज विकास को देख रहे हैं। • प्रफुल्ल चौरसिया, आशु

सुपर कारिडोर के मेट्रो स्टेशन नंबर एससी-3 के प्लेटफार्म पर पर लोहे के 40 कालम लगाए जा चुके हैं। अब उसके ऊपर शेड लगाने का काम तीन-चार दिन में शुरू हो जाएगा। ऐसे में सबसे पहले यह स्टेशन ही भव्य रूप में आकार लेगा। इस स्टेशन के कान्कोर लेवल पर टिकट काउंटर का स्ट्रक्चर तैयार हो गया है। कान्कोर लेवल वाले फ्लोर से प्लेटफार्म तक पहुंचने के लिए एस्केलेटर लगाया जा चुका है। सीढ़ियां भी तैयार हैं। भूतल पर प्रवेश द्वार तैयार किया जा रहा है। ट्रायल रन के पहले यहां पर एक लिफ्ट भी तैयार होगी।

**गांधीनगर स्टेशन**

40 मीटर चौड़ा व 140 मीटर लंबा सबसे बड़ा स्टेशन है। डिपो से ट्रेन सबसे पहले इसी स्टेशन पर पहुंचेगी। यहां पर चार प्रवेश व निकास मार्ग बनना है, लेकिन अभी एक मार्ग ट्रायल रन के पहले तैयार होगा। यहां 216 गर्डर बिछाकर कान्कोर लेवल व प्लेटफार्म को तैयार किया गया है।

**24 घंटे चल रहा काम:** 180 श्रमिक, 6 सुपरवाइजर, 4 मैनेजर जुटे

**स्टेशन सुपर कारिडोर 6**

यहां पटरी बिछाने का काम पूरा हो गया है और स्टेशन के कान्कोर लेवल स्ट्रक्चर को तैयार में पांच दिन लगेंगे। 10 दिन में प्लेटफार्म का निर्माण हो जाएगा। ट्रायल रन के बाद ही यहां पर एस्केलेटर, लिफ्ट अन्य सुविधा विकसित की जाएगी। प्लेटफार्म पर शेड लगाने का काम बाकी है, जो जल्द पूर्ण होगा।

**24 घंटे चल रहा काम:** 80 श्रमिक, 4 सुपरवाइजर, 2 मैनेजर जुटे

**स्टेशन सुपर कारिडोर 5**

मेट्रो स्टेशन के प्लेटफार्म के ऊपर 18 लोहे के कालम लगाए जा चुके हैं और 22 लगना बाकी है। इसके बाद यहां शेड लगाया जाएगा। यह दूसरा स्टेशन है जो एससी 3 स्टेशन के बाद तैयार होगा। यहां कान्कोर लेवल पर टैक्टाइल पत्थर लगाया जा चुका है। पेंटिंग कार्य हो गया है। एक लिफ्ट डक्ट तैयार हो गई है।

**24 घंटे चल रहा काम:** 120 श्रमिक, 5 सुपरवाइजर, 4 मैनेजर जुटे

**स्टेशन सुपर कारिडोर 4**

यहां कान्कोर और प्लेटफार्म लेवल का स्ट्रक्चर बन गया 3र पटरियां भी बिछा दी गईं। शेड निर्माण ट्रायल रन के बाद होना है। समय कम होने पर शेड निर्माण होने की संभावना है। ट्रायल रन तक सीढ़ी व लिफ्ट भी लगाई जाएगी।

**12 घंटे चल रहा काम:** 80 श्रमिक, 4 सुपरवाइजर, 2 मैनेजर मौजूद

**स्टेशन सुपर कारिडोर 3:**

इस स्टेशन पर छह लिफ्ट व आठ एस्केलेटर का प्रावधान है। ट्रायल रन के पहले दो लिफ्ट व दो एस्केलेटर चालू होंगे। स्टेशन की इमारत में संचालन का कार्य भी किया जा रहा है। सीढ़ियों के किनारे जल्द ही रेलिंग लगाई जाएगी।

**24 घंटे तीन शिफ्ट में काम:** 250 श्रमिक, 8 सुपरवाइजर, 6 मैनेजर जुटे

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 44 | पत्रिका | इंदौर | 23.08.2023 | 4 | वडोदरा से रवाना हुए मेट्रो ट्रेन के तीन कोच, 2 सितंबर तक इंदौर पहुंचें | Neutral |

पत्रिका

**बिजली कंपनी ने किया 10 एमवीए का कनेक्शन**

# वडोदरा से रवाना हुए मेट्रो ट्रेन के तीन कोच, 2 सितंबर तक इंदौर पहुंचेगी



**इंदौर @ पत्रिका.** मेट्रो ट्रेन के ट्रॉयल के लिए वडोदरा की कंपनी से तीन कोच इंदौर के लिए रवाना हो गए हैं। कोच 1 या 2 सितंबर को यहां पहुंचेंगे और 10 से 15 सितंबर के बीच ट्रॉयल की तैयारी है। इधर, बिजली कंपनी ने भी मेट्रो के लिए 10 एमवीए का कनेक्शन कर दिया है। इसके लिए 17 किलोमीटर की नई पैंथर लाइन डाली गई, जिसका फायदा सुपर कॉरिडोर की कंपनियों और पूरे क्षेत्र को भी मिलेगा।

मेट्रो ट्रेक पर करीब 6 किमी हिस्से में पटरी डालने का काम लगभग पूरा हो गया है, गांधीनगर डिपो में भी पटरी डाली जा चुकी है। यहां नई मशीन लाई गई है। वडोदरा की कंपनी ने मेट्रो के लिए विशेष कोच तैयार किए हैं, वहां से सड़क मार्ग के जरिए तीन कोच रवाना हो गए हैं। 1 या 2 सितंबर को इंदौर आने के बाद डिपो से विशेष मशीन के जरिए इन्हें ट्रैक पर लाया जाएगा। सीएम की उपस्थिति में शुरुआती छह किमी में ट्रॉयल की तैयारी है। इसके बाद कमिश्नर ऑफ रेलवे सिक्योरिटी द्वारा सिक्योरिटी चेक किया जाएगा। मेट्रो कार्पोरेशन के अधिकारियों के निर्देशन में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इधर, पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मंगलवार दोपहर 10 एमवीए का बिजली कनेक्शन विधिवत रूप से किया है। एमडी अमित तोमर के मुताबिक, बिजली कंपनी ने विशेष रूप से उज्जैन रोड स्थित जैतपुरा के अति उच्चदाब पावर ग्रिड से अरविंदो चौराहे होते हुए टीसीएस चौराहे तक 17 किमी की पैंथर लाइन डाली है। कंपनी ने 17 करोड़ की मंजूरी देकर 17 मीटर ऊंचे मोनोपोल पर 510 एम्पीयर के पैंथर कंडक्टर लगाए गए।

23/08/2023 | Indore City | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 23.08.2023 | 01 | मेट्रो के तीन कोच वडोदरा से रवाना, 30 तक आएंगे; अगले महीने होगा ट्रायल रन | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 23-08-2023 Pg-01

# मेट्रो के तीन कोच वडोदरा से रवाना, 30 तक आएंगे; अगले महीने होगा ट्रायल रन

भास्कर संवाददाता | इंदौर

प्रायोरिटी कॉरिडोर पर अगले माह होने वाले मेट्रो के ट्रायल रन को लेकर काम जोरों से चल रहा है। मंगलवार को वडोदरा से तीन कोच भी रवाना हुए। संभवतः 30 अगस्त तक ये इंदौर पहुंचेंगे।

सुपर कॉरिडोर पर गांधीनगर से टीसीएस तक करीब 5.9 किमी के हिस्से पर सितंबर में ट्रेन चलाई जाना है। इसके लिए स्टेशन निर्माण, बिजली सहित अन्य कामों को गति दी गई है। श्रमिकों की संख्या भी बढ़ाई गई है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के जीएम अजय कुमार ने बताया कि फिलहाल मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन 17.5 किमी के हिस्से पर काम कर रहा है। यह एलिवेटेड कॉरिडोर गांधीनगर से सुपर कॉरिडोर होते हुए लवकुश चौराहा, आईएसबीटी, बापट, विजय नगर, रेडिसन चौराहा होते हुए रोबोट चौराहे तक बन रहा है। इसके बाद यह तिलक नगर से पलासिया होते हुए एमजी रोड की ओर जाएगा, जहां मेट्रो अंडरग्राउंड हो जाएगी। रोबोट चौराहे से पलासिया तक 5.50 किमी के हिस्से के लिए बुलवाए गए टेंडर में पांच कंपनियों ने हिस्सा लिया। इनमें दिनेशचंद्र आर अग्रवाल इंफ्राकॉन प्रालि., आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया लि., रेल विकास निगम लिमिटेड, रणजीत बिल्डकॉन लि. व सेम इंडिया बिल्टवेल प्रालि. शामिल हैं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 46 | नवभारत | इंदौर | 23.08.2023 | 2 | इंदौर मेट्रो के लिए 10 एमवीए का कनेक्शन किया सर्व | Neutral |



# इंदौर मेट्रो के लिए 10 एमवीए का कनेक्शन किया सर्व

**इंदौर. मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने इंदौर मेट्रो के लिए मंगलवार को 10 एमवीए का बिजली कनेक्शन**

**बिजली कंपनी ने टीसीएस चौराहे तक स्थापित की पैंथर लाइन**

**नए इंदौर के लिए बिजली**

**विधिवत रूप से किया हैं। इसके लिए बिजली कंपनी ने विशेष रूप से उज्जैन रोड स्थित जैतपुरा के अति उच्चदाब पावर ग्रिड से अरबिंदो चौराहे होते हुए टीसीएस चौराहे तक 17 किमी की अत्याधुनिक पैंथर लाइन की स्थापना की हैं.**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि मेट्रो के लिए उच्च शक्ति की 33 केवी की बिजली नई लाइन के माध्यम से प्रदाय करने के लिए सघन प्रयास किए गए थे. इसके लिए सत्रह करोड़ की मंजूरी देकर 17 मीटर ऊंचे मोनोपोल पर 510 एम्पीयर के पैंथर कंडक्टर लगाए गए। इससे उच्च क्षमता के साथ बिजली पहुंच रही है. तोमर ने बताया कि इंदौर के सुपर कॉरिडोर स्थित टीसीएस चौराहे के पास मंगलवार दोपहर बिजली कंपनी की टीम ने विधिवत रूप से प्रोटोकाल के तहत मेट्रो की टीम के साथ पैंथर लाइन से मेट्रो के पावर कमांड सेंटर को चार्ज कर दिया. श्री तोमर ने बताया कि मेट्रो को बिजली उपलब्ध कराने एवं अत्याधुनिक पैंथर लाइन की स्थापना में अधीक्षण यंत्री शहर मनोज शर्मा, अधीक्षण यंत्री ग्रामीण डॉ. डीएन शर्मा, कार्यपालन यंत्री अभिषेक रंजन, आर.एल. धाकड़ आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा. इधर मंगलवार शाम को बिजली कंपनी के निदेशक पुनीत दुबे, वरिष्ठ अधिकारी रवि मिश्रा, अनिल नेगी ने भी मेट्रो के दिए बिजली कनेक्शन का निरीक्षण किया और मीटर उपकरण भी देखे.

बिजली कंपनी की उपरोक्त पैंथर लाइन से मेट्रो के अलावा टीसीएस, इंफोसिस समेत अन्य नई कंपनियों, नए बस रहे इंदौर, अरबिंदो के आसपास के क्षेत्र के साथ ही सीमावर्ती क्षेत्र के उद्योगों को निर्बाध बिजली मिलेगी.



| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 47 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 23.08.2023 | 5 | मेट्रो के लिए बिजली कंपनी ने 10 एमवीए का कनेक्शन सर्व किया | Neutral |


बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

इंदौर सिटी Page: 5 August 23, 2023


# मेट्रो के लिए बिजली कंपनी ने 10 एमवीए का कनेक्शन सर्व किया


पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर

editor@peoplessamachar.co.in




मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने इंदौर मेट्रो के लिए मंगलवार दोपहर 10 एमवीए का बिजली कनेक्शन विधिवत रूप से सर्व किया है। इसके लिए बिजली कंपनी ने विशेष रूप से उज्जैन रोड स्थित जैतपुरा के अति उच्चदाब पॉवर ग्रिड से अरबिदो चौराहे होते हुए टीसीएस चौराहे तक 17 किमी की अत्याधुनिक पैंथर लाइन की स्थापना की है।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि मेट्रो के लिए उच्च शक्ति की 33 केवी की बिजली नई लाइन के माध्यम से प्रदाय करने के लिए सघन प्रयास किए गए थे। इसके लिए सत्रह करोड़ की मंजूरी देकर 17 मीटर ऊंचे मोनोपोल पर 510 एम्पीयर के पैंथर कंडक्टर लगाए गए। इससे उच्च क्षमता के साथ बिजली पहुंच रही है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Context | Page | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 48 | पत्रिका | इंदौर | 24.08.2023 | कोच आने के पहले ट्रायल की तैयारियां तेज | 10 | Neutral |

पत्रिका

**#MetroTrain** कोच आने के पहले ट्रायल की तैयारियां तेज

# रीगल टॉकीज में मेट्रो स्टेशन, वडोदरा से कोच रवाना

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com






**इंदौर @ पत्रिका.** रीगल टॉकीज की जमीन पर मेट्रो स्टेशन बनाया जाएगा। मंगलवार को अधिकारियों ने इसे लेकर सर्वे किया। इधर वडोदरा से कोच रवाना होने के बाद ट्रॉयल की तैयारियों को तेजी से अंतिम रूप दिया जा रहा है।

मेट्रो कॉर्पोरेशन के अधिकारियों की टीम मंगलवार सुबह रीगल तिराहे पर पहुंची और पूरे इलाके को देखा। कंपनी ने जो डिजाइन तैयार की है उसके आधार पर सर्वे कर जानकारी ली। अफसरों के मुताबिक, रीगल टॉकीज की जमीन पर मेट्रो स्टेशन बनाया जाएगा। इधर, वडोदरा से तीन कोच को रवाना किया गया है। कंपनी ने इसके फोटो भी अफसरों को उपलब्ध कराए हैं। भोपाल में भी तीन कोच वाली एक ट्रेन 15 सितंबर तक पहुंच जाएगी। 15 सितंबर को मुख्यमंत्री की उपस्थिति में ट्रायल की तैयारी है। इधर, मेट्रो कॉर्पोरेशन ने रोबोट चौराहे से पलासिया तक के टेंडर की बीट खोल दी है। काम करने के लिए रेलवे विकास निगम के साथ 4 अन्य कंपनियों ने रुचि दिखाई है। एक महीने में टेंडर को अंतिम रूप देंगे।

24/08/2023 | Indore City | Page : 10
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 49 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 24.08.2023 | 1 | मेट्रो के तीन कोच इंदौर के रास्ते; हर कोच 22 मीटर लंबा, 5 मीटर चौड़ा | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 24-08-2023

Pg-01

# मेट्रो के तीन कोच इंदौर के रास्ते; हर कोच 22 मी. लंबा, 5 मी. चौड़ा




**इंदौर|** सितंबर में होने वाले मेट्रो ट्रायल रन के लिए इंदौर मेट्रो के तीन कोच कंपनी के सावली, वडोदरा स्थित यूनिट से इंदौर के लिए रवाना हुए। एक कोच की चौड़ाई लगभग 2.9 मीटर, लंबाई 22 मीटर और ऊंचाई 5 मीटर है। माह के अंत तक इंदौर पहुंचने के बाद गांधीनगर डिपो में 4-पॉइंट जेक मशीन से इसे अनलोड किया जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | राज एक्सप्रेस | इंदौर | 24.08.2023 | 5 | इंदौर के लिए 3 मेट्रो कोच रवाना | Neutral |



# इंदौर के लिए 3 मेट्रो कोच सूरत से रवाना

## 1 सितंबर तक पहुंचेंगे, अनलोड की तैयारियां पूर्ण

इंदौर। सितंबर माह में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन संपन्न किया जाएगा। इंदौर मेट्रो के लिए तीन कोच वाली पहली ट्रेन एलस्टॉम कंपनी के सावली, वडोदरा, गुजरात स्थित यूनिट से बुधवार को इंदौर के लिए रवाना हो चुकी है। मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह सितंबर माह में होने वाले मेट्रो ट्रायल रन के मद्देनजर कार्यों को लेकर अधिकारियों से निरंतर अपडेट ले रहे हैं। मेट्रो रेल कार्पोरेशन के के अनुसार बुधवार को इंदौर मेट्रो के लिए तीन कोच वाली पहली ट्रेन एलस्टॉम कंपनी के सावली, वडोदरा, गुजरात स्थित यूनिट से बुधवार को इंदौर के लिए रवाना हुई। जो इसी माह के अंत तक इंदौर पहुंच जाएगी। तीन कोच की मेट्रो ट्रेन के एक डिब्बे की लगभग 2.9 मीटर चौड़ाई, 22 मीटर लंबाई एवं ऊंचाई 5 मीटर होगी। अधिकारियों ने बताया कि कतवाया कि इंदौर पहुंचने बाद गांधीनगर डिपो में आधुनिक तकनीक की मशीन 4-पॉइंट जेक से ट्रेन को अनलोडिंग-वे पर अनलोड किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई है, साथ ही ट्रेलर के मूवमेंट का मॉक ट्रायल का भी सफल परीक्षण इंदौर शहर में किया जा चुका है।



| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 51 | नवभारत | इंदौर | 24.08.2023 | 2 | मेट्रो के लिए तीन कोच वाली पहली ट्रेन रवाना | Neutral |

**एक नजर में** | **माह के अंत तक पहुंचेगी इंदौर**

# मेट्रो के लिए तीन कोच वाली पहली ट्रेन रवाना

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. सितंबर माह में मेट्रो ट्रायल की तैयारियों जोरों से चल रही है. ट्रायल के लिए तीन कोचट वाली पहली ट्रेन वड़ोदरा से रवाना हो चुकी है. अगस्त के अंत तक इंदौर पहुंच जाएगी.**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मंशा अनुरूप सितंबर में ट्रायल रन की तैयारी की जा रही है. प्रबंद संचालक मनीष सिंह सितंबर माह मे होने वाले मेट्रो ट्रायल रन के मद्देनजर कार्यों को लेकर अधिकारियों से निरंतरअपडेट ले रहे हैं. इसी कड़ी में इंदौर मेट्रो के लिए तीन कोच वाली पहली ट्रेन एल्सटॉम




कंपनी के सावली वडोदरा स्थित यूनिट से आज इंदौर के लिए रवाना हो गई. इसी माह के अंत तक इंदौर पहुँच जाएगी. भोपाल में भी तीन कोच वाली एक ट्रेन 15 सितंबर तक पहुँच जाएगी. तीन कोच की मेट्रो ट्रेन के एक डिब्बे की लगभग 2.9 मीटर चौड़ाई, 22 मीटर लंबाई व ऊंचाई 5 मीटर होगी.

**मॉक ट्रायल का सफल परीक्षण-** अधिकारियों ने अवगत करवाया कि इंदौर पहुँचने उपरांत गांधीनगर डेपो मे 4-पॉइंट जेक जो कि आधुनिक तकनीक की मशीन है उससे ट्रेन को अनलोडिंग-बे पर अनलोड किया जाएगा. इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई है. साथ ही मॉक ट्रायल ऑफ ट्रेलर फॉर मूवमेंट का भी सफल परीक्षण इंदौर शहर में किया जा चुका है जिसमें रोड़ की चौड़ाई, ट्रेन का भार, रोड़ के मोड़/ घुमाव इत्यादि की जांच सफलतापूर्वक की जा चुकी है.

## अनलोडिंग की सभी तैयारी करें

श्री सिंह ने निर्देश दिए है कि अनलोडिंग-बेपर सेफ़्टी संबंधी सभी तैयारियां कर ली जाएं एवं दिन-रात कार्य कर प्रयोरिटी रूट पर ट्रायल रन को सफलतापूर्वक करने का प्रयास करें.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 52 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 24.08.2023 | 2 | मेट्रो ट्रेन के तीन कोच वडोदरा से रवाना | Neutral |


बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

इंदौर सिटी Page: 2 August 24, 2023


# मेट्रो ट्रेन के तीन कोच वड़ोदरा से रवाना


पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर

मो.नं. 9926064287


स्मार्ट सिटी के बहुप्रतीक्षित मेट्रो ट्रेन के तीन कोच वडोदरा के सावली स्थित अल्सटम कंपनी से रवाना हो चुके हैं। यह कोच दो सितम्बर तक इंदौर पहुंच जाएंगे। इन कोचों को ट्रेन में लगाकर अगले माह 15 सितम्बर के बाद ट्रॉयल रन किया जाएगा। ट्रॉयल रन का शुभारंभ मुख्यमंत्री शिवराजसिह चौहान करेंगे। मेट्रो ट्रेन के योजना के प्रबंध संचालक मनीष सिह ट्रॉयल रन के कार्यों का अधिकारियों से निरंतर अपडेट ले रहे हैं ' भोपाल में भी तीन कोच वाली ट्रेन 15 सितंबर तक पहुंच जाएगी ' तीन कोच की मेट्रो ट्रेन के डिब्बे की लगभग 2.9 मीटर चौड़ाई, 22 मीटर




लंबाई एवं ऊंचाई 5 मीटर होगी ' अधिकारियों की मानें तो गांधीनगर स्थित डिपो में 4-प्वॉइंट जेक, जो कि आधुनिक तकनीक की मशीन है, से ट्रेन को अनलोडिंग-वे पर अनलोड किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं।

**सफलतापूर्वक हुई जांच-** मॉक ट्रॉयल ऑफ फॉर मूवमेंट का भी सफल परीक्षण किया जा चुका है, जिसमें सड़क की चौड़ाई, ट्रेन का भार, रोड के मोड़, घुमाव इत्यादि की जांच सफलतापूर्वक की जा चुकी है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 53 | Free Press | Indore | 24.08.2023 | 04 | City to get first three metro coaches soon | Neutral |



# CITY TO GET FIRST THREE METRO COACHES SOON

OUR STAFF REPORTER
Indore




The first-three coaches of the metro train will soon going to arrive in Indore next week. It has departed from Vadodra and will be coming to Indore via road.

Metro officials said that the first three-coach train for Indore Metro has left for Indore on Wednesday from Alstom company's Savli, Vadodara, Gujarat unit, which will reach Indore by the end of this month. A train with three coaches will also reach Bhopal by September 15.

A compartment of a three-coach metro train will be approximately 2.9 metres in width, 22 metres in length and 5 metres in height.

The officials informed that after reaching Indore, the train will be unloaded at the unloading-bay with '4-Point Jack', which is an ultra modern machine, at Gandhi Nagar Depot, for which all preparations have been made. The 'mock-trial of the Trailer for Movement' has also been successfully tested earlier in which the width of the road, the weight of the train, the bend/curve of the road and other things have been successfully tested.

Officials said that Manish Singh, managing director (MD, MPMRCL), is constantly taking updates from the officials regarding the work in view of the metro trial run to be held in the month of September.

Singh instructed that all preparations related to unloading and safety should be done. He instructed officials to make the trial run of metro train successful on super priority corridor.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 54 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 24.08.2023 | 1 | मेट्रो प्रोजेक्ट; ट्रायल के लिए जिन 5 स्टेशनो से गुजरेगी ट्रेन, वहाँ 31 तक लगें तक कोच भी आ जाएंगे | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 25-08-2023 Pg-02

# मेट्रो प्रोजेक्ट; ट्रायल के लिए जिन 5 स्टेशनों से गुजरेगी ट्रेन, वहां 31 तक लगेंगे एस्केलेटर, तब तक कोच भी आ जाएंगे

भास्कर संवाददाता | इंदौर

## गांधी नगर से टीसीएस चौराहे के बीच स्टेशन का काम तेजी से चल रहा

सुपर कॉरिडोर पर मेट्रो ट्रेन के ट्रायल रन के लिए काम की रफ्तार बढ़ा दी गई है। गांधी नगर से टीसीएस चौराहे तक के हिस्से में ट्रायल रन होगा। इस हिस्से पर 5 स्टेशन आएंगे। इनमें एससी-3 वाले स्टेशन का काम एडवांस स्टेज पर है। यहां एक एस्केलेटर लग चुका है। दूसरा लगाने की तैयारी है। 31 अगस्त तक सभी पांचों स्टेशनों पर एस्केलेटर लग जाएंगे। मालूम हो, दो साल से 17.5 किमी के हिस्से पर काम चल रहा है। इसमें से सिर्फ 5.9 किमी के हिस्से पर ही काम किया जा रहा है। रोबोट चौराहे तक सिविल वर्क चल रहा है।



गुजरात के वडोदरा से मेट्रो के कोच निकल चुके हैं। 30 से 31 अगस्त तक यह इंदौर पहुंच जाएंगे। सबसे तेजी से एससी-5 और एससी-3 का काम चल रहा है। गांधी नगर में कोच रखने के लिए जरूरी काम भी पूरे किए जा रहे हैं। 5.9 किमी के हिस्से पर ट्रायल होना है। गर्डर व पियर्स का काम पूरा हो चुका है। अधिकारियों के अनुसार स्टेशन पर एस्केलेटर का काम भी 7 दिन में पूरा कर लेंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 55 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 26.08.2023 | J2 | मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट; स्टेशन की साज-सजा का काम शुरू | Neutral |

दैनिक भास्कर
इंदौर 26-08-2023
Pg-J2

# मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट; स्टेशन की साज-सज्जा का काम शुरू



भास्कर संवाददाता | इंदौर

मेट्रो ट्रेन के ट्रायल रन की तैयारी जोरों पर है। 14 सितंबर को ट्रायल और लोकार्पण होना है। इसके लिए स्टेशन की साज-सज्जा का काम शुरू हो चुका है। लोकार्पण स्थल भी तैयार हो रहा है। ट्रेन के संचालन के लिए डिपो में पॉवर हाउस, मेंटेनेंस शेड व ऑपरेशन एंड कंट्रोल सेंटर भी लगभग तैयार है।

शुक्रवार से स्टेशन एलिवेशन का काम प्री इंजीनियरिंग बिल्डिंग मटेरियल (पीईबी) प्रक्रिया से शुरू कर दिया है। छत और स्टेशन की साज-सज्जा के लिए तैयार मटेरियल का उपयोग कर काम तेजी से किया जा रहा है। मेट्रो के कोच सांवली वडोदरा से इंदौर के लिए रवाना हो चुके हैं। शुक्रवार को निगमायुक्त हर्षिका सिंह ने डिपो और ट्रैक का दौरा किया। महाप्रबंधक अजय कुमार, अतिरिक्त महाप्रबंधक अनिल जोशी व रेल विकास निगम के अधिकारियों ने काम की जानकारी दी। उन्होंने डिपो, यार्ड और स्टेशन पर चल रहे काम का जायजा लेते हुए कहा, काम की सूची बना लें और कोच आने से पहले की सभी तैयारियां कर ली जाएं। 14 सितंबर को ट्रायल करना है तो उससे पहले 5.8 किमी ट्रैक के सभी काम शुरू करना होंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 56 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 26.08.2023 | 05 | नई कोर्ट बिल्डिंग तक किया जाए मेट्रो का विस्तार, एमडी से मिले वकील | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 26-08-2023 Pg=05

# नई कोर्ट बिल्डिंग तक किया जाए मेट्रो का विस्तार, एमडी से मिले वकील



**इंदौर |** पीपल्याहाना में बन रही नई कोर्ट बिल्डिंग तक मेट्रो ट्रेन चलाए जाने की मांग को लेकर वकीलों का दल मेट्रो रेल परियोजना के एमडी से मिला। वकीलों ने लोक परिवहन विकास समिति नामक संस्था भी बनाई है। अधिवक्ता कमल गुप्ता, प्रमोद व्यास के मुताबिक ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पीपल्याहाना में नई बिल्डिंग का काम तेजी से चल रहा है। नई कोर्ट शुरू होने पर बड़ी संख्या में वकील और पक्षकार यहां आएंगे। कुमेड़ी में आईएसबीटी भी बन रहा है। यहां पर भी मेट्रो का स्टेशन रहेगा। मेट्रो का विस्तार पीपल्याहाना तक हो जाए तो वकील और पक्षकारों को सीधे बस स्टेशन से कोर्ट तक का सस्ता लोक परिवहन मिल जाएगा। इससे निजी वाहनों का लोड भी कोर्ट परिसर और आसपास के इलाकों में कम होगा। एमडी से मिले प्रतिनिधिमंडल में अधिवक्ता गिरीश मोहन पाठक, कौशल बंसल, विवेक पांडे भी मौजूद थे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 57 | राज एक्सप्रेस | इंदौर | 26.08.2023 | 4 | मेट्रो के सुपर प्रयोरिटी कॉरीडोर का एएमडी ने किया अवलोकन | Neutral |



# मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर का एएमडी ने किया अवलोकन

इंदौर ■ राज न्यूज़ नेटवर्क

शहर में मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर के सम्पूर्ण 5.8 किलोमीटर ट्रैक पर स्टेशन का निर्माण जारी है। गुजरात के सांवली से कोच रवाना हो चुके हैं, जो माह अंत तक आ जाएंगे। सितंबर मध्य में ट्रायल रन प्रस्तावित है। इसकी तैयारियों का इंदौर निगम आयुक्त और मेट्रो रेल कार्पोरेशन की अतिरिक्त प्रबंध संचालक हर्षिका सिंह ने अवलोकन किया। उन्होंने सूक्ष्म रूप से अगले माह मेट्रो रेल के ट्रायल रन की तैयारियों को देखा और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर के साथ गांधी नगर स्थित डिपो के निर्माण की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मेट्रो के महाप्रबंधक अजय कुमार, अतिरिक्त महाप्रबंधक अनिल जोशी, रेल विकास निगम के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

निगमायुक्त हर्षिका सिंह ने मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर के सम्पूर्ण 5.8 किलोमीटर ट्रैक के साथ निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशन का भी निरीक्षण किया। गांधी नगर स्थित मेट्रो डिपो किये जा रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही मेट्रो डिपो में ट्रैक पर ट्राली में बैठ आस-पास के क्षेत्र में किये जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। श्रीमति सिंह ने आगामी माह में प्रस्तावित मेट्रो ट्रायल रन के लोकार्पण के स्थान को भी देखा। उन्होंने अधिकारियों को मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर किये जा रहे काम की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया व शीघ्र शेष रहे कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

| S.No. | Source | Edition | Date | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|
| 58 | Leading Newspapers | Divisional Headquarters | 26.08.2023 | मध्य प्रदेश मेट्रो मॉडल अनावरण | Display Advertisement |

पत्रिका




26/08/2023 | Bhopal | Page : 11
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 59 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 27.08.2023 | J2 | खाका तैयार.. पहियों का इंतज़ार | Positive |

दैनिक भास्कर इंदौर 27-08-2023

## खाका तैयार... पहियो का इंतजार

## मॉडल कोच का अनावरण कर बोले सीएम

# भोपाल मेट्रो मंडीदीप, सीहोर तक जाएगी, इंदौर की घोषणा वहीं करूंगा



**भोपाल** | भोपाल मेट्रो मंडीदीप और बैरागढ़ होते हुए सीहोर तक जाएगी। शनिवार को स्मार्ट पार्क में मेट्रो के मॉडल कोच के अनावरण के दौरान सीएम शिवराज सिंह चौहान ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा- हमने 2016 में भोपाल और इंदौर को मेट्रो सिटी बनाने का सपना देखा था। अगले साल अप्रैल-मई तक दोनों शहरों में मेट्रो शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि 15 महीने की कांग्रेस सरकार में मेट्रो का काम रुक गया था।



सितंबर में इंदौर और भोपाल दोनों शहरों में ट्रायल करेंगे। इंदौर के बारे में वहीं घोषणा करेंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | राज एक्सप्रेस | भोपाल/इंदौर | 27.08.2023 | 02 | अप्रैल-मई मे कर सकें | Neutral |

भोपाल, रविवार, 27 अगस्त 2023, (द्वि. श्रावण शुक्ल पक्ष एकादशी 2080)

सच कहने का साहस और सलीका

राज एक्सप्रेस




# अप्रैल-मई में कर सकेंगे मेट्रो का सफर

## मेट्रो के मॉडल कोच का अनावरण करने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज बोले, मंडीदीप-सीहोर तक बढ़ाएंगे

● भोपाल / आरएनएन

राजधानी में अगले साल अप्रैल-मई में मेट्रो में आम लोग सफर कर सकेंगे। आगे जाकर यह मेट्रो सेवा सिर्फ कुछ स्टेशन या रूट तक सीमित नहीं होगी। इसे मंडीदीप और बैरागढ़ होते हुए सीधे सीहोर तक ले जाएंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को मेट्रो के मॉडल कोच का अनावरण करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कोच का अंदर से जायजा लिया और कोच की विशेषताओं के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली।

सीएम ने कहा कि भोपाल और इंदौर को मेट्रो सिटी बनाने का हमारा सपना था। बीच में 15 महीने का ब्रेक आ गया। कमलनाथ की सरकार थी। तब काम नहीं हुआ। सरकार में लौटने पर कोविड के कठिन दौर में भी तेजी से काम शुरू किया। नतीजा, विपरीत परिस्थितियों में पूरी गुणवत्ता से प्रोजेक्ट को समय पर धरातल पर उतारा है। नगरीय विकास की दिशा में आगे बढ़ते हुए भोपाल और इंदौर में मेट्रो ट्रेन के संचालन की ओर बढ़ रहे हैं। (शेष पेज 6 पर)





### मेट्रो कोच में यह खास

- एक डिब्बे की लंबाई 22 मीटर तथा चौड़ाई 2.9 मीटर होगी।
- प्रत्येक कोच में लगभग 40 लोग बैठकर और 300 खड़े होकर यात्रा कर सकेंगे।
- सभी कोच के अंदर 6 कैमरे जो किसी भी इमरजेंसी या अन्य कारणों के लिए है।
- रेल के दोनों इमरजेंसी डोर पर भी कैमरे।
- खिड़कियों पर अल्ट्रा वॉयलेट किरण रोकने वाली फिल्म।
- रेल का लाइटिंग लेवल प्राकृतिक रोशनी के हिसाब से बदलेगा।
- हर कोच में पैसेंजर इमरजेंसी कम्युनिकेशन के चार यूनिट लगे रहेंगे। इसकी सहायता से किसी भी आपातकालीन स्थिति में यात्रियों की चालक से बात हो सकेगी।
- प्रत्येक कोच में 4 फायर एवं स्मोक अलार्म होंगे फायर एक्सटिंग्विशर भी लगे रहेंगे।
- एक कोच में कुल 8 दरवाजे होंगे।

### मेट्रो रेल सेफ्टी कमिश्नर की हरी झंडी के बाद ही पैसेंजर रन

तीन कोच की मेट्रो रेल सितंबर के पहले पखवाड़े में भोपाल पहुंचने की संभावना है। इसके कुछ दिन बाद ट्रायल रन की शुरुआत होगी। यह सिलसिला चंद महीनों तक चल सकता है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के इंजीनियरों और अधिकारियों के पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद कमिश्नर, मेट्रो रेल सेफ्टी से निरीक्षण का अनुरोध किया जाएगा। वे तय रूट पर मेट्रो के संचालन का जायजा लेंगे। सफर करेंगे। उनकी हरी झंडी मिलने के बाद मेट्रो का कॉमर्शियल रन यानि यात्रियों के साथ सफर की शुरुआत हो सकेगी।

#### इस हिस्से में होगा ट्रायल रन...

- भोपाल में सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन के बीच, लंबाई करीब पांच किमी।
- इंदौर में गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर 3 तक, यह छह किमी लंबा।

### लोगों में दिखा उत्साह, सीएम की फीडबेक की अपील

मुख्यमंत्री ने युवाओं, विद्यार्थियों और आम लोगों से आह्वान किया कि स्मार्ट पार्क स्थित मेट्रो का मॉडल कोच आकर देखें। सुझाव और फीडबैक दें। यह मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के ई-मेल पर भेजे जा सकते हैं। मेट्रो कोच को आम लोग रात 9 बजे तक देख सकेंगे। अनावरण के बाद लोगों में इसे देखने की उत्सुकता नजर आई। अंदर घूम कर, बैठ कर, डिस्प्ले सिस्टम आदि देखकर उन्होंने खुशी जताई। कहा कि भोपाल में मेट्रो रेल में सफर करने का सपना अब जल्द साकार हो सकेगा। कार्यक्रम में महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, बीडीए उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल लिली व सुनील पांडे, नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई, मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह व अन्य मौजूद रहे।



मेट्रो के मॉडल कोच के अंदर का हिस्सा

### आपने अभिनय को नई ऊंचाइयां दी

**कमलनाथ का सीएम पर तंज**

मुख्यमंत्री ने शनिवार को मध्यप्रदेश मेट्रो मॉडल का अनावरण किया। इसके साथ ही उन्होंने कोच का अवलोकन भी किया। इसे लेकर कमलनाथ ने निशाना साधा है और कहा है कि 'शिवराज जी आज आपने अभिनय को नई ऊंचाइयां दी है। प्रधानमंत्री अगर पूरे देश में घूम-घूम कर, रेलगाड़ियों का उद्घाटन कर रहे है तो मुख्यमंत्री जी ने मेट्रो ट्रेन ना सही, ट्रेन के डिब्बे के मॉडल का ही उद्घाटन कर दिया। 2019 में जब मैंने भोपाल मेट्रो परियोजना की आधारशिला रखी थी तब 2022 तक भोपाल में मेट्रो सेवा प्रारंभ करने का लक्ष्य था। लेकिन सौदेबाजी की सरकार लक्ष्य से भटक गई।

SNo. 61

**दैनिक भास्कर डिजिटल**



भारत का सबसे विश्वसनीय न्यूज ऐप
इनस्टॉल करें दैनिक भास्कर और पाएं लोकल न्यूज
GET IT ON Google Play
Download on the App Store

https://dainik-b.in/1SrlthG6yCb

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 62 | नई दुनिया | इंदौर | 28.08.2023 | 10 | ट्राली रन में मेट्रो ट्रैक पास, अब ट्रेन दौड़ने में बाधा नहीं | Positive |

**कार्य प्रगति पर** — **भोपाल में एक माह में हो सकेगा मेट्रो का ट्रायल, 20 दिन में पूरा होना है विद्युतीकरण का काम**

# ट्राली रन में मेट्रो ट्रैक पास, अब ट्रेन दौड़ने में बाधा नहीं

**भोपाल (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** मेट्रो के ट्रायल रन से पहले शनिवार को ट्रैक पर ट्राली रन किया गया, जिसमें मेट्रो ट्रैक पास हो गया है। यानी मेट्रो के ट्रायल रन के लिए ट्रैक पूरी तरह तैयार है। यह ट्राली रन सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (आरकेएमपी) के बीच किया गया। असल में मेट्रो के ट्रायल रन के लिए एक माह का ही समय बचा है। इसके लिए प्रायरिटी कारिडोर में जो भी काम बचा है, उसे 20 दिन में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। ट्रायल रन के लिए सबसे महत्वपूर्ण रेलवे ट्रैक का काम शत-प्रतिशत पूर्ण हो गया है। ट्राली का ट्रायल रन अधिकारियों के तकनीकी दल ने किया है।



सुभाष नगर डिपो से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बीच मेट्रो ट्रैक पर ट्राली से ट्रायल रन किया गया। ट्रायल रन करने वाली मेट्रो कंपनी की टीम खुशी जताते हुए। ● नईदुनिया

बता दें कि ट्रायल रन के लिए प्रायरिटी कारिडोर में 4.2 किलोमीटर का एक तरफ रेलवे ट्रैक बिछाया जा चुका है, जबकि दूसरी ओर यानी डाउन ट्रैक में केंद्रीय विद्यालय तक ट्रैक बिछ गया है। हालांकि, मेट्रो के ट्रायल रन के लिए एक तरफ का ट्रैक ही जरूरी है। वहीं, ट्रैक पर ट्रेन की सिग्नलिंग के लिए 33 केवी वोल्ट की बिजली केबल बिछाने का काम प्रगति पर है, इसमें 31 अगस्त तक करंट दौड़ने लगेगा, जबकि मेट्रो स्टेशन में टिकटिंग, वेटिंग एरिया और डिपो में मेट्रो के वाशिंग एंड मेंटेनेंस का कार्य बाकी है।

## 25 से 30 सितंबर के बीच होगा ट्रायल रन

मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि प्रायरिटी कारिडोर में बचा हुआ काम 15 से 20 सितंबर तक पूरा करना है। सावली गुजरात से मेट्रो की रैक भी 20 सितंबर तक भोपाल पहुंचेगी। इसके बाद 25 तारीख तक इसकी सेटिंग समेत अन्य कार्य किए जाएंगे। जबकि 25 से 30 सितंबर के बीच मेट्रो का ट्रायल रन होगा।

## मेट्रो एक नजर में

**लागत :** 6941 करोड़ रुपये

**प्रोजेक्ट मंजूरी :** 30 नवंबर 2018

**प्रायोरिटी कारिडोर :** सुभाष नगर से आरकेएमपी (4.2 किमी.)

**मेट्रो के लिए लाइन :** 31.46 किलोमीटर (प्रस्तावित)

**मेट्रो की संख्या :** 81 डिब्बे (3 कारों की एक, यानी 27 ट्रेन)

**मेट्रो की स्पीड :** 90 किमी प्रतिघंटा

भोपाल में मेट्रो के ट्रायल रन को लेकर तैयारी की जा रही है। प्रायरिटी कारिडोर में ट्रैक का काम भी चल रहा है। सितंबर के आखिरी सप्ताह में इसका ट्रायल रन हो जाएगा।

– **मनीष सिंह,** एमडी, मप्र मेट्रो

********

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 63 | अग्निबाण | इंदौर | 28.08.2023 | 07 | उज्जैन तक दौड़ेगी मेट्रो.. इंदौर के ट्रायल रन मौके पर घोषणा संभव | Neutral |

अग्निबाण Page No. 7 Aug 28, 2023 Indore

## मुख्यमंत्री दे चुके हैं भोपाल में मॉडल कोच अनावरण पर संकेत... देवास, धार, पीथमपुर तक विस्तार की लगातार होती रही है मांग

# उज्जैन तक दौड़ेगी मेट्रो... इंदौर के ट्रायल रन मौके पर घोषणा संभव

इंदौर।

**अभी मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने भोपाल में मेट्रो मॉडल कोच का लोकार्पण किया और भोपाल मेट्रो को मंडीदीप, सीहोर तक चलाने की घोषणा की और साथ ही यह भी कहा कि इंदौर की घोषणा वहीं करूंगा। 15 सितंबर को इंदौर में मेट्रो का ट्रायल रन संभावित है, जिसमें मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान मौजूद रहेंगे और इस अवसर पर वे इंदौर मेट्रो के विस्तार की घोषणा भी कर सकते हैं, जिसमें उज्जैन के साथ देवास, धार, पीथमपुर भी संभव है, जिसको लेकर लगातार मांग जनप्रतिनिधियों द्वारा भी की जाती रही है। पिछले दिनों इसका प्रजेंटेशन भी किया गया था। महाकाल लोक बनने के कारण उज्जैन तक अवश्य मेट्रो ले जाने की मांग बढ़ गई है।**

रोजाना लाखों की संख्या में धर्मालु उज्जैन जा रहे हैं, जिसके चलते अगर इंदौर से उज्जैन मेट्रो चलती है तो वह अत्यंत लाभदायक साबित हो सकती है। हालांकि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान पूर्व में भी इस आशय की बात कह चुके हैं और संभव है कि अभी ट्रायल रन के अवसर पर चुनाव को देखते हुए इसकी घोषणा भी भोपाल मेट्रो की तरह कर दें। पीथमपुर, धार, देवास को भी मेट्रो से जोड़ने की मांग विशेषज्ञों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा भी की जाती रही है। उल्लेखनीय है कि अभी इंदौर-भोपाल मेट्रो के प्रथम चरण का काम चल रहा है। इंदौर मेट्रो में साढ़े 5 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर ट्रायल रन अगले माह लिया जाना है और संभवतः 15 सितंबर को यह ट्रायल रन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा किया जाएगा। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह लगातार इसकी मॉनीटरिंग कर रहे हैं। वडोदरा से तीन कोच की एक मेट्रो ट्रेन भी रवाना हो गई है, जो आज-कल में इंदौर पहुंचने वाली है, जिसे गांधी नगर डिपो में रखा जाएगा और फिर इसी ट्रेन से ट्रायल रन होना है। अभी गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर, एमआर-10 होते हुए विजय नगर, रेडिसन से रोबोट चौराहा तक एलिवेटेड कॉरिडोर का काम तेज गति से चल रहा है। इस 17 किलोमीटर के ट्रैक पर अगले साल अप्रैल-मई तक मेट्रो ट्रेन का व्यावसायिक संचालन शुरू हो जाएगा, यानी यात्री इसका इस्तेमाल करने लगेंगे। वहीं शेष 15 किलोमीटर का निर्माण रोबोट चौराहा से हाईकोर्ट तक एलिवेटेड और फिर वहां से अंडरग्राउंड एयरपोर्ट तक होना है। साढ़े 32 किलोमीटर का यह पहला चरण 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अब इसके बाद इंदौर मेट्रो का विस्तार धार-पीथमपुर या उज्जैन तक किया जाना भी प्रस्तावित है, जिनमें से इंदौर-उज्जैन की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा अभी ट्रायल रन के अवसर पर किए जाने की संभावना अधिक है। भोपाल में ट्रायल रन संभवतः 20 सितंबर को होगा। दरअसल इंदौर मेट्रो का काम पिछले दिनों तेजी से पूरा किया गया। खासकर साढ़े 5 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर को तैयार करने में रात-दिन मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों, ठेकेदार फर्मों ने काम किया है और मजदूरों की संख्या भी बढ़ा दी है। पिछले दिनों एमडी मनीषसिंह ने भी इंदौर आकर प्रायोरिटी कॉरिडोर का दौरा किया था, ताकि ट्रायल रन की शेष बाधाओं को भी तय समयसीमा में दूर किया जा सके।

MPMETRO

METRO NEWS

29th AUGUST,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 64 | Times of India | Indore | 29.08.2023 | 03 | Three coaches to arrive in Indore for trial run on Metro elevated corridor | Neutral |

# Three coaches to arrive in Indore for trial run on Metro elevated corridor

TIMES NEWS NETWORK

**Indore:** Three coaches of Metro, which is expected to reach Indore by end of this month, are likely to be put on tracks to start trial run on 5.8 km-long elevated corridor erected on Super Corridor by September 15.

MP Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL) officials said the three coaches of Indore Metro are likely to reach by August 30-31. The remaining work is expected to be completed till then. The trial run is expected to take next five to six months to test every aspect, including behaviour and strength of the elevated corridor, power supply, speed test, breaking and acceleration, load and others.

The officials, who are yet to receive any information, are expecting the state government to organise a programme to mark the start of the trial run as the much-talked about project is a new mode of transportation that Indore, along with Bhopal, are going to offer to commuters.

The 5.8KM long stretch, which is called Super Priority Corridor, has five stations and two of them have so far taken shape. It will need all the clearances from the Commissioner of Metro Rail Safety (CMRS) that is likely to take the next six months.

After arrival of the coaches, it's expected to take the next couple of days assembling the same.

A senior MPMRCL official said, the train, which will have to pass all safety and other norms, has maximum speed of 60 KMPH. But, in Indore, it's expected to achieve highest speed of 40 KMPH as there is a station at an average distance of 1 kilometre.

"The coaches are expected to arrive in the next two-three days, while a programme is being planned in the second half of September to mark the start of trial run. Chief minister Shivraj Singh Chouhan would attend the programme as chief guest to flag off the trial run," MPMRCL additional managing director and IMC commissioner Harshika Singh said.

File Pic

## TRIAL RUN ON SUPER PRIORITY CORRIDOR




Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited AMD take stock of Metro tracks three days ago

- The trial run will begin on a 5.8-kilometre stretch between Gandhi Nagar and Super Corridor (S3) which is called 'Super Priority Corridor'
- The trial run is expected to take next five to six months to test every aspect, including behaviour and strength of the elevated corridor, power supply, speed test, breaking and acceleration, load and others
- In Indore, the train is expected to achieve highest speed of 40 KMPH as there is a station at an average distance of 1 kilometre

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 65 | नई दुनिया | इंदौर | 29.08.2023 | 05 | इंदौर से महाकाल मंदिर तक बनेगा रैपिड रेल ट्रांसिट सिस्टम | Positive |



# इंदौर से महाकाल मंदिर तक बनेगा रैपिड रेल ट्रांजिक्ट सिस्टम

**सौगात** ● मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान इंदौर से उज्जैन और पीथमपुर के बीच रेल सेवा के निर्माण की कर सकते हैं घोषणा

उदय प्रताप सिंह ● इंदौर

शहर में जहां मेट्रो ट्रेन चलाने की कवायद जोर पकड़ रही और अगले माह ट्रायल रन भी होने वाला है। दूसरी ओर इंदौर में लवकुश चौराहे से महाकाल मंदिर तक रैपिड रेल ट्रांजिक्ट सिस्टम (आरआरटीएस) भी बनाने की कवायद की जा रही है। इसके लिए दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन कंसल्टेशन द्वारा इस रूट पर सर्वे किया जा चुका है। सिंहस्थ के पहले इंदौर से उज्जैन के बीच आरआरटीएस प्रोजेक्ट को तैयार करने की योजना है। ऐसे में भविष्य में इंदौर से एलिवेटेड ट्रेन में बैठकर उज्जैन जा सकेंगे। नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन द्वारा दिल्ली से मेरठ के बीच शुरू की आरआरटीएस के बाद इंदौर से उज्जैन के बीच इस तरह की ट्रेन सेवा का यह दूसरा प्रोजेक्ट देश में होगा। यह संभावना जताई जा रही है कि इंदौर में 14 सितंबर को होने वाले ट्रायल रन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान इंदौर से उज्जैन के बीच आरआरटीएस की घोषणा कर सकते हैं। इसी तर्ज पर इंदौर से पीथमपुर के बीच भी एलिवेटेड रेल कारिडोर की घोषणा भी होने की संभावना है। जल्द ही इस प्रोजेक्ट के लिए निर्माण एजेंसी तय होने की संभावना जताई जा रही है।



मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि. के डायरेक्टर अजय शर्मा ने सोमवार को मेट्रो के ट्रायल रन वाले हिस्से पर ट्रैक का निरीक्षण किया। ● मेट्रो प्रशासन

**44 किमी एलिवेटेड और पांच किमी अंडरग्राउंड होगा रेल ट्रैक** : इंदौर से उज्जैन के बीच रैपिड रेल ट्रांजिक्ट सिस्टम के सर्वे के बाद 22 अप्रैल को इस प्रोजेक्ट के संबंध में मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी के समक्ष एक प्रेजेंटेशन किया गया था। इसमें भी इस रेल प्रोजेक्ट को शुरू करने की योजना बनाई गई थी। इंदौर के लवकुश चौराहे से महाकाल मंदिर तक 49 किमी दूरी में आरआरटीएस प्रोजेक्ट तैयार होना है। इसमें लवकुश चौराहे उज्जैन तक 44 किमी हिस्सा एलिवेटेड रहेगा। उज्जैन में महाकाल मंदिर के आसपास सघन बसाहट होने से एलिवेटेड मेट्रो के निर्माण के लिए जगह नहीं मिल पाएगी। ऐसे में उज्जैन में महाकाल मंदिर तक पांच किमी में अंडरग्राउंड मेट्रो का प्रस्ताव दिया गया है। आरआरटीएस के इस हिस्से में 17 मेट्रो स्टेशन बनाने की योजना है। इंदौर से उज्जैन के बीच मौजूदा सड़क मार्ग के बीच सेंट्रल डिवाइडर वाले हिस्से में ही पिलर लगाए जाएंगे और उसके ऊपर वायडक्ट पर मेट्रो की तरह ही ट्रेन चलेगी।

**45 मिनट में उज्जैन पहुंच सकेंगे लोग** : महाकाल कारिडोर बनने के बाद भी इंदौर से उज्जैन जाने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। आकलन के मुताबिक प्रतिदिन इंदौर से एक से डेढ़ लाख लोग उज्जैन सड़क मार्ग से जाते हैं। ऐसे में इंदौर से सांवेर, धरमपुरी होते हुए उज्जैन तक आरआरटीएस बनने से एलिवेटेड रेल ट्रैक से लोगों की आवाजाही का मार्ग सुलभ होगा व सड़क मार्ग के मुकाबले कम समय में 40 से 45 मिनट में लोग आरआरटीएस के माध्यम से उज्जैन पहुंच सकेंगे।

**इंदौर से पीथमपुर के बीच भी रेल सेवा** : इंदौर-उज्जैन की तर्ज पर इंदौर से पीथमपुर के बीच भी आरआरटीएस प्रोजेक्ट के तहत एलिवेटेड ट्रेन चलाने की योजना है। इस हिस्से में 27 किमी की दूरी तक ट्रेन चलाने की योजना है। इसका सर्वे होना शेष है।

### 14 सितंबर को ट्रायल रन, डायरेक्टर ने किया ट्रैक निरीक्षण

इंदौर। शहर में गांधी नगर स्टेशन से सुपर कारिडोर के स्टेशन नंबर तीन के बीच 5.9 किलोमीटर हिस्से में मेट्रो का ट्रायल रन 14 सितंबर को होना है। ऐसे में मेट्रो रेल प्रशासन द्वारा कार्य को तेजी से पूरा करने की कवायद की जा रही है। मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि. के डायरेक्टर अजय शर्मा ने सोमवार को मेट्रो के ट्रायल रन वाले हिस्से पर ट्रैक निरीक्षण किया। उन्होंने गांधी नगर स्टेशन व सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर तीन पर की जा रही तैयारी को देखा। ट्रायल रन के पहले मेट्रो के स्टेशन व ट्रैक पर 11 सितंबर तक निर्माण संबंधित कार्य पूरा किया जाएगा। इसके पश्चात स्टेशन के आसपास निर्माण संबंधित मलबा हटाने के साथ स्टेशन को सजाने का काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के हाथों ट्रायल रन होना है। स्टेशन पर फूलों के साथ आकर्षक सजावट भी की जाएगी। ट्रायल रन के शुभारंभ के पोस्टर-बैनर भी शहर में लगाए जाएंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 66 | राज एक्स्प्रेस | इंदौर/भोपाल | 29 .08.2023 | 13 | मेट्रो से सुधरेगा पब्लिक ट्रांसपोर्ट, खुलें के नए रास्ते | Neutral |





केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 20 साल का रिपोर्ट कार्ड जारी करते हुए कहा कि प्रदेशवासियों को सुगम और सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराना राज्य शासन की प्राथमिकता है। इस उद्देश्य से शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में पिछले वर्षों में कई प्रयास किए गए हैं। प्रदेश से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों और मुख्य मार्गों में ब्लैक स्पॉट को समाप्त करने का कार्य चल रहा है। साथ ही शहरों में बढ़ते हुए यातायात के दबाव को कम करने के लिए 5 बड़े शहर भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और सागर में रिंग रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने म.प्र. सरकार के रिपोर्ट कार्ड में बताया कि पिछले वर्षों में सड़कों का जाल बिछाने के लिए क्या-क्या प्रयास किए गए हैं।

# गाँव-गाँव तक पहुँची सड़कों से खुला विकास का रास्ता



## बढ़ रही है प्रदेश की कनेक्टिविटी




### विकसित हुईं हवाई यातायात सुविधाएँ



# राजमार्गों के विकास से बढ़ा परिवहन किसानों - व्यापारियों के खिले चेहरे

## बन रहे उन्नत एक्सप्रेस-वे





# मेट्रो से सुधरेगा पब्लिक ट्रांसपोर्ट, खुलेंगे विकास के नए रास्ते



प्रदेश के शहरों में मेट्रो चलाने का सपना शिवराज सरकार की प्रतिबद्धता और विकास के लिए विजन से अब हकीकत में तब्दील होने जा रहा है। भोपाल और इंदौर में अगले महीने से मेट्रो का ट्रायल रन शुरू हो जाएगा। यह न केवल पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर बनाएगा, सड़कों पर वाहनों के दबाव को भी कम करेगा। इतना ही नहीं, मेट्रो से विकास के नए रास्ते खुलेंगे। मेट्रो रूट के दोनों ओर ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट होगा यानि आवासीय, व्यावसायिक व अन्य तरह की गतिविधियां होंगी। यह दोनों शहरों की आर्थिक प्रगति को भी दुरुस्त करेगा।

### भोपाल में बिछी 3.1 किमी पटरी

### तीन कोचों की ट्रेन से शुरुआत

### इस महीने तैयार होंगे डिपो, स्टेशन

### 750 डीसी करंट से चलेगी मेट्रो

### 14 हजार करोड़ से अधिक लागत

### सुरक्षा के लिए होगा अत्याधुनिक सिस्टम, एआई का इस्तेमाल भी

### चार व छह किमी रूट पर होगा ट्रायल रन

## मुख्यमंत्री ने दी मेट्रो सौगात

### बहुत खास है 'मेट्रो मॉडल'

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 67 | नई दुनिया | इंदौर | 30.08.2023 | 02 | 60 टन वजनी मेट्रो कोच आज शाम आने की उम्मीद, उतारने के लिए पहुंची क्र | Neutral |

# 60 टन वजनी मेट्रो कोच आज शाम आने की उम्मीद, उतारने के लिए पहुंची क्रेन

## कोच वाले कंटेनर 20 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से आ रहे

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। इंदौर में बुधवार रात तक मेट्रो के कोचों के आने की संभावना है। वडोदरा के सावली से 23 अगस्त को इंदौर के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 156 से होकर आ रहे कोच मंगलवार शाम सात बजे तक रतलाम के पास मेवासा गांव तक पहुंचे थे। उसके बाद इंदौर तक इन कोचों को करीब 140 किलोमीटर की दूरी तय करनी है। ये विशालकाय कोच वाले कंटेनर 20 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से आ रहे हैं।

मेट्रो प्रबंधन के अधिकारियों के अनुसार बुधवार शाम तक इंदौर के मेट्रो डिपो तक तीनों कोचों के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि अलस्टाम कंपनी द्वारा सावली में तैयार किए गए 60-60 टन वजनी तीन कोच अलग-अलग कंटेनर से आ रहे हैं। वडोदरा से झाबुआ होकर इंदौर आने वाला मार्ग काफी घुमावदार मोड़ होने से वडोदरा से उदयपुर होते हुए सड़क से 800 किलोमीटर की दूरी तय कर कोच इंदौर आ रहे हैं।

**कोच अनलोडिंग के लिए पहुंच चुकी है क्रेन** : कोचों को पटरी पर पहुंचाने के लिए विशालकाय 'फोर पाइंट जैक' क्रेन मेट्रो डिपो में पहुंच चुकी है। इसके माध्यम से कोचों को पटरियों पर ले जाया जाएगा। इनकी अनलोडिंग में 10 दिन का समय लगेगा। कोच को मेट्रो के डिपो में बने स्टेब्लिंग यार्ड में ले जाकर टेस्टिंग ट्रैक पर जांच की जाएगी। उसके पश्चात कोच मेट्रो के वायडक्ट पर पहुंचेंगे। इस तरह 14 सितंबर तक मेट्रो कोच का ट्रायल रन की संभावना है।



सावली मे तैयार हुए तीन कोचों के बुधवार को पहुंचने की संभावना है। • फाइल फोटो

### ट्रायल रन के दौरान फिलहाल एक ट्रैक का ही होगा उपयोग

गांधीनगर डिपो से सुपर कारिडोर तीन मेट्रो स्टेशन के बीच 5.9 किलोमीटर लंबे वायडक्ट पर मेट्रो का ट्रायल रन होना है। ट्रायल रन के दौरान वायडक्ट की डाउनलाइन पर बिछाई दो पटरियों में से सिर्फ एक का उपयोग किया जाएगा। गांधीनगर डिपो से स्टेशन होते हुए मेट्रो के कोच को सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर 3 तक लाया जाएगा। ट्रायल रन के दिन इसी स्टेशन से गांधीनगर स्टेशन की ओर हरी झंडी दिखाकर मेट्रो के तीनों कोच को रवाना किया जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 68 | प्रजातन्त्र | इंदौर | 30.08.2023 | 03 | गांधीनगर से शुरू होगा पाँ | Neutral |


प्रजातंत्र बुधवार, 30 अगस्त, 2023


### 14 सितंबर को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के हाथों होगा मेट्रो ट्रायल

# गांधीनगर से शुरु होगा पांच स्टेशन का सफर

शैलेंद्र वर्मा | इंदौर

इंदौर में मेट्रो ट्रेन के ट्रायल रन के लिए तैयारी जोरों पर है। 5.9 किलोमीटर के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर ट्रायल रन किया जाना है, इसके लिए मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की टीम 24 घंटे काम कर रही है। इसी के साथ ट्रायल ट्रेन की तारीख 14 सितंबर तय कर दी गई है। इस दिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इंदौर आएंगे और ट्रायल ट्रेन की शुरुआत गांधीनगर मेट्रो डिपो से होगी, इसी दिन मुख्यमंत्री इंदौर में मेट्रो निर्माण कार्य का निरीक्षण भी करेंगे। पूरे 17.5 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर चल रहे निर्माणकार्यों का अवलोकन भी इस दौरान किया जाएगा। ट्रायल रन कार्यक्रम की तैयारी गांधीनगर डिपो में शुरू हो चुकी है। वहीं इस ट्रायल ट्रेन के दौरान मेट्रो ट्रेन 5 स्टेशन से होकर गुजरेगी यहां ट्रायल रन के लिए आवश्यक कार्यों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के जी एम अजय कुमार ने बताया कि ट्रायल के लिए सभी तैयारियां अंतिम दौर में चल रही हैं। 10 सितंबर तक सभी काम पूरे कर लिए जाएंगे। [illegible] जा चुकी है। वहीं 5.9 किलोमीटर के ट्रैक में से 200 मी पटरियां बिछाई जाना बाकी है, जबकि 11,100 मीटर (अप और डाउन) ट्रैक पर पटरियां बिछाई जा चुकी हैं। सौरभ कुमार ने बताया कि सिविल वर्क के काम भी अंतिम दौर में किए जा रहे हैं बहुत जल्द ही आपको स्टेशन पर लिफ्ट और एस्केलेटर काम करते नजर आएंगे।

### टीसीएस और बांगड़दा मेट्रो स्टेशन पर रोड लगाने का काम शुरू

[illegible]

### गांधीनगर डिपो होगा मुख्य आयोजन स्थल

[illegible]



मेट्रो स्टेशन पर लग रहे एस्केलेटर को अंतिम रूप देते हुए कर्मचारी। फोटो: दीपक जैन

### रतलाम के करीब पहुंचे मेट्रो ट्रेन के कोच

[illegible]

### इन पांच स्टेशनों के बीच दौड़ेगी मेट्रो

[illegible]

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 69 | पत्रिका | इंदौर | 30 .08.2023 | 4 | इंदौर मे मेट्रो के कोच होंगे पीले, आज रात तक पहुँ | Neutral |

पत्रिका

कोच को डिपो में दिया जाएगा ट्रेन का रूप

# इंदौर में मेट्रो के कोच होंगे पीले, आज रात तक पहुंच जाएंगे



15 सितंबर से शुरू होगी ट्रायल, भोपाल के कोच होंगे नारंगी-नीले रंग के

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. 15 सितंबर को प्रस्तावित ट्रायल के लिए मेट्रो के तीन कोच बुधवार रात तक इंदौर आ जाएंगे। इन्हें गांधीनगर डिपो ले जाया जाएगा, जहां विशेषज्ञों की देखरेख में ट्रेन का रूप देकर ट्रायल के लिए तैयार किया जाएगा। भोपाल मेट्रो के कोच नारंगी व नीले रंग के होंगे, वहीं इंदौर के कोच पीले होंगे।

मेट्रो कॉर्पोरेशन अधिकारियों मुताबिक, रेलवे कोच मंगलवार रात को रतलाम-सूरजपुर इलाके तक पहुंच गए थे। तीन बड़े ट्राले में तीन कोच बड़ोदरा से 21 व 22 अगस्त को इंदौर के लिए रवाना हुए थे। कॉर्पोरेशन अधिकारी शोभित टंडन की देखरेख में यह काम हुआ। बड़े कोच होने से सावधानी से लाया जा रहा है, ट्राले प्रति घंटे 20 किलोमीटर की स्पीड से चल रहे हैं। अफसरों मुताबिक, बुधवार रात तक तीनों कोच इंदौर आने की संभावना है। डिपो में तेजी से तैयारियां चल रही हैं। कोच इंजन वाले हैं, जिन्हें डिपो में जोड़कर ट्रेन का रूप दिया जाएगा। बाद में बड़ी मशीनों के जरिए ट्रायल के लिए ट्रैक पर लाएंगे, फिर ट्रैक का लोड टेस्ट होगा। इस दौरान विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे।

## सीएम रहेंगे उपस्थित

15 सितंबर को सीएम शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में मेट्रो ट्रायल की तैयारियां हो गईं हैं। बिजली के लिए थर्ड रेल लाइन का काम भी अंतिम दौर में है। भोपाल से अधिकारी लगातार तैयारियों की जानकारी ले रहे हैं। अफसरों के मुताबिक, भोपाल के कोच नारंगी व नीले रंग के हैं, जबकि इंदौर के पीले। भोपाल में कोच सितंबर के पहले सप्ताह में पहुंच जाएंगे। इंदौर में ज्यादा काम हुआ है, इसलिए यहां पहले कोच आ रहे हैं। यहां ट्रायल भी भोपाल से पहले होगा।

MPMETRO

METRO NEWS

31st AUGUST,2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 70 | People Samachar | Indore | 31.08.2023 | 07 | मेट्रो ट्रेन के तीन कोच इंदौर पहुंचे, आज जनप्रतिनिधि-अधिकारी करें | Positive |

### 14 सितंबर को सीएम ट्रायल रन को दिखाएंगे हरी झंडी, 5 हजार लोग कार्यक्रम में होंगे शामिल

# मेट्रो ट्रेन के तीन कोच इंदौर पहुंचे, आज जनप्रतिनिधि-अधिकारी करेंगे निरीक्षण

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर

मो.नं. 9926064287

मेट्रो ट्रेन के तीन कोच इंदौर पहुंच गए हैं। सुपर कॉरिडोर पर 5 हजार लोगों का जमावड़ा होगा। इस बार लोग मेट्रो ट्रेन के ट्रायल रन के कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ट्रायल रन को हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। ट्रायल रन को लेकर 24 घंटे काम हो रहा है। 14 सितंबर को होने वाले ट्रायल रन के लिए तीन कोच बुधवार देर रात इंदौर पहुंच गए, जिन्हें ट्राले की मदद से इंफोसिस के सामने उतारा गया है। कोच गुजरात के सावली से आए हैं। कोचों का निरीक्षण 31 अगस्त को जनप्रतिनिधि और अधिकारी करेंगे।



स्मार्ट सिटी के बहुप्रतीक्षित मेट्रो ट्रेन के प्रथम चरण का काम अंतिम दौर में पहुंच चुका है। सबकुछ ठीक रहा तो आगामी लोकसभा चुनाव के बाद संभवतः अप्रैल-मई में यात्री इस ट्रेन से सफर कर सकेंगे। मेट्रो ट्रेन के 38 स्टेशन रहेंगे, जिसमें पांच स्टेशन सुपर कॉरिडोर पर तैयार किए गए हैं। इसके आगे छठा स्टेशन लवकुश चौराहा और उसके बाद एमआर-10 टोलनाका के समीप रहेगा। मुख्य स्टेशन दिलीप नगर इंफोसिस के सामने और अंतिम स्टेशन बड़ा गणपति पर रहेगा।

## पलासिया चौराहे से अंडरग्राउंड रहेगी

पलासिया से मेट्रो ट्रेन अंडरग्राउंड चलेगी। यहां से रीगल चौराहा, खजूरी बाजार होते हुए ट्रेन बड़ा गणपति पहुंचेगी। अंडरग्राउंड स्टेशन के लिए इंजीनियरों की टीम ने एमजी रोड पर मराठी संकुल के सामने और खजूरी बाजार में मिट्टी का परीक्षण किया है। स्टेशन की डिजाइन फाइनल होने के बाद स्टेशन के काम को गति देंगे। उधर, कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने सुपर कॉरिडोर पर हजारों लोगों को लाया जाएगा। आरटीओ जन्माष्टमी के बाद बसों का अधिग्रहण शुरू करेगा। कॉरिडोर पर लोगों को लाने के बाद बसें पालाखेड़ी गांव में खड़ी होंगी, जिससे आमजन को आने-जाने में परेशानी नहीं आएगी।

## 50 क्विंटल फूलों से सजाएंगे

सुपर कॉरिडोर पर जहां ट्रायल रन शुरू होगा, उस स्थान को 50 क्विंटल फूलों से सजाया जाएगा। यह ट्रायल रन 5.9 किलोमीटर का होगा। ट्रायल रन के बाद मुख्यमंत्री सभा को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात तैयार हो रहे 17.5 किलोमीटर यानी सुपर कॉरिडोर से बापट चौराहा तक मार्ग का निरीक्षण करेंगे।

## पटरी बिछाने का काम तेजी से

ट्रायल रन वाले मार्ग के आगे लवकुश चौराहा तक पटरियां बिछाने का काम तेजी से किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा इसके आगे विजयनगर चौराहा तक सेगमेंट रखने, पिलर खड़े करने का काम भी तेजी से किया जा रहा है। विजयनगर चौराहा पर भी पुराने आरटीओ भवन की जमीन पर स्टेशन बनाया जाएगा।

## अगले सप्ताह करेंगे निरीक्षण

मेट्रो ट्रेन के ट्रायल रन को अंतिम रूप देने अगले सप्ताह प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी, जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की टीम निरीक्षण करेगी। नगरीय प्रशासन का अमला भी एक-दो दिन में इंदौर पहुंचेगा। निरीक्षण के बाद सीएम के कार्यक्रम का सारा खाका तैयार किया जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 71 | Nai Duniya | Indore | 31.08.2023 | 04 | मेट्रो आ रही है, थोड़ा पैदल भी चलिए | Neutral |


# मेट्रो आ रही है, थोड़ा पैदल भी चलिए



**नई नजर**

अश्वनी शुक्ला

इंदौर में ट्रैक बनने और पटरियां बिछने के बाद अब मेट्रो का कोच भी पहुंच गया। कुछ महीनों में भले ही थोड़ी दूरी के लिए लेकिन मेट्रो चल पड़ेगी। दरअसल मेट्रो ट्रेन को केवल यातायात का साधन भर मानना गलती होगी। यह एक नई संस्कृति है। इसका गहरा संबंध अपने वाहन का मोह छोड़ने और सार्वजनिक यातायात साधनों का उपयोग करने से है। दिल्ली में मेट्रो की सफलता की बड़ी वजह यही है कि लोग अपने या सार्वजनिक वाहनों से मेट्रो स्टेशन पर पहुंचते हैं। मेट्रो से गंतव्य पर पहुंचते हैं और फिर लौटकर अपने वाहन से घर पहुंच जाते हैं। वे तेज और सुविधाजनक मेट्रो का युक्तियुक्त उपयोग कर लेते हैं। सार यही है कि शहरवासियों को नजदीकी मेट्रो स्टेशन तक पहुंचने के लिए पैदल या फिर सार्वजनिक वाहनों के उपयोग की आदत विकसित करनी होगी। तभी मेट्रो का सफर शानदार बन पाएगा।



ट्रायल रन के लिए इंदौर में मेट्रो का काम तेज गति से चल रहा है। • नईदुनिया

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 72 | Freepress | Indore | 31.08.2023 | 05 | COUNTDOWN BEGINS AS METRO ARRIVES IN CITY | Neutral |

# COUNTDOWN BEGINS AS METRO ARRIVES IN CITY

**OUR STAFF REPORTER**
city.indore@fpj.co.in



The trial run of the much anticipated Metro rail project came a step closer to fruition with the arrival of the Metro rail consignment in the city on Wednesday night.

The train will be put on tracks at the Gandhi Nagar Depot on Thursday morning after rituals and other necessary procedures are performed.

Metro officials said that the first three-coach train for Indore Metro had left for Indore on August 23 from Alstom's company's Savli, Vadodara, Gujarat unit. A similar train with three coaches will also reach Bhopal by September 15.

A compartment of a three-coach Metro train will be approximately 2.9 meters in width, 22 meters in length and 5 meters in height.

The officials informed that on reaching the Gandhi Nagar Depot, the train will be unloaded at the unloading bay with "4-Point Jack", for which all preparations have been made. A "Mock-Trial of Trailer for Movement" has also been successfully tested earlier in which the width of the road, the weight of the train, the bend/curve of the road, and other things have been successfully tested.

Officials said that Manish Singh, Managing Director (MPMRCL), is constantly taking updates from the officials regarding the works in view of the Metro trial run to be held in September.

In another significant development, five companies have been short-listed for the Rs 495 crore 5-kilometre elevated Metro corridor from Robot Square to Palasia after the completion of the technical process of the tender. This stretch from Robot Square to Palasia will have stations at Khajrana Square, Bengali Square, Patrakar Colony, and Palasia Square.

These companies are DRA Infracon, Ranjit Buildcon, Sam India Buildwell Pvt Ltd, Rail Vikas Nigam Limited and ITD Cementation India Ltd. It is expected that work on this section of the Metro rail corridor will start soon and it is scheduled to be completed in three years.

Additionally, the tender process for the remaining 15 kms of the first phase of Indore Metro has also started.

At present, the remaining work on the Priority Corridor is being carried out at a fast pace for the trial run.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 73 | Nai Duniya | Indore | 31.08.2023 | 01 | इंदौर पहुंचे मेट्रो के तीन कोच, आज पटरी पर रखे जाएंगे, फिर ट्रायल रन | Positive |

# इंदौर पहुंचे मेट्रो ट्रेन के तीन कोच, आज पटरी पर रखे जाएंगे, फिर ट्रायल रन

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मेट्रो के तीन कोच बुधवार देर रात गांधीनगर स्थित मेट्रो डिपो पर पहुंचे। ये कोच वडोदरा के सावली से 23 अगस्त को इंदौर के लिए रवाना हुए थे, जो राष्ट्रीय राजमार्ग-156 से होते हुए शाम चार बजे बेटमा पहुंचे। इलावलिया बायपास से गुजर रहे लोगों की निगाहें विशाल ट्रालों पर पर्दे में ढंके इन मेट्रो कोच पर ठहरती रहीं। हर कोच का वजन 60 टन है।

मेट्रो प्रबंधन के अधिकारियों के मुताबिक, गुरुवार सुबह 9 बजे मेट्रो डिपो में फोर पाइंट जैक क्रेन की मदद से कोच को ट्राले से उतारकर पटरी पर रखा जाएगा। इसके बाद कोच को मेट्रो डिपो में बने स्टेबलिंग यार्ड में ले जाकर टेस्टिंग ट्रैक पर जांच की जाएगी। उसके बाद कोच मेट्रो के वायडक्ट पर पहुंचेंगे। 14 सितंबर को इंदौर में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की मौजूदगी में मेट्रो का ट्रायल रन होना है।



मेट्रो के कोच को तार से बांधा गया था।

**पांच स्टेशन से गुजरेगी मेट्रो ट्रेन :** ये कोच गांधीनगर स्टेशन से सुपर कारिडोर स्टेशन नं.-3 तक 5.9 किमी की दूरी तय करेंगे। मेट्रो ट्रेन पांच स्टेशन से गुजरेगी। कोच के अनलोडिंग मौके को खास बनाने के लिए मेट्रो प्रबंधन द्वारा विशेष तैयारी की गई है। इस मौके पर जनप्रतिनिधि और गणमान्यजन भी मौजूद रहेंगे।

**विशाल ट्रालों पर सवार होकर इंदौर पहुंची रफ्तार की मेट्रो**

**23** अगस्त को वडोदरा के सावली से इंदौर के लिए रवाना हुए थे

**60** टन का वजन है हर कोच का

**20** से 30 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से आए विशालकाय कंटेनर

**14** सितंबर 2023 को इंदौर में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में होगा मेट्रो का ट्रायल रन





बुधवार देर रात बेटमा से इंदौर पहुंचे मेट्रो के तीन कोच। इन्हें विशाल ट्राले पर लाया गया। प्रफुल्ल चौकसिया आशु

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 74 | Dainik Bhaskar | Indore | 31.08.2023 | 01 | उलटी गिनती शुरू, इंदौर की सीमा पर पहुंचे मेट्रो के तीन कोच, सितंबर के पहले पखवाड़े में ट्रायल रन की तैयारी | Positive |



# ...उलटी गिनती शुरू, इंदौर की सीमा पर पहुंचे मेट्रो के तीन कोच, सितंबर के पहले पखवाड़े में ट्रायल रन की तैयारी




दोपहर बाद से कोच इंदौर से 35 किमी दूर झलारिया बायपास पर खड़े रहे। देर रात शहरी सीमा में प्रवेश दिया गया। फोटो | संदीप जैन

**इंदौर** | मेट्रो के तीन कोच बुधवार देर रात इंदौर पहुंच गए। गुरुवार सुबह इन्हें गांधीनगर स्थित स्टेशन पर अनलोड किया जाएगा। एक हफ्ते पहले गुजरात के सांवली से 74 पहियों वाले तीन ट्रॉलों पर ये ट्रॉले रवाना हुए थे। बुधवार सुबह ये धार जिला पार कर चुके थे। दोपहर में शहरी सीमा में प्रवेश की अनुमति नहीं थी, इसलिए बाहर ही रोक दिया गया था। देर रात इन्हें गांधीनगर स्टेशन लाया गया। मेट्रो के अफसर सितंबर के पहले पखवाड़े में मेट्रो का ट्रायल करने का दावा कर रहे हैं। टीसीएस चौराहे वाले स्टेशन पर टीन शेड लगाने का काम शुरू हो गया है। यहां दो एस्केलेटर लग चुके हैं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 75 | Raj Express | Indore | 31.08.2023 | 05 | इंदौर पहुंचे मेट्रो के कोच आज उतरें | Positive |

### 15 सितम्बर को मुख्यमंत्री करेंगे ट्रायल रन की शुरुआत

# इंदौर पहुंचे मेट्रो के कोच आज उतरेंगे ट्रेक पर

**इंदौर ■ राज न्यूज नेटवर्क**

रक्षाबंधन के त्यौहार पर इंदौर में मेट्रो कोच लेकर आ रहे वाहनों का आगम्न हो गया। इंदौर की सीमा में पंहुचे ट्रेलरों को देर रात गांधीनगर डिपो पहुंचाया गया।

गुरूवार को इन्हें आधुनिक फोर पाइंट जेक मशीन से उतारा जाएगा। मेट्रो के ट्रायल रन के की औपचारिक शुरूआत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा 15 सिंतबर को की जाएगी। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार बुधवार देर रात कोच ले कर रहे वाहन गांधी नगर यार्ड पंहुच गए। अगले माह के पहले पखवाड़े में मेट्रो ट्रेन ट्रैक पर नजर आएगी। मेट्रो कोच का ट्रायल और लोकार्पण 15 सिंतबर को किया जाएगा। इसके लिए सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर रात-दिन बचे हुए कामों को पूरा करवाया जा रहा है। ट्रायल रन के लिए सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर के 5.5 किलोमीटर के सिंगल ट्रेक को गांधीनगर से टीसीएस चौराहे के बीच चलाया जाएगा। डिपो के लोडिंग अनलोडिंग बे का कार्य 100 प्रतिशत पुरा हो चुका है। गाँधी नगर डिपो के रैंप के आरसीसी



स्लैब कास्टिंग का कार्य भी 85 प्रतिशत पूरा हो चुका है। यार्ड में 25 ट्रेन रखने की क्षमता है।

14 सितम्बर 2019 को इंदौर मेट्रो के पहले चरण की आधार शिला रखी गई थी। इस बीच कोरोना काल के कारण देरी से चल रहे प्रोजेक्ट को बीते 2 साल में जमीन पर उतारा गया है। ऐसे में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पूर्व घोषणा के अनुसार 15 सितम्बर 2023 को इसके ट्रायल रन और लोकापर्ण करना उल्लेखनीय उपलब्धी होगी। जानकारी के अनुसार सूरत के सांवली से पुरी तक पैक हो कर आए इन कोच को अभी पुरा नही खोला जाएगा। जैसे की मेट्रो केपहले चरण का नाम यलो लाइन है इंदौर में चलने वाली की मेट्रो पीले कलर की होंगी। 2016 में परियोजना के पहले चरण के पहले हिस्से के करीब 5.3 किलोमीटर हिस्से का टैंडर जारी किया गया था। इसके बाद प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने इसका भूमिपूजन किया था। वही मार्च 2020 मे कोरोना काल के दौरान सारे निमार्ण पुरी तरह बंद रहने से पुरा प्रोजेक्ट देरी से चला।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 76 | Patrika | Indore | 31.08.2023 | 07 | धीमी गति से.. मेट्रो ट्रेन के तीन कोच ट्रालों में पहुंची इंदौर, सुबह रखे जाएंगे पटरी पर | Positive |

**गुड न्यूज :** सितंबर के दूसरे या तीसरे सप्ताह में होगा ट्रायल रन, मुख्यमंत्री की मौजूदगी में इन्फोसिस के सामने मेट्रो स्टेशन पर होगा आयोजन

# धीमी गति से... मेट्रो ट्रेन के तीन कोच ट्रालों में पहुंचे इंदौर, सुबह रखे जाएंगे पटरी पर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. मेट्रो में सफर के लिए इंतजार की घड़ियां जल्द समाप्त होने वाली हैं। इसके कोच इंदौर आ गए हैं। सितंबर के दूसरे या तीसरे सप्ताह में गांधी नगर से इन्फोसिस के सामने स्थित मेट्रो स्टेशन (5.5 किमी) के ट्रैक पर मुख्यमंत्री की मौजूदगी में ट्रायल रन होगी।

बुधवार को 70 से अधिक चक्के वाले अलग-अलग ट्रालों में तीन कोच इंदौर सीमा में आ गए। सावधानी से उन्हें लेकर आना पड़ता है, इसलिए ट्रालों की गति 10 से 20 किलोमीटर प्रतिघंटा रही। देर रात वे गांधी नगर पहुंचे। सुबह 9 बजे गांधी नगर स्थित ट्रैक पर उन्हें अनलोड किया जाएगा। एक कोच को पटरी पर लाने में करीब डेढ़ घंटा लगेगा। कोच की विशेषता ये है कि उसमें ही इंजन भी है। ट्रायल रन के बाद आम जनता उसमें सफर नहीं कर पाएगी। ट्रायल रन के बाद ट्रेन सेफ्टी कमिश्नर व उनकी टीम ट्रेन का जायजा लेगी। वहां से हरी झंडी मिलने के बाद ट्रेन को जनता के लिए चलाया जाएगा।

### तेजी से चल रहा पटरी बिछाने का काम

गौरतलब है कि सुपर कॉरिडोर से रिंग रोड स्थित शहीद पार्क के सामने तक पटरी बिछाने का काम तेजी से चल रहा है। दूसरा चरण शहीद पार्क से ट्रेजर आइलैंड के सामने का तो तीसरा चरण अंडर ग्राउंड बड़ा गणपति तक रहेगा। योजना अनुसार 2024 तक शहीद पार्क तक ट्रेन चलाई जाएगी और 2026 में सर्कल में मेट्रो दौड़ने लगेगी।



### घूमकर आने में लगा समय

मेट्रो के कोच जिन ट्रालों में आ रहे हैं, वह काफी लंबा है। इसे मोड़ना आसान नहीं है। इसके चलते वडोदरा से आने वाले ये कोच झाबुआ होकर आने के बजाय उदयपुर होते हुए आए, इसलिए इनमें ज्यादा समय लगा। ट्रालों से पटरी पर पहुंचाने के लिए विशेष क्रेन बुलाई गई है, क्योंकि एक कोच का वजन 60 टन के करीब है।